राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 अगले 30 वर्षों में 30 ट्रिलियन...

रोहित शर्मा को टी20 की कप्तानी से... 11

वर्ष : 13 | अंक : 42 | नई दिल्ली, मंगलवार, 28 जून 2022 | ज्येष्ठ, अमावस्या , विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## मौसम

अधिकतम तापमान 41.0°C

न्यूनतम तापमान 32.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज भी गर्मी अपना पूरा प्रकोप दिखाएगी साथ ही लू भी चलने के आसार हैं।

## पोल

क्या सुप्रीम कोर्ट का फैसला उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,755 |
| चांदी | 60,300 |
| सेंसेक्स | 53,161 |
| निफ्टी | 15,832 |

# दुनिया के शीर्ष 7 आर्थिक महाशक्तियों के सम्मेलन में बढ़ा भारत का कद

बर्लिन, एजेंसी



**सम्मान**

- जिस अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात करने के लिए दुनियाभर के मुल्कों के राष्ट्राध्यक्ष महीनों का इंतजार करते हैं, वे खुद चलकर प्रधानमंत्री मोदी के पास आए और हाथ मिलाने को बेचैन दिखे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों जी7 की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी के दौरे पर हैं। इस दौरान भारत के बढ़ते कद का एक शानदार नजारा देखने को मिला। जिस अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात करने के लिए दुनियाभर के मुल्कों के राष्ट्राध्यक्ष महीनों का इंतजार करते हैं, वे पीएम मोदी से हाथ मिलाने खुद दौड़े आएं। पीएम मोदी जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो से बात कर रहे थे, इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन उनसे मिलने के लिए खुद चलकर आए। इस दौरान बाइडेन के रास्ते में कई राजनेता दिखे, लेकिन वे सीधे पीएम मोदी की तरफ ही बढ़ते रहे। उन्होंने पीएम मोदी के कंधे पर पीछे से हाथ रखकर अपनी मौजूदगी का अहसास कराया, जिसके बाद दोनों नेताओं ने हाथ मिलाकर एक दूसरे का अभिवादन किया।

**भारत का बढ़ता वैश्विक कद**

दुनिया के शीर्ष 7 आर्थिक महाशक्तियों के सम्मेलन में जो बाइडेन के इस ऐक्शन पर जमकर चर्चा हो रही है। लोगों का मानना है कि यह भारत के बढ़ते वैश्विक कद का प्रतीक है। भारत ने रूस-यूक्रेन संकट, कोविड महामारी और दूसरे मसलों में जैसी कूटनीति की है, उसका अमेरिका भी कायल है। यही कारण है कि जो बाइडेन पीएम मोदी को इतना महत्व देते नजर आ रहे हैं। वहीं पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अपने कार्यकाल के दौरान बाइडेन से एक मिनट फोन पर बात करने के लिए मिन्नते करते करते थक गए, लेकिन उन्हें अमेरिका ने भाव तक नहीं दिया।

**कूटनीति का जबरदस्त असर**

यूक्रेन पर रूस के हमले के दौरान जब पूरी दुनिया अलग-अलग ध्रुवों की तरफ खुलकर आ रही थी, उस दौरान भारत ने संतुलन को बनाए रखा।

# सत्ता संघर्ष : शिंदे गुट को 'सुप्रीम' राहत

## अयोग्य ठहराए जाने वाले नोटिस पर लगी 11 जुलाई तक रोक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**सियासी जंग**

- बागी विधायकों और उनकी फैमिली को सुरक्षा देने के निर्देश
- शीर्ष अदालत के फैसले के बाद महाराष्ट्र में हलचल तेज
- एकनाथ शिंदे गुट व भाजपा मिलकर सकती है फ्लोर टेस्ट की मांग

महाराष्ट्र की सियासी लड़ाई ने सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को अलग रंग ले लिया। सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे गुट को बड़ी राहत देते हुए अयोग्य ठहराए जाने वाले नोटिस पर जवाब देने के लिए 11 जुलाई शाम 5.30 बजे तक का समय दिया है। वहीं डिप्टी स्पीकर ने विधायकों को आज तक का ही समय दिया था। इस तरह शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने पर फिलहाल रोक लग गई है। महाराष्ट्र में तेजी से घटनाक्रम बदल रहा है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त दिख रही है। वहीं कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट पर रोक नहीं लगाई है। ऐसे में माना जा रहा है कि राज्यपाल से मिलकर भाजपा फ्लोर टेस्ट की मांग कर सकती है। वहीं शिंदे गुट भी जल्द गुवाहाटी छोड़कर चौपाटी आ सकता है। राज्यपाल कोश्यारी स्वतः संज्ञान लेते हुए खुद भी उद्धव सरकार को फ्लोर टेस्ट के लिए कह सकते हैं।

**खुद ही जज कैसे बन गए डिप्टी स्पीकर**

सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों की याचिका पर डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल को नोटिस थमाया दिया. उनसे पूछा गया कि जब बागी विधायकों ने उनके खिलाफ अविश्वास का नोटिस दिया था, तो उसे डिप्टी स्पीकर ने बिना सदन में रखे कैसे खारिज कर दिया? मतलब वह अपने खिलाफ आए नोटिस में खुद ही जज कैसे बन गए?

**विधायकों की सुरक्षा का कोर्ट ने दिया निर्देश**

एकनाथ शिंदे की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने डिप्टी स्पीकर समेत महाराष्ट्र विधानसभा के सचिव, केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया है। विधायकों की तरफ से जान की धमकी मिलने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार विधायकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और ऐसे कदम उठाए कि उनकी संपत्ति को भी नुकसान न पहुंचे।

**कोर्ट ने डिप्टी स्पीकर कार्यालय के दस्तावेज मांगे**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विधानसभा के सक्षम अधिकारी से जवाब मांगा जाएगा कि उन्हें अपने खिलाफ प्रस्ताव मिला था या नहीं? सख्त लहजे में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या डिप्टी स्पीकर अपने ही मामले में जज बन गए हैं और प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डिप्टी स्पीकर कार्यालय के सभी रेकॉर्ड देखे जाएंगे।

**भाजपा के क्या हैं समीकरण**

भाजपा अगर राज्यपाल से फ्लोर टेस्ट की मांग करती है और अनुमति मिलती है तो इस समय पार्टी मजबूत स्थिति में है। भाजपा के पास अभी 106 विधायक हैं। ऐसे में अब भी पार्टी मुख्य विपक्षी पार्टी है। अगर शिंदे गुट भाजपा के साथ मिलता है तो आसानी से विधानसभा में बहुमत साबित हो जाएगा और सरकार बन जाएगी। वर्तमान स्थिति की बात करें तो सरकार के साथ अभी एनसीपी के 53, शिवसेना के 17 और कांग्रेस के 44 विधायक हैं। सरकार के खिलाफ संख्याबल ज्यादा दिखायी दे रहा है। निर्दलीय विधायकों को भी मिला लें तो यह संख्या भाजपा के 106, शिंदे के 38 और अन्य 20 विधायक मिलाकर 164 हो जाएगी।

**उद्धव सरकार पर क्या असर होगा?**

11 जुलाई तक उद्धव सरकार के ऊपर से फिलहाल खतरा टल गया है। सुनवाई तक सरकार की कोशिश होगी कि बागी विधायकों को मनाया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोमवार को 9 मंत्रियों के विभाग छीने गए हैं। इस पूरे मामले में सबसे दिलचस्प बात यह है कि उद्धव सरकार बागी मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बर्खास्त नहीं कर रही।

# भारत ने चीन-पाक के मंसूबों पर फेरा पानी!

बीजिंग, एजेंसी



**जानकारी**

- ब्रिक्स बैठक में चाहकर भी पाक को नहीं बुला पाया ड्रैगन, इस्लामाबाद को होना पड़ा अपमानित

ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक में हिस्सा लेने की इच्छा रखने वाले पाकिस्तान को दोस्त चीन से बड़ा झटका लगा है। चीन चाहकर भी पाकिस्तान को इस बैठक में नहीं बुला सका। पाकिस्तान ने भारत का नाम लिए बिना स्वीकार किया है कि ब्रिक्स में शामिल एक देश ने पाकिस्तान को न्योता दिए जाने के प्रस्ताव को रोक दिया। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक भारत ने पाकिस्तान को बुलाने का विरोध किया जिससे मजबूरन चीन को अपने कदम पीछे खींचने पड़े। दरअसल, चीन की ओर से 24 जून को ब्रिक्स देशों की वैश्विक विकास पर एक वर्चुअली उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई थी। इसमें कई देशों को चीन की ओर से न्योता दिया गया जिसमें पाकिस्तान भी शामिल था। हालांकि भारत के विरोध के बाद पाकिस्तान को बैठक में भाग लेने का मौका नहीं मिल पाया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एक ब्रिक्स देश ने उनके आमंत्रण का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चीन के साथ मिलकर द्विपक्षीय रिश्तों और सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**'पाकिस्तान के भागीदारी को कर दिया ब्लॉक'**

पाकिस्तान ने कहा, 'दुखद है कि एक ब्रिक्स सदस्य ने पाकिस्तान के भागीदारी को ब्लॉक कर दिया।' पाकिस्तानी मीडिया ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान की भागीदारी का विरोध किया और ब्लॉक कर दिया। इस अपमान से भड़के पाकिस्तान ने कहा कि हम आशा करते हैं कि भविष्य में होने वाली भागीदारी समावेशिता के सिद्धांत पर आधारित होगी और पूरी दुनिया के विकास को ध्यान में रखकर की जाएगी। साथ ही संकीर्ण भूराजनीतिक मान्यताओं से मुक्त होगी। पाकिस्तान ने दावा किया कि चीन के साथ मिलकर वह वैश्विक शांति, साझा समृद्धि और समान विकास का समर्थन करता है। बयान में कहा गया है, 'पाकिस्तान और चीन सदाबहार रणनीतिक भागीदार हैं और हमारा फौलादी भाईचारा तोड़ा नहीं जा सकता है।' पाकिस्तान को भारत की ओर से यह झटका ऐसे समय पर लगा है जब चीन ने पाकिस्तानी आतंकी अब्दुल रहमान मक्की को संयुक्त राष्ट्र में आतंकी घोषित किए जाने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को रोक दिया था।

## मुठभेड़ दो आतंकी ढेर

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर प्रदेश में पहले से ही तमाम सुरक्षाबल और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। ऐसे में कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों को जैसे ही आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलती है तो वे तुरंत उनका खात्मा करने के लिए निकल पड़ते हैं। ऐसे ही एक घटनाक्रम में कुलगाम में आतंकियों की तलाश करते समय शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अभी तक दो आतंकियों को मार गिराया है। इलाके में और आतंकियों की मौजूदगी की आशंका के चलते सुरक्षाबलों ने सर्च आपरेशन चलाया हुआ है। मारे गए दोनों आतंकियों की अभी पहचान तो नहीं हो पाई परंतु ये दोनों लश्कर से संबंधित बताए जा रहे हैं। सोमवार दोपहर बाद पुलिस और सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ संयुक्त तलाशी अभियान शुरू कर दिया। कुलगाम के नवपोरा-खेरपोरा के बीचोबीच स्थित तरुबजी इलाके में आतंकी छिपे थे।

## अयोध्या के कैंट इलाके में मिले 18 हैंड ग्रेनेड, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

अयोध्या, प्रात : किरण संवाददाता

- बड़ी मात्रा में हैंड ग्रेनेड मिलने से प्रशासन के हाथ-पैर फूले

अयोध्या में सोमवार दोपहर कैंट इलाके में एक दर्जन से ज्यादा हैंड ग्रेनेड मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। इतनी बड़ी मात्रा में लावारिस हैंड ग्रेनेड मिलने की खबर से सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट हो गई है। जानकारी के मुताबिक हैंड ग्रेनेड मिलने की खबर मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई है और इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। जानकारी के मुताबिक सुरक्षा एजेंसियों को कुल 18 हैंड ग्रेनेड लावारिस हालत में मिले थे जिन्हें नष्ट कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि ये हैंड ग्रेनेड निर्मलीकुंड में सड़क किनारे झाड़ियों में मिले थे। ये इलाका सेना की फायरिंग रेंज से कुछ ही दूरी पर मौजूद है। वहां रहने वाले कुछ लोगों को झाड़ियों में ये बम मिले जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस से सूचना पाकर मिलिट्री इंटेलिजेंस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लावारिस हैंड ग्रेनेड को अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि इन में ना तो फ्यूज थे ना ही पिन लगी हुई थी। कहा जा रहा है ये वो हैंड ग्रेनेड हैं जो सैन्य अभ्यास के दौरान दगे नहीं और वहीं पड़े रह गए। हालांकि इस दावे से एक और सवाल खड़ा होता है और वो ये कि फायरिंग रेंज से ये हैंड ग्रेनेड ढाई किलोमीटर दूर झाड़ियों तक कैसे पहुंचे? निर्मलीकुंड एक रिहायशी इलाका है और वहां ग्रेनेड पहुंचने की कोई संभावना ही नहीं है। निर्मलीकुंड हाई अलर्ट वाला इलाका है।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को नहीं मिल रहा कोई वकील

**नई दिल्ली।** जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पिता ने गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में अपने बेटे के ट्रांजिट रिमांड सहित विभिन्न आदेशों को चुनौती देते हुए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया तथा शिकायत की कि पंजाब में वकील उनके बेटे का बहिष्कार कर रहे हैं और उसका मुकदमा लड़ने के इच्छुक नहीं हैं। बिश्वोई के पिता की ओर से पेश एडवोकेट संग्राम सिंह सरोन ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जे. बी. परदीवाला की खंडपीठ को अवगत कराया कि उन्होंने दिल्ली की एक अदालत के ट्रांजिट रिमांड आदेश को चुनौती दी है, लेकिन पंजाब की मानसा अदालत में कोई भी वकील बिश्नोई का मुकदमा नहीं लड़ना चाहता। उन्होंने कहा कि बिश्नोई ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को भी चुनौती दी है लेकिन उनकी ओर से कोई वकील खड़ा नहीं होना चाहता है।

## संक्षिप्त खबर

### सांसद महेश शर्मा के नाम से साइबर ठगी

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा के नाम से वॉट्सऐप और बिजनेस ग्रुप बनाकर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सांसद के प्रतिनिधि संजय बाली ने सेक्टर-20 थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। इसमें कहा गया है कि अज्ञात साइबर ठग भाजपा नेता की फोटो लगाकर फर्जी वॉट्सऐप चला रहे हैं और व्यवसायिक ग्रुप बना रखे हैं। आरोप है कि ये लोग डॉ महेश शर्मा के नाम के फोटो आदि का प्रयोग करके वॉट्सऐप के माध्यम से लोगों से संपर्क करते हैं और उन्हें प्रभावित कर उनसे पैसे वसूलते हैं। सांसद महेश शर्मा ने कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि साइबर ठग उनकी फोटो, पद और प्रतिष्ठा का फायदा उठाकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से ठगी कर रहे हैं।

### वायु अग्निवीरों के लिए तीन दिन में 97 हजार आवेदन

नई दिल्ली। सेनाओं में जवानों की भर्ती की नयी योजना अग्निपथ के देशव्यापी विरोध के बीच वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए तीन दिन में करीब 97 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। वायु सेना ने 24 जून को भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किया था। वायु सेना के अनुसार 26 जून तक यानी तीन दिन में कुल 56 हजार 960 युवा भर्ती के लिए पंजीकरण कर चुके थे।

### सेना के जवान ने की दो साथियों की गोली मारकर हत्या

पठानकोट। पंजाब के मूरथल स्थित सेना के कैंप में सोमवार को एक जवान ने अपने दो साथियों की गोली मार कर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी जवान मौके से फरार हो गया। घटना के बाद सैना शिविर में भगदड़ मच गई। फिलहाल इस घटना के पीछे के कारणों का पता नहीं लग सका है।

### सचिन पायलट का सीएम गहलोत पर पलटवार

जयपुर। सचिन पायलट ने सोमवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में अग्निपथ के विरोध में आयोजित सत्याग्रह को संबोधित करने के बाद मीडिया के सवालों पर जवाब देते हुए कि कहा कि मैं मानता हूं कि राहुल गांधी जैसे नेता ने मेरे धैर्य को इतना एप्रीशिएट किया। इसको राइट स्पिरिट में लेना चाहिए। पायलट ने आगे कहा कि राहुल गांधी के इस बयान को किसी को भी अनावश्यक रूप से नहीं लेना चाहिए। वहीं, इशारों-इशारों में पलटवार करते हुए कहा कि सीएम गहलोत ने मेरे बारे बहुत कुछ कहा है, लेकिन मैंने कोई जवाब नहीं दिया है। इस दौरान गहलोत सरकार गिराने को लेकर सीएम गहलोत और उसके बाद मंत्री शांति धारीवाल के बयान पर पायलट ने कहा कि आज से पहले भी मुख्यमंत्री ने मेरे बारे में नाकारा, निकम्मा जैसी बातें कही थीं। लेकिन वो बोल देते हैं तो मैं अदरवाइज नहीं लेता।

# सोनिया गांधी के निजी सचिव पर बलात्कार का आरोप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

**आरोप**

- पति की मौत के बाद मांगी थी मदद, नौकरी के नाम पर किया दुष्कर्म

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निजी सचिव पर रेप का आरोप लगा है। दिल्ली के उत्तम नगर थाने में एक दलित महिला ने सोनिया के निजी सचिव पीपी माधवन के खिलाफ नौकरी और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज करवाया है। 26 जून को दिल्ली के उत्तम नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला ने प्राथमिकी में बताया कि उसका पति कांग्रेस कार्यालय में होर्डिंग लगाने का काम करता था। दो साल पहले उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद उसने नौकरी के लिए पीपी माधवन से संपर्क किया। माधवन से उसकी कई बार बातचीत हुई। प्राथमिकी के मुताबिक, 21 जनवरी 2022 को माधवन ने पहली बार महिला को अपने घर पर बुलाया था। इसके बाद माधवन ने उसे बताया कि उनका अपनी पत्नी से तलाक हो चुका है। महिला की कई बार माधवन से मुलाकात हुई। इस दौरान कई बार महिला ने अपने साथ जबरदस्ती की बात कही है। उत्तम नगर थाने में महिला की शिकायत पर माधवन के खिलाफ धारा 376, 506 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

**महिला को जानते हैं, पर आरोप गलत : माधवन**

महिला का आरोप है कि माधवन ने नौकरी और शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया। वहीं, आरोपों पर माधवन ने कहा कि वो महिला को जानते हैं, लेकिन आरोप गलत हैं।

# सीबीडीटी के नए चेयरमैन बने नितिन गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी नितिन गुप्ता को सीबीडीटी का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। गुप्ता इनकम टैक्स कैडर के 1986 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। वे बोर्ड में सदस्य (जांच) के रूप में कार्यरत हैं और अगले साल सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इस संबंध में 25 जून को जारी आदेश में कहा गया, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने नितिन गुप्ता, आईआरएस, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के सदस्य को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमेन रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी है। जे बी महापात्रा के 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद सीबीडीटी प्रमुख का पद बोर्ड सदस्य और 1986 बैच की आईआरएस अधिकारी संगीता सिंह अतिरिक्त क्षमता में संभाल रही थीं। इससे पहले गुप्ता कॉम्पटीशन कमीशन आफ इंडिया के महानिदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नितिन गुप्ता फिलहाल सीबीडीटी में मेंबर (इंवेस्टीगेशन) के रूप में कार्यरत हैं और इन्होंने सितंबर 2021 में ये चार्ज संभाला था।

# विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए किया नामांकन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने नामांकन कर दिया है। इसे मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और एनसीपी के लीडर शरद पवार समेत कई विपक्षी नेता उनके साथ मौजूद थे। यही नहीं समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी और टीएमसी के सुधींद्र कुलकर्णी समेत कई अन्य विपक्षी नेता मौजूद थे। कांग्रेस के राज्यसभा में नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी इस मौके पर थे, जो राहुल गांधी के बगल में बैठे नजर आए। इसके अलावा आज सुबह ही यशवंत सिन्हा की उम्मीदवारी को समर्थन करने वाली तेलंगाना की सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के नेता भी पहुंचे थे। जम्मू कश्मीर से फारूक अब्दुल्ला भी इस मौके पर समर्थन जाहिर करने पहुंचे थे। यशवंत सिन्हा सत्ताधारी एनडीए गठबंधन की ओर से उतारी गईं द्रौपदी मुर्मू को चुनौती देंगे। हालांकि द्रौपदी मुर्मू की जीत काफी हद तक तय मानी जा रही है। इसकी वजह यह है कि एनडीए बहुमत के आंकड़े से थोड़ी ही दूर है, जबकि वाईएसआर कांग्रेस, बीजू जनता दल जैसी पार्टियों ने उनके समर्थन का ऐलान किया है। ऐसे में मुर्मू की जीत तय मानी जा रही है। विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर कई राउंड मंथन चला था और उसके बाद यशवंत सिन्हा के नाम पर मुहर लगी थी। हालांकि उन्हें लेकर मतभेद भी देखने को मिल रहे हैं और सीपीएम की बंगाल यूनिट ने उनके नाम का यह कहते हुए विरोध किया है कि वह भाजपा से जुड़े रहे हैं।

**धनशोधन** | पात्रा चाल के जमीन घोटाला मामले में शिवसेना सांसद पर1034 करोड़ के घोटाले का आरोप

# संजय राउत को ईडी का समन, आज होगी पूछताछ

**गिरफ्तार**

- मामले में ईडी पहले प्रवीण राउत नाम के कारोबारी को कर चुकी है गिरफ्तार



**मैं गुवाहाटी का रास्ता नहीं अपनाऊंगा: राउत**

- शिवसेना सांसद संजय राउत ने ईडी के समन को 'साजिश' करार देते हुए कहा कि भले उनकी हत्या कर दी जाए, लेकिन वह महाराष्ट्र के बागी विधायकों की तरह गुवाहाटी का रास्ता नहीं अपनाएंगे। दरअसल यह समन ऐसे समय में जारी किया गया है, जब शिवसेना अपने ही विधायकों के एक धड़े की बगावत से जूझ रही है। ये विधायक गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं। उनकी बगावत से महाराष्ट्र की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार का भविष्य सवालों के घेरे में आ गया है।

मुंबई, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शविसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के खास सपिहसालार सांसद संजय राउत को समन भेजा है। ईडी ने पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में संजय राउत को 28 जून, मंगलवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी की इस कार्रवाई पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने समन को 'साजिश' करार देते हुए कहा कि भले उनकी हत्या कर दी जाए, लेकिन वह महाराष्ट्र के बागी विधायकों की तरह गुवाहाटी का रास्ता नहीं अपनाएंगे। ईडी ने इससे पहले अप्रैल में शिवसेना नेता संजय राउत की संपत्ति अटैच की थी। दरअसल यह पूरा मामला 1,034 करोड़ के पात्र चॉल जमीन घोटाले से जुड़ा हुआ है। इस

**राउत पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार**

मामले में ईडी पहले प्रवीण राउत नाम के कारोबारी को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद से ही माना जा रहा था कि ईडी जल्द ही संजय राउत पर शिकंजा कस सकती है। ईडी ने अप्रैल में कार्रवाई के तहत संजय राउत का अलीबॉग प्लॉट और दादर में स्थित एक फ्लैट को अटैच किया था।

**1034 करोड़ के घोटाले का आरोप**

मुंबई के गोरेगांव इलाके में पात्रा चाल के जमीन घोटाला मामले में राउत पर लगभग 1034 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है। संजय राउत पर आरोप है कि इसी रकम से उन्होंने मुंबई के दादर इलाके में फ्लैट खरीदा था। राउत के सहयोगी प्रवीन राउत की 9 करोड़ रुपये और संजय राउत की पत्नी वर्षा की 2 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हो चुकी है। बता दें कि यह जमीन महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवेलपमेंट अथारिटी का है। प्रवीन राउत पर आरोप है कि उन्होंने पात्रा चॉल में रह रहे लोगों से फ्रॉड किया। गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन को पात्रा चॉल के 3000 फ्लैट को डेवलप करने का काम मिला था। इनमें से 672 फ्लैट यहां रहने वालों को देना था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मखदुमपुर।** टेहटा ओपी की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोहरा पंचायत के दाउदपुर गांव में छापेमारी कर पूर्व के मारपीट के केश में फरार दीपू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया के पूर्व के मारपीट के केस में फरार दीपू यादव की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर उसके गांव दाउदपुर से कर ली गई गिरफ्तार व्यक्ति का कोरोना जांच करा कर जेल भेजा गया है।

### बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जप्त

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाने की पुलिस ने इंदरपुर गांव के समीप से बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया के अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जा रहा था जो पुलिस गश्ती के वाहन को देख कर ट्रैक्टर चालक बालू लदा ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर थाने लाई है। अवैध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### 14 लीटर शराब किया बरामद

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुरसी गांव के मुसहरटोली में छापेमारी कर सुरेश मांझी के घर से 14 लीटर शराब बरामद किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया के गुप्त सूचना के आधार पर मुरसी गांव के मुसहरटोली में छापेमारी की गई, जिसमें 14 लीटर देसी शराब बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी घर छोड़कर फरार हो गया। वही कारोबारी के विरुद्ध मखदुमपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### किराना दुकान का शटर तोड़ दो लाख का सामान चोरी

**जहानाबाद।** भेलावर ओपी क्षेत्र के हाटी मोड़ पर स्थित मां शारदा किराना दुकान में बीती रात चोरों ने शटर तोड़कर करीब दो लाख के सामान की चोरी कर लिया। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार गौरव शर्मा ने बताया के रविवार की शाम रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा अहले सुबह फोन कर बताया गया की दुकान में चोरी हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही यहां आने पर देखा के लोहे के सरिये द्वारा शटर को किसी वाहन से खिंच कर उखाड़ा गया है। दुकान से लगभग दो लाख के सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है।

# सीएम नीतीश ने किया लालगंज के बलहा बसंता गंडक घाट पर कटाव निरोधक कार्य का निरीक्षण

## गंडक नदी के पश्चिमी छोर पर सिल्ट कटिंग कराने का दिया निर्देश

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को लालगंज प्रखंड के बलहा बसंता में गंडक नदी के किनारे कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि गंडक नदी के किनारे कटाव की शिकायत मिलने पर जल संसाधन विभाग से कटाव निरोधक कार्य कराया गया है, ताकि आसपास के गांवों को बाढ़ से बचाया जा सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गंडक नदी के किनारे कटाव निरोधक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने गंडक नदी के दूसरी तरफ सिल्ट जमा होने के कारण नदी की चौड़ाई कम होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नदी की चौड़ाई एवं गहराई को बढ़ाने के लिए नदी के दूसरे छोर पर सिल्ट कटिंग का कार्य कराएं ताकि नदी की चौड़ाई बढ़े और कटाव नहीं हो। उन्होंने कहा कि नदी के दूसरे छोर की चौड़ाई और गहराई को और बढ़ाएं, इससे तटबंध पर जल प्रवाह का दबाव कम होगा और तटबंध सुरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान आसपास के गांवों के लोगों को सजग एवं जागरूक रखें। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, वैशाली विधायक सिद्धार्थ पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा. एस सिद्धार्थ, जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक मनीष सहित कई अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने बलहा घाट पर तिरहुत तटबंध पर चल रहे कार्य निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को कहा कि पश्चिम दिशा से गंडक का पानी काफी तीव्र गति से बांध से सटे घाट से 90 डिग्री के कोण पर टकराता है। जिसके कारण पूर्व दिशा में कटाव ज्यादा होता है। मौजूदा बलहा घाट पर नदी की चौड़ाई कम है और उत्तर एवं दक्षिण में चौड़ाई ज्यादा है। उन्होंने इस मसले के हल के लिए गंडक के पश्चिमी घाट को काट कर चौड़ाई बढ़ाने की बात कही।

**निरीक्षण**
- नदी की चौड़ाई कम होने से पूर्वी तटबंध पर नहीं पड़ेंगे भारी दबाव

मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालक अभियंता माखन लाल गुप्ता, एसी नागेंद्र राय, चीफ इंजीनियर ओमप्रकाश सिंह, इंजीनियर चीफ शैलेंद्र, कार्यपालक अभियंता मोनेटरिंग संजय सिंह, एसडीओ लालगंज संतोष प्रभाकर, एसडीओ रेवा राजेश रंजन, जेई किशोर कुमार, भरत त्यागी, लालगंज बीडीओ पुलक कुमार आदि मौजूद थे।

# सीएसपी में फायरिंग कर 4.50 लाख की लूट




गोपालगंज, प्रात: किरण संवाददाता

जिले के महम्मदपुर थाने के बिलरपुर-बाला पुल के समीप सोमवार की दोपहर हथियारबंद अपराधियों ने स्टेट बैंक के सीएसपी से 4.50 लाख रुपये लूट ली. घटना के संबंध में बताया गया कि अजबीनगर पंचायत के मुखिया मदन राय की पत्नी माला देवी के नाम से वर्षों से सीएसपी चलता है। दोपहर करीब 1:30 बजे सीएसपी पर स्टाफ सूरज शर्मा बैठे थे।

इस बीच एक ही बाइक पर सवार तीन अपराधी सीएसपी के अंदर प्रवेश किए। अपराधियों ने सीएसपी में पहुंचते ही पहले सुरेश शर्मा की मोबाइल छीन ली। उसके बाद हथियार का भय दिखाकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने लैपटॉप भी उठा ली. सीएसपी संचालक ने बताया कि तीनों अपराधी मुंह बांधे हुए थे। लूटपाट के बाद वापस लौटने के दौरान दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की। जिससे आसपास के दुकानदार डर गए. तीनों अपराधी धर्म बारी की तरफ रवाना हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही महम्मदपुर के थानाध्यक्ष राजेश कुमार व बैकुंठपुर थानाध्यक्ष धनंजय राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों से जानकारी लेने के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना हो गयी। घटना को लेकर पुलिस टीम ताबडतोड कई जगहों पर छापेमारी कर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर जुटी हुई है।

# जहानाबाद: अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस ने किया सत्याग्रह

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार जिले के दो विधानसभा में अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को जिला समाहरणालय के समक्ष जिलाध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी की अध्यक्षता में सत्याग्रह हुआ। जिसमे प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त कार्यक्रम प्रभारी वरुण शर्मा उपस्थित हुए। सत्याग्रह में जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में कार्यक्रम प्रभारी वरूण शर्मा ने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं के साथ धोखा है और देश के सेना को कमजोर करने का इरादा है। इन्हे भी पेंशन पाने का अधिकार है। हमारे देश मे 14 लाख सैनिक है जो थल सेना जल सेना और वायु सेना मे कार्यरत हैं। केन्द्र सरकार कहती है की सेना मे बहाली लेने के बाद 25 प्रतिशत ही रेगुलर करेगें तो क्या सेना को कमजोर नही करेंगे तो क्या करेंगे। तीन साल से कोई वैकेंसी नही ली गई है। 69000 छात्र को फार्म भरवाकर उसे खत्म कर दिया गया। सत्याग्रह में प्रो भूषण कुमार सिंह, प्रो खलील अंसारी, रामजी प्रसाद, गौरीशंकर यादव, चन्द्रिका मंडल, बसीमूलहक रुसतम, राकेश शर्मा, आबीद मजीद ईराकी, सुरेश चौधरी, मो शफी, अशोक प्रियदर्शी, मनोज शर्मा, अभिनव कुमार सुमन, विकाश शर्मा, शशिकान्त शर्मा, सुरेन्द्र कुमार सिंह, शिवशंकर सिंह, नागेन्द्र चन्द्रवंशी, अंशु शर्मा, उमर आजाद, मेराज आलम, सरवर सलीम, चन्द्रेश कुमार भास्कर सहित कई लोग शामिल थे।

**विरोध**
- युवा विरोधी अग्निपथ योजना को वापस लें सरकार- वरूण
- कहा, मोदी सरकारयुवाओं के भविष्य के साथ कर रही है खिलवाड़

### भीड़ ने चोर को पीट-पीट कर किया अधमरा इलाज के दौरान मौत

**बिहटा।** रविवार की देर रात थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव में स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे तीन चोर में से एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पीटपीट कर अधमरा कर दिया। वही दो चोर भागने में सफल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने पंहुच अधमरा चोर को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर अपने कब्जे में लेते हुए इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी स्व दिनेश सिंह का पुत्र राहुल कुमार उर्फ मुखिया के रूप में की जा रही है। बताया जाता है कि बीते रात को बिहटा प्रखण्ड के कौड़िया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रिंकी देवी के घर में घुसकर दलान में खड़ी स्प्लेंडर बाइक को चुराकर भागने का प्रयास कर रहे थे। गाड़ी की आवाज सुनकर घर के सदस्य जाग गए और चोर चोर चिल्लाने लगे। चोर चोर की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने भाग रहे तीन चोर में एक चोर को खदेड़ कर पकड़ लिया और पीटते हुए अधमरा कर दिया।

# सफाई कर्मियों ने वेतन नहीं मिलने पर किया मौन प्रदर्शन



कुर्था, प्रात: किरण संवाददाता

कुर्था नगर पंचायत के दर्जनों सफाई कर्मी सोमवार को मौन प्रदर्शन किया इस मौके पर सफाई कर्मियों ने कहा कि हम लोग कुर्था नगर पंचायत में विगत कई माह से सफाई का कार्य कर रहे हैं लेकिन नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के मनमानी एवं गैर जिम्मेदाराना हरकत के वजह से हम लोगों को 3 माह से वेतन भुगतान को लंबित किया गया है जिसके वजह से हम लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है सफाई कर्मियों ने बताया कि इस मामले को लेकर हम लोगों से जब अरवल उप विकास आयुक्त ने मुलाकात की तो उन्होंने पुछा था कि वेतन मिल रहा है तो हमलोगों ने उनके सामने वेतन मिलने की बात कही थी क्योंकि अनुपमा कुमारी ने हमलोगों को उपविकास आयुक्त के सामने हां बोलने की बात कही थी अगर उनके सामने हा कहोगे तो दो तीन दिन के अंदर वेतन भुगतान कर दूंगी लेकिन वो अपने बात से पलट गई और हमलोगों को फोन भी नहीं उठा रही है। हमलोगों को खाने की लाले पड़े हैं बच्चों को सुई दवाई का भी पैसा नही है और ऊपर से जो दुकानदार से उधार सामान लिए थे वो भी पैसा मांग रहा है अब हमलोग डीएम मैडम से मिलकर शिकायत दर्ज कराएंगे की ऐसे पदाधिकारीयों पर कार्रवाई की जाए जो हमलोग गरीब को भूखे पेट सोने को मजबूर कर दिया है।

### कबीर महोत्सव संप्रदायिक सौहार्द मेला आज से प्रारंभ

**फतुहा।** दरियापुर स्थित फतुहा कबीर मठ में आजादी के अमृत महोत्सव में कबीर महोत्सव संप्रदायिक सौहार्द मेला का त्रिदिवसीय आयोजन कल से प्रारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर बिहार राज्य की उपमुख्यमंत्री रेनू देवी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय, जनता दल यू के उप नेता महेश्वर प्रसाद हजारी, अवतार सिंह हित प्रधान गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी पटना, सरदार इंद्रजीत सिंह महासचिव गुरुद्वारा प्रबंधन समिति सरदार महेंद्र पाल सिंह ढिल्लों पूर्व महासचिव गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, रत्नेश सदा सचेतक बिहार विधान सभा, अमृता भूषण प्रदेश महामंत्री भाजपा, सतीश कुमार पूर्व विधायक राघोपुर, अरुण कुमार यादव न्यास समिति कार्यकारी अध्यक्ष महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए कबीर मठ फतुहा के संरक्षक महंत बृजेश महाराज ने कहा की फतुहा कबीर मठ में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में संप्रदायिक सौहार्द मेला का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर सुबह प्रातः बीजक पाठ गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ का भी शुभारंभ कल से प्रारंभ होगा।

# ट्रैक्टर में सुराख बनाकर की जा रही थी राशन की चोरी

कुर्था, प्रात: किरण संवाददाता



प्रखंड क्षेत्र में बिहार राज्य खाद्य निगम से अनुबंधित डोर स्टेप डिलीवरी वाहन जिससे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न खाद्य आपूर्ति विक्रेताओं के यहां प्रतिमाह राशन की आपूर्ति कराई जा रही थी।

उसी वाहन में एक बड़े सुराग करके ट्रैक्टर के अंदर बॉक्स बनाकर डोर स्टेप डिलीवरी वाहन द्वारा प्रत्येक खेप में लगभग 40 से 50 किलो की राशन की चोरी की जा रही थी हालांकि जब यह मामला सुर्खियों में आया तो आनन-फानन में अरवल अपर समाहर्ता ज्योति कुमार ने बैठक के दौरान उक्त मामले की जांच के आदेश दी है इस बाबत जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत कुमार गोविंदा ने बताया कि डोर स्टेप डिलीवरी कि वाहन से की जा रही थी अनाज की चोरी को लेकर सोमवार के हुए बैठक के दौरान अरवल अपर समाहर्ता ज्योति कुमार ने जांच के आदेश दिए हैं उन्होंने कहा कि जांच उपरांत उक्त मामले में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात रहे कि डोर स्टेप डिलीवरी वाहन द्वारा सभी खाद्य आपूर्ति विक्रेताओं के यहां राशन पहुंचाया जा रहा था इस दौरान डोर स्टेप डिलीवरी वाहन में बड़ा सुराख बनाकर उसके अंदर बॉक्स के द्वारा प्रत्येक खेप में 40 से 50 किलो अनाज की चोरी हो रही थी जिसके बाद डीलर के अथक प्रयास के बाद डोर स्टेप डिलीवरी वाहन से अनाज की चोरी का खुलासा हुआ था।

### जदयू के नगर अध्यक्ष नेथामा राजद का दामन

**गोपालगंज।** राष्ट्रीय जनता दल के तत्वावधान में चल रहे समग्र सदस्यता अभियान के तहत राजद के कद्दावर नेता पूर्व एमएलसी प्रत्याशी दिलीप सिंह के नेतृत्व में भाजपा के पूर्व युवा नेता सह जदयू के गोपालगंज नगर अध्यक्ष अधिवक्ता ठाकुर पवन सिंह तमाम युवा साथियों के साथ आज राष्ट्रीय जनता दल में अपनी आस्था दिखाते हुए पार्टी की सदस्यता लिए। इनके साथ मुकेश यादव, मनीष सिंह,रवि सिंह, बृजेश यादव,नवीन कुमार,आदर्श कुमार,विशाल सिंह आदि युवा साथियों ने भी पार्टी की सदस्यता ली। दिलीप सिंह राजद के सदस्यता अभियान में काफी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं इनके नेतृत्व में जिले के हर छेत्र से समाज के हर वर्ग का झुकाव राजद की तरफ बढ़ा है खासकर युवाओं में इनके नेतृत्व में काम करने को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मौके पर युवा नेता बिट्टू कश्यप, मुन्ना मुस्कान, उपेन्द्र सिंह,दिनेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सचई पंचायत में 8 साल के बच्चे भी करते हैं मनरेगा का कार्य

कुर्था, प्रात: किरण संवाददाता

स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सचई पंचायत में 8 वर्ष के बच्चे भी मनरेगा योजना का कार्य करते हैं हालांकि इसकी खुलासा तब हुआ जब गांव के ही पंकज कुमार ने अरवल जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया था कि सचई पंचायत में रोजगार सेवक मंजय कुमार और डाटा ऑपरेटर जयकांत कुमार 18 साल से भी कम छात्र को जॉब कार्ड बनाकर पैसा डाला जा रहा है जिसका आयु 8 साल और 10 साल के हैं और कुछ व्यक्ति ऐसा भी है जो मेरे पंचायत का नहीं है और पैसा भेजा जा रहा है एक ही साल के अंदर दो बार काम करा दिया गया और कुछ योजना जल छाजन से कराया गया काम को मनरेगा से कराया गया हालांकि उक्त मामले को लेकर सचई पंचायत के फुलसाथर गांव निवासी पंकज कुमार के द्वारा दिए गए आवेदन के बाद उप विकास आयुक्त अरवल ने जांच के आदेश दिए हैं जिसमें निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन डीआरडीए अरवल जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा अरवल सहायक अभियंता मनरेगा अरवल की टीम बनाई गई है वहीं उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया है कि उपरोक्त वर्णित परिवार की जांच 1 सप्ताह के अंदर पूरा कर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें हालांकि 16 जून को निर्गत चिट्ठी के बाद भी अब तक किसी भी पदाधिकारियों ने इस मामले में जांच करने की जहमत नहीं उठाई है लोग कहीं ना कहीं उप विकास आयुक्त चिट्ठी को तवज्जो नहीं देना कहीं ना कहीं उनके आदेशों का अवहेलना भी है देखा जाए तो अधिकारी अपने वरीय अधिकारियों के आदेशों को भी अनसुना करते दिखाई दे रहे हैं।

### जिला लेखा प्रबंधक संतोष को पुष्पगुच्छ भेंट कर दी विदाई

**गया।** विगत 16 वर्षों से स्वास्थ समिति में कार्यरत जिला लेखा प्रबंधक संतोष कुमार को सोमवार को विदाई समारोह आयोजन कर विदाई दी गई। शहर के जेपीएन अस्पताल में आयोजित विदाई समारोह के उपरांत भाजपा क्रीडा मंच के अध्यक्ष सह वार्ड 13 के भावी पार्षद प्रत्याशी संतोष कुमार छोटे ने निवर्तमान जिला लेखा प्रबंधक संतोष कुमार को पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर विदाई दिया। विदाई समारोह के मौके पर संतोष कुमार छोटे ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि जिला लेखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत रहे संतोष कुमार ने जिस तरह से निष्ठा पूर्वक के साथ जिले में कार्य किया है उसी प्रकार शिवहर जिले में भी कार्य करने का काम करेंगे जिसके लिए हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि विगत 16 वर्षों के कार्यकाल में संतोष कुमार के द्वारा जिले में सभी कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एक भाईचारे एवं व्यवहारिक रूप से कार्य करने का काम किया है। यही कारण है कि आज उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मी भावुक हो गए हैं।

# बीपीएससी प्रश्नपत्र लीक की सीबीआई जांच जरूरी: कांग्रेस

गया, प्रात: किरण संवाददाता

- प्रश्नपत्र लीक होने से राज्य के छह लाख परीक्षार्थी का आर्थिक एवम मानसिक ह्रास हुआ

67वीं बीपीएससी ( पी टी) प्रश्नपत्र लीक के मुख्य आरोपी जदयू नेता रामशरण सिंह इवनिंग कॉलेज गया के प्राचार्य शक्ति कुमार के पकड़े जाने तथा इनके कॉलेज के संबंधन समाप्त होने के बाद भी गया के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्र बनाने के पुख्ता सबूत मिलने के बाद शक्ति कुमार, स्थानीय शिक्षा एवम्‌ प्रशासनिक अधिकारियों तथा जदयू नेताओ के गठजोड़ को उजागर करने हेतु इस मामले की सी बी आइ जांच नितांत आवश्यक है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व सांसद रंजीत सिंह उर्फ रंग बाबू, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम उदय प्रसाद,प्रो विश्वनाथ कुमार, डा अनिल कुमार सिन्हा, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, सैयद असरफ इमाम, डा अहमद हुसैन मक्की, श्रवण पासवान, विनोद उपाध्याय, सुजीत सिन्हा,संतोष कुमार विश्वास, आदि ने कहा की गया के डी ई ओ द्वारा अखिल किस दवाब में राम शरण सिंह इवनिंग कॉलेज गया में बि पी एस सी जैसे प्रतिष्ठित परीक्षा का केंद्र बनाया गया। नेताओं ने कहा की बि पी एस सी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने से राज्य के छह लाख परीक्षार्थी का आर्थिक एवम्‌ मानसिक ह्रास हुआ है, जिनकी संतुष्टि एवम्‌ आगे इस तरह के गलत काम की पूर्णवृति नही हो, इस मामले को देश के सबसे भरोसेमंद जांच एजेंसी सी बी आइ से जांच कराने हेतु राज्य सरकार अनुशंसा कर केंद्र को आवश्य भेजे।

# 'मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना' जिले के दो बच्चों ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने पर हृदय रोग को दी मात

लखीसराय, प्रात: किरण संवाददाता



हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए राज्य सरकार की मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना वरदान साबित हो रही है। उक्त योजना के तहत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को पूरी तरह निःशुल्क बेहतर और समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही और समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ इलाज शुरू होने से उक्त बीमारी से पीड़ित बच्चे बीमारी को मात भी दे रहे हैं।

हाल में जिले के दो बच्चों ने बेहतर और समुचित स्वास्थ्य सुविधा की बदौलत हृदय रोग को मात दी है। जबकि, इससे पूर्व भी कई बच्चे का सफल इलाज किया जा चुका है। यह सबकुछ सरकार की मजबूत और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की बदौलत ही संभव हुआ। वहीं, सरकार द्वारा लाई गई उक्त योजना को सार्थक रूप देने के लिए जिले की आरबीएसके टीम की पहल पर जिले के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का पूरी तरह निःशुल्क इलाज कराया जा रहा है। जिसका सार्थक परिणाम यह है कि समुचित इलाज और स्वस्थ होने की उम्मीद छोड़ चुके पीड़ित बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हो रहे और बच्चों को नई स्वस्थ जिंदगी जीने का अवसर मिल रहा है ।

ऐसे पीड़ित बच्चों को जिले की आरबीएसके टीम द्वारा स्क्रीनिंग कर चिह्नित किया जा रहा और आवश्यकता के अनुसार समुचित इलाज के लिए पटना या अहमदाबाद भेजा जा रहा है। जहाँ बच्चों का सरकारी स्तर से निःशुल्क समुचित इलाज हो रहा है। सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र चौधरी ने बताया, समय पर इलाज शुरू होने से एकबार फिर जिले के दो बच्चे हृदय रोग को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। जिसमें रामगढ़ चौक प्रखंड के बरहरा निवासी कुंदन रजक का 05 वर्षीय पुत्र पियुष कुमार एवं आगत हलसी निवासी सोनू चौहान की 03 वर्षीया पुत्री सोनम कुमारी शामिल हैं । दोनों का अहमदाबाद में समुचित इलाज हुआ। जिसके बाद दोनों पूरी तरह स्वस्थ होकर वहाँ से अपने घर लौट चुके हैं। वहीं, उन्होंने बताया, इससे पूर्व भी जिले के विभिन्न प्रखंडों के कई बच्चे का सफल इलाज हो चुका है। आरबीएसके टीम के जिला कंसल्टेंट डॉ शिवशंकर कुमार ने बताया, हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को स्थाई निजात के लिए समय पर इलाज शुरू कराना जरूरी है। अन्यथा, परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, उन्होंने बताया, जिन बच्चों के होठ कटे हैं, उसका 03 सप्ताह से 03 माह के अंदर, जिसके तालु में छेद (सुराग) है, उसका 06 से 18 माह एवं जिसका पैर टेढ़े-मेढ़े हैं उसका 02 सप्ताह से 02 माह के अंदर शत-प्रतिशत सफल इलाज संभव है। इसलिए, जो उक्त बीमारी से पीड़ित बच्चे हैं, उसका अभिभावक अपने बच्चों का आरबीएसके टीम के सहयोग से समय पर मुफ्त इलाज शुरू करा सकते हैं।

- आरबीएसके टीम के सहयोग से समय पर शुरू हुआ जरूरी इलाज, अब दोनों बच्चे पूरी तरह हैं स्वस्थ

### बाईक से भरी शराब छोड़कर तस्कर फरार

**गुरुआ।** गुरुआ कमाईन मुख्य मार्ग पथ के नामनगर के पास शराब तस्कर अपनी दो पहिया वाहन के डिक्की में शराब से भरी बाईक को छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है की शराब कारोबारी शेरघाटी की ओर से शराब लेकर अपने दो पहिया वाहन से आ रहा था,तभी उनकी नजर मीडिया के गाड़ी पर पड़ी जिसे देखकर वह तेजी से अपनी वाहन भागने लगा।तभी तेज भागने के चक्कर में उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई। जिस कारण से वह सड़क किनारे गड़े में चले गए।घटना के बाद जब पास के लोगो को अपने ओर आते देखा तो उन्होंने अपनी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वाहन में शराब की थैली भरी हुई थी,जिसे पद के लोगो ने पुलिस के आने के पहले लूट ली। बाद में इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर उक्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई है। थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया पुलिस इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर शराब कारोबार को चिन्हित कर रही है।

# फारबिसगंज में रेल सम्पर्क निर्माण समिति ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

फारबिसगंज, प्रात: किरण संवाददाता



फारबिसगंज-खवासपुर रेल सम्पर्क निर्माण समिति की एक बैठक प्रस्तावित रेल मार्ग के अंतर्गत पड़ने वाले पंचायतों के मुखिया, मुखिया प्रतिनिधी, वार्ड सदस्यगण, पंचायत सदस्यों के साथ संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ हुई अहम बैठक में इस आंदोलन के अगले चरण को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ।

वही, इस बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष राकेश रौशन के द्वारा गई जबकि बैठक का संचालन अजातशत्रु अग्रवाल ने किया।अजातशत्रु अग्रवाल ने विशेष रूप से उपस्थित जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में अब तक किए गए प्रयास एवं कार्यों की जानकारी दी। बैठक में मौजूद रमई के मुखिया नियामत अली, खवासपुर मुखिया प्रतिनिधि ब्रह्मानन्द विश्वास, तिरसकुंड पंचायत मुखिया प्रतिनिधि उदयानंद मंडल, अमहरा मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश चौधरी, खैरखाँ मुखिया प्रदीप मंडल, खवासपुर के पूर्व मुखिया कुमारनाथ झा आदि ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए अपनी पूर्ण सहमति एवं सहयोग देने की बात कहते हुए समिति के प्रति आभार जताया। बैठक में सर्वसम्मति से कुमारनाथ झा को पंचायत जनप्रतिनिधियों के समनवयक बनाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के अगले चरण में आगामी 10 जुलाई रविवार को फारबिसगंज स्टेशन परिसर में प्रातः 11 बजे से अपराहन 2 बजे तक शांतिपूर्ण धरना का कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय हुआ जिसमें पूर्वी क्षेत्र के सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के अलावा जागरुक नागरिकों की भागीदारी तो होगी ही साथ ही साथ फारबिसगंज शहर के विभिन्न व्यवसायिक संगठन, सेवी संस्थाएँ, राजनीतिक दलों, समाजसेवी संस्था एवं सामाजिक मंचों की भी भागीदारी होगी।

उपाध्यक्ष पंकज रंजीत ने सभा में बताया कि इस रेल सम्पर्क को लेकर उनके विराटनगर-नेपाल के मोरंग व्यापार संघ तथा नेपाल उद्योग परिसंघ तथा नेपाल के पर्यटन मंत्री से बात हो गई है एवं उनलोगों ने भी भारत के प्रधानमंत्री, रेलमंत्री तथा रेलवे बोर्ड के चेयरमेन को इस आशय का पत्र दूतावास के माध्यम से देने की बात कही।

## संक्षिप्त खबरें

### मानवाधिकार पर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस सप्ताह दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे। इसमें शिक्षाविद, न्यायविद और अन्य विद्वान शामिल होंगे। भारतीय संस्कृति तथा दर्शन में मानवाधिकार से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक बयान में कहा कि वह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के साथ 30 जून और एक जुलाई को सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसका एक उद्देश्य मानवाधिकारों के अध्ययन में बढ़े अंतरालों को पाटना है। विदेश मंत्री एस जयशंकर सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह समारोह यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में आयोजित किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को सिखाया जाएगा कौशल

नई दिल्ली। सीबीएसई, यूनीसेफ और जेनरेशन अनलिमिटेड (युवा) स्कूली विद्यार्थियों के लिए 21 वीं सदी के कौशल को सुलभ बनाने की खातिर मिलकर कोशिश कर रहे हैं। युवा किशोरों और नवयुवकों को निजी क्षेत्र, सरकारों, अंतरराष्ट्रीय व स्थानीय संगठनों के साथ जोड़ने का एक मंच है। इसका उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को सक्रिय या क्रियाशील नागरिक में तब्दील किया जा सके। इस कार्य में यूनीसेफ सहयोग कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि सहयोग के क्षेत्रों और उनके अंतर्गत अहम बिंदुओं पर परस्पर सहमति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### 'आप' को मात नहीं दे पा रही भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली की राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में जीत हासिल कर आम आदमी पार्टी ने राजधानी में अपना किला बचाए रखा। इस सीट पर तीसरी बार आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की है। उपचुनाव में हार ने भाजपा की चुनावी रणनीति पर सवाल खड़े किए हैं, तो कांग्रेस दिल्ली की सियासत में लगातार कमजोर हो रही है। राजेंद्र नगर उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की चुनावी रणनीति सफल रही। आप ने आक्रामक चुनाव प्रचार किया। पार्टी प्रत्याशी और मंत्रियों के साथ खुद पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने मोर्चा संभाला। मुख्यमंत्री ने राजेंद्रनगर में लगातार रोड शो किए। आप ने मुख्यमंत्री के चेहरे और दिल्ली में अपने काम के नाम पर वोट मांगा। यही नहीं, बूथ मैनेजमेंट में भी आप अन्य दलों पर भारी पड़ी। बूथस्तर पर आप कार्यकर्ताओं को लगाया गया। माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए पार्टी अपने वोटरों को बूथ पर लेकर गई भाजपा की रणनीति पर सवाल : उपचुनाव में हार से भाजपा की रणनीति पर सवाल उठ रहे हैं। भाजपा चुनाव के दौरान स्थानीय मुद्दों की जगह मुख्यमंत्री को घेरने के प्रयास में लगी रही, लेकिन यह सफल नहीं हुआ।

### लोगों का जीवन बचाने के लिए समय-समय पर रक्तदान करना जरूरी है-आदेश गुप्ता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आज प्रदेश कार्यालय में श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पखवाड़े के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर में दिल्ली के सभी जिलों से युवा मोर्चे के पदाधिकारियों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने रक्तदान करने वालों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और युवाओं की हौसला अफजाई की। इस रक्तदान शिविर में 262 यूनिट रक्त भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दिया। इस मौके पर सांसद श्री मनोज तिवारी एवं श्री रमेश बिधूड़ी, प्रदेश महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा एवं श्री दिनेश प्रताप सिंह, युवा मोर्चा के प्रभारी और प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विष्णु मित्तल, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी एवं श्री सुनील यादव, जम्मू कश्मीर के सह-प्रभारी श्री आशीष सूद, प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया प्रमुख डॉ. रोहित उपाध्याय, मोर्चा अध्यक्ष श्री वासु रुखड़, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्री हुकम सिंह, मोर्चा सह-प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री श्री गौरव खारी, प्रदेश प्रवक्ता श्री तजिंदर पाल सिंह बग्गा, मोर्चा महामंत्री श्री संदीप सहरावत, श्री सागर त्यागी एवं श्री सुमित यादव सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। श्री आदेश गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि रक्तदान महादान कहलाता है और भाजपा पूरे साल यह कार्यक्रम कई बार आयोजित करती है। इसलिए समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए जिससे कईयों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

# दिल्ली की 17 सड़कों का जीर्णोद्धार करवाएगी केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की सड़कों को बेहतर बनाने की श्रृंखला में केजरीवाल सरकार तेजी से काम कर रही है दिल्ली के लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें जाम से न जूझना पड़े इसके लिए समय-समय पर जरुरत के अनुसार पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों की मेन्टेनेन्स का कार्य करती है इस दिशा में उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने तिलक नगर, विकासपुरी व जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र की 17 सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों के लिए 13.58 करोड़ रुपए लागत की परियोजनाओं को मंजूरी दी सुदृढ़ीकरण के लिए चयनित इन सड़कों की कुल लम्बाई 12.83 किलोमीटर है इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तहत परियोजनाओं में तेजी लाने की श्रृंखला जारी रखते हुए सरकार ने दिल्ली की सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों पर तीव्र गति से काम करना शुरू कर दिया है उन्होंने बताया कि इन सड़कों का सुदृढ़ीकरण आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से किया जाएगा ताकि लम्बे समय तक ये सड़के मजबूत बनी रहें

श्री सिसोदिया ने कहा कि हम क्रमबद्ध तरीके से पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों को बेहतर बनाने का काम कर रहे है उन्होंने बताया कि इन सड़कों के पुराने हो जाने के कारण उसकी उपरी सतह पर दरार आदि देखने को मिली जिससे कई जगहों पर वाहनों की आवाजाही में अवरुद्ध होता थो इसे देखते हुए सरकार द्वारा इन तीनों विधानसभा की सड़कों के सुदृढ़ीकरण का काम शुरू किया जा रहा है ताकि आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े साथ ही साथ इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण से कई इलाकों में कॉलोनियों से मुख्य मार्ग तक की इंटर-कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी और लोगों का यात्रा समय बचेगा सड़कों के सुदृढ़ीकरण के बाद रोजाना इनका इस्तेमाल करने वाले लाखों लोगों को फायदा होगो उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के सुदृढ़ीकरण के कार्यों को समय रहते पूरा किया जाए

ज्ञात हो की इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने इनकी वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं का गहन निरीक्षण किया गया जिसके पश्चात इन परियोजनाओं को सरकार की मंजूरी मिली। सुदृढ़ीकरण के इस प्रोजेक्ट में सड़कों की मजबूती पर तो ध्यान दिया ही जाएगा साथ इस इन सड़कों पर सभी मानकों का पालन करते हुए अच्छी गुणवत्ता की रोड मार्किंग भी की जाएगी

पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के लोगों को सुरक्षित, सुगम और सुंदर सड़क मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का विजन अपने नागरिकों को विश्व स्तरीय सड़कें उपलब्ध करवा उन्हें यात्रा का बेहतर अनुभव देना है इस कारण इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी दिल्ली द्वारा आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है जिससे दिल्ली की सड़के यात्रियों की आवाजाही के लिए अधिक सुरक्षित बन सके

**तिलक नगर व विकासपुरी विधासभा की इन सड़कों का होगा जीणोर्धार**

(1) केशोपुर सब्जी मंडी रोड
(2) तिलक विहार मेन रोड
(3) पेलिकोन रोड
(4) अशोक नगर रोड
(5) चौखंडी रोड
(6) गुरु विरजानंद मार्ग से डिस्ट्रिक्ट पार्क विकास पूरी
(7) ब्रेन पब्लिक स्कूल रोड
(8) के.आर.मंगलम रोड
(9) शहीद राजगुरु मार्ग

**जनकपुरी विधानसभा की इन 8 सड़कों का भी होगा सुदृढ़ीकरण**

(1) प्रो. जोगिन्दर सिंह मार्ग
(2) मेजर दीपक त्यागी मार्ग
(3) लाल साईं मार्ग
(4) 60 फुटा रोड
(5) पोसंगी पुर रोड
(6) ए-1 ब्लाक मेन रोड
(7) अपोजिट ए-1 ब्लाक में रोड
(8) असालत पुर रोड-1

# विपरीत दिशा से आ रहे वाहनों की तेज हेडलाइट नहीं करेगी परेशान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

फ्लाईओवरों पर सामने से आ रहे वाहनों की तेज हेडलाइट पड़ने से चालकों को होने वाली समस्या का जल्द समाधान हो जाएगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने फ्लाईओवरों के डिवाइडर ऊंचा करने का काम शुरू कर दिया है। चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के लगभग आधे हिस्से में यह काम पूरा हो गया है। डिवाइडर पर सीमेंट के रेडीमेड गमले रखे जा रहे हैं। यू-शेप के इन गमलों से डिवाइडर की ऊंचाई तीन फीट हो जाएगी। इनमें पौधे लगाए जाएंगे, जिससे सामने से आ रहे वाहनों की तेज रोशनी वाहन चालकों तक नहीं पहुंच सकेगी। पीडब्ल्यूडी सूत्रों के अनुसार, व्यस्ततम रिंग रोड, आउटर रिंग रोड व मथुरा रोड के फ्लाईओवरों पर ये गमले लगाए जा रहे हैं। मानसून के अंदर ही सभी ये गमले लगाकर उनमें पौधारोपण कर दिया जाएगा, ताकि वर्षा के दौरान वे बड़े हो जाएं। इनमें झाड़ीनुमा पौधे लगाए जाएंगे। मानसून के बाद इनकी नियमित रूप से सिंचाई की जाएगी, ताकि ये हरे-भरे बने रहें। डिवाइडर नीचे होने से होती है यह समस्या फ्लाईओवरों के बीच में डिवाइडर काफी नीचे होने के कारण



सामने से आ रहे वाहनों की हेडलाइट सीधे आंख पर पड़ती है। इससे दोनों दिशाओं से आने वाले वाहन चालकों को साफ दिखाई नहीं पड़ता है। ऐसे में हादसा होने का खतरा बना रहता है। चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर डिवाइडर काफी नीचा होने के कारण यहां पर यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। रात को सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी के कारण चालकों के सामने जैसे अंधेरा छा जाता है। इस समस्या से बचने के लिए ज्यादातर फ्लाईओवरों के डिवाइडर पर बड़े गमलों में पौधे लगाए जाते हैं। गमलों में लगे पौधे सामने से आने वाली रोशनी को चालक तक नहीं पहुंचने देते हैं, लेकिन ज्यादातर फ्लाईओवरों से या तो गमले ही गायब हो जाते हैं या फिर उनमें लगे पौधे सूख जाते हैं।

# जहांगीरपुरी इलाके में दो गुटों में मारपीट के बाद पथराव, गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में रविवार रात दो गुटों में मारपीट हो गई। दिल्ली पुलिस को एरिया में 43 मिनट तक पथराव होने की सूचना मिली तो एक टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंची। हालांकि पुलिस का कहना है कि दो गुटों में मारपीट के बाद ईट लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि कृष्णा, अमन और उसके दो अन्य दोस्तों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद हाथापाई व मारपीट हो गई। जब कृष्ण ने भागने की कोशिश की, तो अमन ने उस पर एक पत्थर फेंकाद्य इसमें अमन का चचेरा भाई सागर भी घायल हो गया। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, एक अन्य मामले में कालिंदी कुंज इलाके में नोएडा से घर लौट रहे युवक को दो लोगों ने पुराने विवाद में पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, जैतपुर एक्सटेंशन निवासी प्रमोद कुमार सिंह (44) नोएडा स्थित एक निजी कंपनी में जनरल मैनेजर हैं। शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे वे बाइक पर नोएडा से घर लौट रहे थे। जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट-2 स्थित 33 फुटा रोड के पास पहले से मौजूद सौरभ विहार निवासी कुंदन कुमार व राजन ने उनका रास्ता रोक लिया। वे प्रमोद पर उनकी शिकायत करने का आरोप लगाने लगे। आरोपितों ने प्रमोद से कहा कि उन्होंने सिलेंडर के पुर्जे चुराने की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। इतना कहकर वे पीड़ित पर टूट पड़े। आरोपितों ने गालीगलौज करते हुए प्रमोद को पीटकर घायल कर दिया।

# दिल्ली की फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी ने 250 लोगों से ठग लिए 23 लाख रुपये

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

द्वारका जिले की साइबर सेल ने फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी का भंडाफोड़ किया है। इसमें सात आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने का लालच देकर रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर रकम वसूलते थे। इसके बाद युवाओं को फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया जाता था। आरोपित ढाई सौ लोगों से 23 लाख रुपये की ठगी कर चुके हैं। गिरफ्तार आरोपित में करन कुमार, रोहित कश्यप, स्वीटी शर्मा, यसमीन, अंचल, प्रीति व मुस्कान सिंह शामिल हैं। इनके पास से 16 मोबाइल, दो लैपटाप, कई फर्जी नियुक्ति पत्र बरामद हुए हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त हर्षवर्धन ने बताया कि एक महिला ने ठगी की शिकायत साइबर पुलिस से की थी। पीड़ित के मुताबिक मुस्कान नामक महिला ने उसे फोन कर बताया कि एक वेबसाइट की ओर से आपको नौकरी पर रखा गया है। आप




भीकाजी कामा प्लेस में कार्यालय पर जाब कंसल्टेंसी के लिए आइए। वहां रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 3500 और 8500 रुपये लिए गए। इसके बाद नियुक्ति पत्र दिया गया। लेकिन दिए गए पते पर जाने पर वहां कुछ नहीं मिला। मामला दर्ज कर साइबर थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर जगदीश कुमार के नेतृत्व में टीम ने छानबीन शुरू कर दी। जांच के दौरान टीम ने मोबाइल नंबर की जांच की। इसके बाद पुलिस ने भीकाजी कामा प्लेस में छापेमारी की। इस दौरान शनसाइन एचआर ग्लोबल सर्विस के नाम से इस फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी का भंडाफोड़ हुआ। पुराने विवाद में युवक को पीटा कालिंदी कुंज इलाके में नोएडा से घर लौट रहे युवक को दो लोगों ने पुराने विवाद में पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, जैतपुर एक्सटेंशन निवासी प्रमोद कुमार सिंह (44) नोएडा स्थित एक निजी कंपनी में जनरल मैनेजर हैं। शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे वे बाइक पर नोएडा से घर लौट रहे थे। जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट-2 स्थित 33 फुटा रोड के पास पहले से मौजूद सौरभ विहार निवासी कुंदन कुमार व राजन ने उनका रास्ता रोक लिया। वे प्रमोद पर उनकी शिकायत करने का आरोप लगाने लगे। आरोपितों ने प्रमोद से कहा कि उन्होंने सिलेंडर के पुर्जे चुराने की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। इतना कहकर वे पीड़ित पर टूट पड़े। आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए प्रमोद को पीटकर घायल कर दिया।

# अब 90 मिनट में माइक्रोबियल इंफेक्शन का चलेगा पता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

यदि किसी का स्वास्थ्य बिगड़ जाए, संक्रमण हो जाए तो जिम्मेदार कारकों का पता लगाने के लिए कल्चर रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। मरीज की हालत नाजुक हो तो एक-एक पल का इंतजार भारी पड़ता है। ऊपर से परेशानी यह कि अस्पतालों में संक्रमण के बारे में जानकारी देने वाली कल्चर रिपोर्ट आमतौर दो से पांच दिनों में मिलती है। इस समस्या को दूर करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से जुड़े. स्टार्टअप ने एक ऐसी डिवाइस तैयार की है जो मात्र 90 मिनट में माइक्रोबियल इंफेक्शन का पता लगा लेगी। हाल ही में आयोजित बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। डिवाइस छह तरह के ऐसे बैक्टीरिया का पता लगाने में सक्षम है जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होते हैं और मौत का कारण भी बन सकते हैं। आइआइटी स्टार्टअप रामजा जीनोसेंसर की डा. पूजा गोस्वामी ने बताया कि मेडिकल जर्नल द लैंसेट ने हाल ही में 200



देशों में 100 तरह के बैक्टीरिया पर रिपोर्ट प्रकाशित की। जिसमें कहा गया कि छह बैक्टीरिया काफी खतरनाक हैं जो कई बार मौत का कारण बनते हैं। बकौल डा. पूजा स्वास्थ्य खराब होने पर इंफेक्शन का पता लगाना होता है। मान लीजिए अस्पताल में कोई मरीज भर्ती है। उसकी कल्चर रिपोर्ट यदि दो से पांच दिनों में आएगी तो इलाज प्रभावित होगा। इस दौरान डाक्टर एंटीबायोटिक देते हैं लेकिन इससे एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोध का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। इसकी वजह से मौत भी हो सकती है। कम समय में हो सकेगी जांचः डा. पूजा गोस्वामी के अनुसार यह इलेक्ट्रोकेमिकल डीएनए बायोसेंसर

# बीमार सत्येंद्र जैन को एक और झटका कोर्ट ने भेजा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को सीबीआइ कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को सुनवाई के दौरान दिल्ली की विशेष सीबीआइ कोर्ट ने अस्पताल में भर्ती सत्येंद्र जैन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि फिलहाल सत्येंद्र जैन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। तबीयत खराब होने पर वह कई दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। इससे पहले सोमवार को सुनवाई के दौरान सीबीआइ कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से सत्येंद्र जैन को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये पेश करने के लिए कहा था, क्योंकि वह अस्पताल भर्ती हैं। पेशी के दौरान कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी। विशेष सीबीआई अदालत ने कथित धन शोधन मामले में सोमवार सुबह हुई सुनवाई के दौरान दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र



जैन की न्यायिक हिरासत बढ़ाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने सवाल उठाया था कि न तो सत्येंद्र जैन को पेश किया गया और न ही कानूनी रूप से अदालत के समक्ष उनका प्रतिनिधित्व किया गया। दरअसल, सत्येंद्र जैन बीमार होने के चलते फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसे में कोर्ट ने ईडी को उन्हें वीसी के जरिए पेश करने के लिए कहा था। गौरतलब है कि सीबीआइ कोर्ट तकरीबन एक

> ● कोर्ट ने सवाल उठाया था कि न तो सत्येंद्र जैन को पेश किया गया और न ही कानूनी रूप से अदालत के समक्ष उनका प्रतिनिधित्व किया गया

सप्ताह पहले ही सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह अपनी बीमारी संबंधित रिकार्ड प्रस्तुत नहीं कर पाए। सत्येंद्र जैन के अधिवक्ता की इस दलील को भी खारिज कर दिया था कि आरोपित ह्यस्लीप एपनियाह्व से पीड़ित है, जो ह्यकाफी गंभीरह्व है। कोर्ट ने यह भी तर्क दिया था कि अगर जमानत दी जाती है, तो इस बात की संभावना है कि सत्येंद्र जैन साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, क्योंकि वह रसूखदार पद पर हैं। मामले के तथ्यों और परिस्थितियों तथा आरोपित के खिलाफ आरोपों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### गुजरात में दिल्ली मॉडल का प्रचार कर रहे केजरीवाल की पोल खोली जाएगी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने आज बताया कि गुजरात से भाजपा का एक 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली आ रहा है जो केजरीवाल के दिल्ली मॉडल की सच्चाई से गुजरात के लोगों से रुबरु कराएगा। केजरीवाल द्वारा गुजरात में जाकर अपने झूठ पर आधारित दिल्ली मॉडल के बारे में जो झूठा प्रचार किया जा रहा है, उसकी पोल खोली जाएगी। श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में इस वक्त लोग पानी के लिए तरस रहे हैं क्योंकि कई जगहों पर दिल्ली जल बोर्ड का पानी ही आ नहीं रहा है और जहां पानी आ भी रहा है, वहां इतना गंदा है कि उसको पीने के बाद लोग बीमार पड़ रहे हैं। कुछ ऐसी ही जर्जर स्थिति स्वास्थ्य और शिक्षा का है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर केजरीवाल सरकार ने जो लूट मचाई है, उसकी सजा उनके एक मंत्री भुगत रहे हैं जबकि शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया भी जांच एजेंसियों के घेरे में हैं।

# एम्स के सीनियर रेजिडेंट डाक्टर को खटखटाना पड़ेगा हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

हिमाचल प्रदेश के डा. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज वरिष्ठ रेजिडेंट डा. महेंद्र सिंह राणा को राहत देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को शैक्षणिक सत्र-2022 के लिए अपने विशेष पाठ्यक्रम मिनिमल एक्सेस सर्जरी और जनरल सर्जरी में डा. राणा को भर्ती करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि डा. राणा को उक्त पाठ्यक्रम में शामिल करने की अनुमति देना न्यायोचित होगा क्योंकि सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम के लिए सीट को खाली रखने से किसी का हित नहीं होगा। पीठ ने यह भी कहा कि अगर याचिकाकर्ता इस तरह के पाठ्यक्रम के लिए प्रशिक्षण लेता है, तो यह स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए मूल्यवान होगा। डा. राणा वर्तमान में डा. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज के सर्जरी विभाग में एक वरिष्ठ रेजिडेंट के रूप में कार्यरत है। उन्हें एम्स में एम. सीएच मिनिमल एक्सेस सर्जरी और जनरल सर्जरी के लिए प्रायोजित प्रशिक्षु के रूप में चुना गया था। हालांकि, हिमाचल प्रदेश सरकार ने 27 फरवरी 2019 राज्य के बाहर चिकित्सा शिक्षा में विभिन्न स्नातकोत्तर और सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश को विनियमित करने के लिए एक नई नीति जारी की थी।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र नंबर-2**

**संदर्भ:-ई-निविदा सूचना संख्या 196-एस/71/2021-22/निविदा सूचना/टीएसओ-III/संयोजन एसईजे दिनांक 02.06.2022 निविदा संख्या टीएस 225122** के खिलाफ संयोजन एसईजे 60 किलोग्राम/52 किलोग्राम से आरडीएसओ ड्रग की आपूर्ति के लिए। नंबर T-6782 Alt.2 के साथ दिसंबर 2016 के IRS-T-10-2000 सुधार संख्या 01 के अनुरूप (निविदा खोलने की तारीख से एक महीने पहले तक RDSO द्वारा जारी किए गए ड्राइंग और विशिष्टता पर Alt इसमें लागू होगा। निविदा)

**(RO No. 1549/22)**

| S.N. | मौजूदा खंड | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|
| 1 | ओवर राइडिंग (घुमावदार) स्विच के निर्माण और आपूर्ति के लिए अनुबंध की विशेष शर्तें (निविदा दस्तावेज के 43 के पृष्ठ संख्या 34 पर)। | निर्माण/विनिर्माण के लिए अनुबंध की विशेष शर्तें और संयोजन SEJ की आपूर्ति 60kg/52kg, T-6782. |
| 2 | खंड संख्या 5.0: रेल की आवश्यकता: छोटा सा भूत का संयोजन। SEJ, 60kg, T-60kg/52kg, T-6782 विभिन्न SEJs (चेक रेल के साथ) के निर्माण और आपूर्ति के लिए आवश्यक रेल। स्विच के लिए आवश्यक रेल की लंबाई निम्नानुसार होगी: (i) SEJ 60kg/52kg, T-6782 के संयोजन के लिए: (ए) 13 मीटर (52 किग्रा) की 1 रेल (बी) 12 मीटर (60 किग्रा) की 1 रेल तो स्विच के एक सेट के लिए आवश्यक अधिकतम रेल 50 मीटर (स्टॉक रेल और जीभ रेल के लिए) और 26 मीटर (3 सेट स्विच के लिए चेक रेल के लिए) है। | **खंड संख्या 5.0: रेल की आवश्यकता: संयोजन SEJ 60kg/52kg, T-6782: संयोजन SEJ 60kg/52kg, T-6782 के निर्माण/विनिर्माण और आपूर्ति के लिए आवश्यक रेल निम्नानुसार होगी: (i) संयोजन SEJ 60kg/52kg, T-6782 के लिए: (ए) 13 मीटर (52 किग्रा) की 1 रेल (बी) 13 मीटर (60 किग्रा) की 1 रेल तो संयोजन SEJ (60kg/52kg) के एक सेट के लिए आवश्यक अधिकतम रेल 26m है** |
| 3 | **टेंडर आरडीएसओ ड्रग को एसईजे, 60 किग्रा/52 किग्रा के संयोजन के निर्माण/विनिर्माण और आपूर्ति के लिए है। क्रमांक टी-6782 अत: निविदा दस्तावेज में जहां कही भी स्विच/घुमावदार स्विच का उल्लेख है, उसे संयोजन एसईजे, 60 किग्रा/52 किग्रा, टी-6782 के रूप में पढ़ा जाना चाहिए।** | |

बाकी की शर्ते यथावत रहेंगी । **टिप्पणी:-** उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर की पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। "और" **www.nr.indianrailways.gov.in**

**सं. 196-एस/71/2021-2022/निविदा सूचना/टीएसओ-III/SEJ. का संयोजन**
**दिनांक: 27.06.2022** **1574/22**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# एक जुलाई से प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के लिए पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी ने कसी कमर

**सूचना** सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 उत्पादों को पर्यावरण विभाग ने चिह्नित किया है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) का इस्तेमाल रोकने के लिए पर्यावरण विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी (डीपीसीसी) ने तैयारी कर ली है। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 उत्पादों को पर्यावरण विभाग ने चिह्नित किया है, जिनके प्रयोग पर एक जुलाई से पूरी तरह से प्रतिबंध होगा। इसके अलावा दिल्ली में नगर निगम ने छह अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक की भी पहचान की है, जिस पर प्रतिबंध रहेगा। इसका पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्ती की जाएगी। साथ लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का विकल्प देने के लिए बाजारों में कियोस्क खोलने का भी दावा किया जा रहा है, जहां कपड़े, जूट इत्यादि से बने पर्यावरण के अनुकूल बैग उपलब्ध होंगे। एसयूपी से पर्यावरण को हो रही क्षति के प्रति लोगों को



जागरूक करने के लिए एक से तीन जुलाई तक त्यागराज स्टेडियम में मेला लगेगा। इसमें एसयूपी के विकल्प वाले उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। डीपीसीसी के अनुसार ग्रीन दिल्ली एप को भी अपग्रेड किया गया है, ताकि एप पर मिलने वाली शिकायतों का दो दिन में निपटारा किया जा सके। इसके अलावा अर्बन लोकल बाडी (यूएलबी), नोडल अधिकारियों की पूरी जानकारी सीपीसीबी के एप पर अपलोड कर दी गई। ऐसे बाजारों की पहचान की गई है, जहां पालीथिन के बैग का इस्तेमाल अधिक होता है। इन बाजारों में कपड़े, जूट इत्यादि के बैग को बढ़ावा देने के लिए कियोस्क शुरू किए जाएंगे। हालांकि, अभी बाजारों में इसका विकल्प नहीं दिख रहा है। बाजारों को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सर्वे किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी श्रीराम औद्योगिक अनुसंधान संस्थान को दी गई है, जो चार माह में सर्वे पूरा करेगा। डीपीसीसी के अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का निर्माण करने वाली इकाइयों का सर्वे किया जा रहा है। इसी क्रम में छह औद्योगिक क्षेत्रों व तीन पुनर्विकास क्षेत्रों में चल रहीं तीन हजार से अधिक इकाइयों का सर्वे किया गया है, इनमें से किसी भी इकाई में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। निगम ने इन उत्पादों की पहचान की है नगर निगम ने जिन छह अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों की प्रतिबंध के लिए पहचान की है। उसमें 250 मिलीलीटर से कम की पानी की बोतल, पानी का पाउच, प्लास्टिक बैनर व पोस्टर, खाना पैक करने में इस्तेमाल होने वाला क्लिंग फिल्म, सास का छोटा पाउच, मल्टीलेयर सिगल यूज प्लास्टिक व थमोकोल कटलरी शामिल है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम के तहत कार्रवाई उत्पादन करने वाली बंद की गई।

### द्वारका में एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो लाइन का ट्रायल शुरू

नई दिल्ली। इंडिया इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर (आईआईसीसी) द्वारका तक जल्द ही मेट्रो सेवा शुरू हो जाएगी। इस दिशा में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की तरफ से आईआईसीसी तक विस्तारित एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो का ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है। इसके पूरा होने पर मेट्रो सेवा का संचालन आम लोगों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। डीएमआरसी की तरफ से बताया गया कि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के जिस हिस्से पर ट्रायल शुरू किया गया है, वह द्वारका में सेक्टर-21 और सेक्टर-25 को जोड़ता है। वर्तमान में एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से होते हुए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 को जोड़ते हुए द्वारका सेक्टर-21 तक जाती है। इसकी वर्तमान में कुल लंबाई 22.70 किलोमीटर है। इस लाइन का दो किलोमीटर विस्तार किया जा रहा है, जिसके बाद यह द्वारका सेक्टर 21 से बढ़कर सेक्टर-25 तक पहुंच जाएगी।

**केन फिन होम्स लिमिटेड**
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS + DEPOSITS
**CIN: L85110KA1987PLC008699**
रेवाड़ी कॉ–ऑपरेटिव बैंक के ऊपर, निकट हनुमान मंदिर, सोहना रोड, धारुहेड़ा–123106, फोन: 01274-242381 / 297604, मो. 7625079165 ई–मेल: dharuhera@canfinhomes.com

**सार्वजनिक नीलामी**

सेवा में,
1. **श्रीमती सुनीता पत्नी श्री मुकेश**
2. **श्री मुकेश पुत्र श्री राम सिंह**

**दोनों निवासी** : फ्लैट नंबर ई –398, पहली मंजिल, गोल्डन हाइट्स, तहसील धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी (हरियाणा)

यह सूचित किया जाता है कि **हाउस होल्ड इन्वेंटरी आइटम** सार्वजनिक नीलामी / निविदा द्वारा बेचे जा रहे हैं। इच्छुक बोलीदाता नीलामी में भाग ले सकते हैं। निविदा प्रपत्र उपरोक्त पते से प्राप्त किये जा सकते हैं।

1. इच्छुक बोलीदाता निविदा फार्म इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे** तक (किसी भी कार्यदिवस को) उपरोक्त कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।
2. आरक्षित मूल्य: रु 25,350 /– और ईएमडी: रु 2,535 /–
3. निविदा फार्म जमा करने की तिथि : **04–07–2022 को अथवा पूर्व पूर्वा. 11.45 बजे**
4. निविदाएं खोलने की तिथि, समय और स्थान : **04–07–2022 को दोपहर 12.30 बजे** उपरिवर्णित क्षेत्रीय कार्यालय के पते पर। नियम एवं शर्तें निविदा फार्म के अनुसार।

**तिथि: 27.06.2022** हस्ता./–,
**स्थान: धारुहेड़ा** **प्राधिकृत अधिकारी, केन फिन होम्स लिमिटेड**

राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran

www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, मंगलवार 28 जून, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### सोनिया गांधी के निजी सचिव के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निजी सचिव पीपी माधवन पर एक महिला ने उत्तम नगर थाने में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी हुई है। मामला 26 जून को उत्तम नगर थाने में दर्ज किया गया। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने कहा कि उसके पति कांग्रेस के कार्यक्रमों में होर्डिंग्स व पोस्टर लगाते थे। वर्ष 2018 से वह भी कांग्रेस के कार्यक्रमों में जाने लगी थी। इस दौरान वह कई बार पार्टी कार्यालय गई थी। महिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में उसके पति की मौत के बाद उसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई।

मदद की आस में वह कांग्रेस दफ्तर गई तो वहां पर पीपी माधवन का नंबर किसी ने दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसने पीपी माधवन से बात की और अपनी दयनीय स्थिति के बारे में बताया। इसके बाद उनसे बातचीत का सिलसिला चलता रहा। महिला के मुताबिक पीपी माधवन ने इस वर्ष 21 जनवरी को नौकरी के इंटरव्यू के लिए सुंदर नगर के एक मकान में बुलाया। वहां पर महिला के कागजात लेने के साथ ही उसके परिवार के बारे में माधवन ने पूछताछ की। महिला ने पुलिस को बताया कि माधवन ने अपनी पत्नी से तलाक होने की बात कहते हुए उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की। महिला ने भी शादी के लिए हामी भर दी। इसके बाद वीडियो व आडियो काल से बात होने लगी। महिला ने पुलिस को बताया कि एक दिन उत्तम नगर में रात दस बजे मिलने के लिए माधवन ने बुलाया। महिला का आरोप है कि माधवन ने कार में उसे बिठा लिया और अपने ड्राइवर को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद महिला के साथ गलत व्यवहार करने लगा। महिला ने विरोध किया तो गुस्से में वह चला गया। अगले दिन माधवन ने महिला को काल किया और माफी मांगी। इसके बाद पहले की तरह ही बात होने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि एक दिन दोबारा आरोपित ने सुंदर नगर के एक फ्लैट पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। एक दिन महिला से बातचीत के क्रम में ही आरोपित ने कहा कि तुम्हारा नंबर मेरी पत्नी ने देख लिया है। मोबाइल में नाम बदलना पड़ेगा। इसके बाद महिला को पता चला कि आरोपित की पत्नी के साथ तलाक नहीं हुआ है। महिला ने आरोप लगाया कि माधवन ने उसे धमकी भी दी।

### पूर्व एलजी की धौंस देकर एसआइ ने ट्रांसफर पोस्टिंग के नाम पर कमाएं करोड़ों रुपये

नई दिल्ली। पूर्व उप राज्यपाल अनिल बैजल के सुरक्षा अधिकारी रहे दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर के कारनामे की परत दर परत पोल अब खुलनी शुरू हो गई है। दक्षिण दिल्ली के एक व्यवसायी द्वारा एसआइ पर चार करोड़ रुपये वसूली करने की शिकायत पुलिस आयुक्त से करने का मामला सामने आने के बाद उसके शिकार बने कई अन्य पीड़ितों ने अब पुलिस आयुक्त कार्यालय, ग्रेटर कैलाश व चितरंजन पार्क थाने में शिकायत करनी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पूर्व उप राज्यपाल का धौंस देकर एसआइ ने न केवल दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में तैनात आइएएस बल्कि दिल्ली पुलिस में तैनात आइपीएस अधिकारियों का भी जीना मुहाल कर रखा था। मुख्यालय सूत्रों की मानें तो उक्त मामले को लेकर जल्द ही एसआइ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। आरोपित की तैनाती 2011 से 2017 तक चितरंजन पार्क थाने में थी। उस समय वह एएसआइ था। चितरंजन पार्क थाने के जिस इ ब्लाक में पूर्व उप राज्यपाल का आवास है आरोपित वहां का बीट अफसर होता था। उसी दौरान पूर्व उप राज्यपाल से उसकी जान पहचान बढ़ी थी। दिसंबर 2016 में अनिल बैजल के उप राज्यपाल बनने पर जनवरी 2017 में वह उनका सुरक्षा अधिकारी बन गया था। उप राज्यपाल भवन में तैनाती के दौरान एसआइ ने एलजी से बेहतर संबंध का धौंस देकर दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में ट्रांसफर पोस्टिंग कराने के एवज में अवैध कमाई करना शुरू कर दिया था। बताया जाता है कि करीब एक साल पहले महरौली में स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद कुछ बदमाशों को गिरफ्तार किया था। आरोपित उस समय एएसआइ था। उक्त घटना से उसका कोई लेना देना नहीं था। सेल में उसकी तैनाती भी नहीं थी। लेकिन अपनी ऊंची पहुंच के बदौलत वह विभाग से आउट आफ टर्म लेकर एसआइ बना गया। एसआइ की धौंस का पता इसी से चलता है कि उसने राज्य सरकार के महारानी बाग स्थित एक सरकारी आवास भी अपने रहने के लिए अलाट करा लिया था।

## 11 जुलाई से शुरू होगा वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण महाअभियान:गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सचिवालय में आज पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई` इस बैठक में वन विभाग के अधिकारी शामिल रहे` बैठक के दौरान दिल्ली में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 11 जुलाई से वन महोत्सव पखवाड़े की शुरूआत सेंट्रल रिज से करने का निर्णय लिया गया और इसका समापन समारोह 25 जुलाई को असोला भाटी माइंस में 1 लाख से अधिक पौधों को लगाकर होगा 11 जुलाई को दिल्ली के सभी 70 विधानसभाओ वृक्षारोपण महाअभियान की शुरूआत भी की जाएगी` इस वन महोत्सव पखवाड़े के दौरान लगभग 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया हैं` दिल्ली के डिप्टी सीएम, कैबिनेट मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष अलग-अलग जगहों में इस महा अभियान का नेतृत्व करेंगे। साथ ही 2 जुलाई को कमला नेहरू रिज से निःशुल्क औषधीय पौधों के वितरण का भी शुभारम्भ किया जाएगा बैठक के बाद दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने सभी पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बताया कि केजरीवाल सरकार द्वारा उठाए गए तमाम उपायों के परिणामस्वरूप दिल्ली के अंदर हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर ) में काफी इजाफा देखा गया है दिल्ली में जहाँ साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसद था वह केजरीवाल सरकार के प्रयासों के कारण, साल 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है साथ ही शहरों के प्रति व्यक्ति फॉरेस्ट कवर के मामले में दिल्ली पूरे देश में नंबर वन हो गया है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए समर एक्शन प्लान के 14 बिन्दुओ में शामिल वृक्षारोपण महाअभियान को गति देने के लिए 11 जुलाई से वन महोत्सव की शुरूआत सेंट्रल रिज से की जाएगी और 15 दिनों तक चलने वाले इस समारोह का समापन 25 जुलाई को असोला भाटी माइन्स में 1 लाख से अधिक पौधों को लगाकर किया जाएगा इस पौधारोपण महा अभियान के दौरान दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली सरकार के मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष अलग-अलग जिलों में इसका नेतृत्व करेंगे। साथ ही 11 जुलाई को दिल्ली के सभी 70 विधानसभाओ में विधायकों के नेतृत्व यह वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जाएगा। हमारी कोशिश है कि इस वन महोत्सव के दौरान 15 दिनों में हमारी सरकार ने जो पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, उसका बड़ा हिस्सा पूरा कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली के ग्रीन बेल्ट को बढ़ाने और दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस साल वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 35 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया हैं` जिसे सभी सम्बंधित 19 विभागों की हरित एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा। इस अभियान के तहत लगभग 29 लाख पौधे लगाए जाएंगे और साथ ही लगभग 7 लाख पौधों का मुफ्त वितरण किया जाएंगे। 2 जुलाई को कमला नेहरू रिज से किया जाएगा निःशुल्क औषधीय पौधों के वितरण का शुभारम्भ पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में निःशुल्क औषधीय पौधा वितरण का शुभारम्भ 2 जुलाई से कमला नेहरू रिज से किया जाएगा` इसके तहत लोगो को सरकारी नर्सरी से मुफ्त औषधीय पौधे बाटें जाएंगे ताकि दिल्लीवासी अपने अपने घरो में पौधे लगाकर दिल्ली के हरित क्षेत्र को बढ़ाने में अपनी सहभागिता दे सकें प्रेसवार्ता में पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के लोगो से निवेदन किया कि दिल्ली को पर्यावरण क्षेत्र में विश्वस्तर पर आगे बढ़ाने के लिए सभी लोग अपनी सहभागिता दे।

## अल्ट न्यूज के को-फाउंडर मोहम्मद जुबैर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। फैक्ट चेक वेबसाइट अल्ट न्यूज के को फाउंडर मोहम्मद जुबैर को दिल्ली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस जुबैर से पूछताछ कर रही है। मोहम्मद जुबैर फैक्ट चेकिंग वेबसाइट चलाते हैं। वह अक्सर अपने फैक्ट चैक को लेकर भी विवादों में आ जाते हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत का आरोप लगा है। दिल्ली पुलिस ने मोहम्मद जुबैर को आईपीसी की धारा 153अ/295अ के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मोहम्मद जुबैर के खिलाफ सोमवार को आईपीसी की धारा 153ए/295ए के तहत एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस के पास उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। उन्हें जांच और मामले में पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जल्दी ही जुबैर को पीसी रिमांड के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करेगी। कपिल मिश्रा ने किया ट्वीट जुबैर की गिरफ्तारी पर भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने भी ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने कहा, फेक न्यूज पेडलर, जिहादी प्रचार गिरोह के सदस्य जुबैर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जब तक वह अपने फेक न्यूज प्लेटफार्मों के जरिए सांप्रदायिक तनाव और दंगे भड़काने की कोशिश कर रहे थे, तभी से उलटी गिनती जारी थी।

## गुरुद्वारा बंगला साहिब मुफ्त से लेकर 5 रुपये में खा सकते हैं भरपेट खाना


नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अगर आप दिल्ली एनसीआर में हैं और आपके पास पैसे नहीं है इसकी वजह से आप अपनी खाना खाने की इच्छा को दबा रहे हैं तो आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, राजधानी दिल्ली और एनसीआर में कई ऐसी जगहें हैं जहां पर जरूरतमंद लोगों के लिए मुफ्त व 5 रुपए में स्वादिष्ट खाने की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। आमतौर पर लोग मानते हैं कि मुफ्त के खाने की क्वालिटी अच्छी नहीं होती है। इसे पूरी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता है। क्योंकि ऐसा हर जगह नहीं होता है। स्पेशली दिल्ली-एनसीआर में तो बिल्कुल भी नहीं है। दिल्ली में मुफ्त में भी हेल्दी खाना खाया जा सकता है। आपको आज दिल्ली-एनसीआर की ऐसी ही कुछ जगहों के बारे में बताते हैं जहां मुफ्त में खाना खाया जा सकता है। गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली के कनॉट प्लेस के पास स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब में आप मुफ्त में स्वादिष्ट खाना का आनंद ले सकते हैं। यहां रोजाना हजारों लोगों को खाना खिलाया जाता है। अगर आप इस जगह के आसपास हैं और बिना पैसे के अच्छा भोजन करना चाहते हैं तो आप इस गुरुद्वारे जा सकते हैं। यहां पर दाल, रोटी, सब्जी और एक मिष्ठान मिलता है। संसद भवन के पास मौजूद गुरुद्वारा रकाबगंज में लोग घूमने-फिरने आते हैं। यहां पर रोजाना हजारों लोगों को लंगर खिलाया जाता है। यहां पर मिलने वाला खाना बहुत ही स्वादिष्ट होता है। गुरुद्वारा शीश गंज साहिब यह स्थान चांदनी चौक के पास स्थित है। यहां पर हर रोज हजारों पर्यटक पहुंचते हैं। इस गुरुद्वारे में लंगर खिलाया जाता है। खाने में यहां रोटी, दाल, सब्जी और हलवा दिया जाता है। आपको यह खाना खाते वक्त स्वास्थ्य के बारे में भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां मिलने वाला खाना हेल्दी और स्वादिष्ट होता है। 1 रुपये में मिलता है भरपेट भोजन मूल रूप से पंजाब के शमानामंडी (पटियाला) के रहने वाले प्रवीन गोयल पिछले तकरीबन 3 साल से नांगलोई इलाके में श्याम रसोई चला रहे हैं। रोजाना सुबह 11 बजे से 1 बजे तक वह लोगों को मात्र 1 रुपये में भरपेट खाना मुहैया कराते हैं। इतना ही नहीं, जिसके पास 1 रुपये भी नहीं होता वह भी भूखा नहीं जाता। उसे भी यहां पर भरपेट भोजन मिलता है।

## एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का मास्टर माइंड गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




सरकारी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस में दाखिला कराने वाले एक गिरोह के मास्टरमाइंड को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। कुछ महीना पहले गिरोह के सदस्यों ने दिल्ली के रहने वाले वाले एक छात्र को मौलाना आजाद मेडिकल कालेज में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर उसके पिता से 20 लाख रुपये ऐंठ लिया था। डीसीपी राजेश देव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए मास्टर माइंड का नाम विकास पारस उर्फ आशीष जायसवाल है। वह शेख सराय, मालवीय नगर में परिवार के साथ रह रहा था। वैसे वह मूलरूप से कानपुर, यूपी का रहने वाला है। उसने उत्तराखंड के एक विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी की है। उसके पिता आर्डिनेंस फैक्ट्री, कानपुर में नौकरी करते थे। 2020 में कैंसर और कोरोना के कारण उनकी मौत हो गई। हालांकि साल 2019 से ही विकास ने एमबीबीएस में फर्जी दाखिला दिलाने का गोरख धंधा शुरू कर दिया था। इसके पास से आरोपितों के तीन फर्जी आधार कार्ड, फर्जी अकाउंट की चेक बुक, फर्जी खाता खोलने के लिए इस्तेमाल किए गए पैन कार्ड और आधार कार्ड बरामद किए गए। 30 मई को इंदर कुमार राय इंद्रेश ने क्राइम ब्रांच में शिकायत कर बताया था कि वह दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में विज्ञान विषय का शिक्षक है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि उनका बेटा शिवम राय नीट परीक्षा 2019-2020 में शामिल हुआ था, लेकिन कम अंक के कारण उसे एमबीबीएस में प्रवेश नहीं मिल सका। दिसंबर 2020 में वह आशीष जायसवाल, रोहन सिंह और रोहित के संपर्क में आए थे, उन्होंने उनके बेटे को मौलाना आजाद मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने का आश्वासन दिया। इसके लिए सदस्यों ने 20 लाख डोनेशन देने की बात कही। बाद में गिरोह के सदस्यों ने शिकायतकर्ता को आश्वस्त करने के लिए उन्हें व उनके बेटे को मौलाना आजाद मेडिकल कालेज और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के लैंडलाइन नंबरों से काल भी किया ताकि शिकायतकर्ता को विश्वास का विश्वास हासिल किया जा सके। उन्होंने शिकायतकर्ता को भारतीय चिकित्सा परिषद की आधिकारिक मेल आईडी से मेल भी भेजे। फर्जी आश्वासन से प्रेरित होकर शिकायतकर्ता ने आशीष जायसवाल के आईसीआईसीआई बैंक के खाते में 20 लाख रुपये भेज दिए। पैसे लेने के बाद सभी बहानेबाजी करने लगे। उनमें कुछ ने फोन बंद कर अंडरग्राउंड हो गए। केस दर्ज होने के बाद इंस्पेक्टर दलीप कुमार की टीम ने पेशेवर तरीके से मामले की जांच की।

## गर्मी से जल्द मिलेगी राहत और मौसम होगा सुहावना

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में मानसून की दस्तक होने जा रही है। दिल्लीवालों को जल्दी ही गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर पूर्वानुमान लगाया है कि कल यानी मंगलवार से बारिश होने की संभावना है। दिल्लीवासी पिछले कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे हैं। तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से 42 तक पहुंच रहा है। वहीं, कई इलाकों में तापमान इससे ऊपर भी जा पहुंचा। सोमवार को भी गर्मी ने बेतहाशा परेशान किया। लोग घरों से बाहर निकलन में डर रहे हैं। मौसम विभाग ने 29 जून से 2 जुलाई तक येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, मंगलवार को कहीं हल्की बारिश तो कहीं बूंदाबांदी की संभावना जताई है। इसी दिन से मौसम में बदलाव आ जाएगा। इससे लोगों की गर्मी से राहत मिलेगी। दिल्ली में इस माह अब तक 24.5 मिली बारिश हुई है, जो सामान्य से 32.3 मिली कम है। इस तरह जून में अब तक 57 प्रतिशत कम बारिश हुई है। यदि अंतिम दो दिन अच्छी बारिश हुई तो इसकी भरपाई हो सकती है।

## चौ0 अनिल कुमार के नेतृत्व में सभी 70 विधानसभाओं में सत्याग्रह किए गए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



देश की सुरक्षा के लिए सैनिकों की परंपरागत व लोकाचार भर्ती की योजना को ध्वस्त करके भाजपा की केन्द्र सरकार ने अग्निपथ योजना को जबरन लागू करके भारतीय सेना में केवल 4 वर्ष की अवधि हेतू अग्निवीरों की भर्ती के खिलाफ आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के नेतृत्व में दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में भी शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन किया, परंतु मोदी सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस की दमनकारी कार्यवाही ने अग्निपथ योजना के विरोध में कुछ विधानसभाओं में शांतिपूर्ण प्रदर्शन नही होने दिया, जबकि कार्यक्रम की पूर्व में सूचना पुलिस को दी गई थी। अग्निपथ योजना के विरोध में 70 विधानसभाओं में आयोजित अलग-अलग सत्याग्रह में पूर्व सांसद श्री रमेश कुमार, पूर्व विधायक एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन श्री अनिल भारद्वाज, अ0भा0क0कमेटी के सचिव श्री तरुण कुमार, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, राजेश जैन, श्री विजय सिंह लोचव, अल्का लाम्बा सहित सभी जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, पूर्व निगम पार्षद तथा भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की अग्निपथ योजना के खिलाफ पहले दिन से ही लड़ाई जारी है, क्यांकि राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए लड़ने की हमारी गौरवशाली विरासत रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा व सैनिकों के मनोबल पर पड़ने वाले दूरगामी प्रभावों को उजागर करने के लिए अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने 20 जून को जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया था। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली भर की 70 विधानसभाओं में आयोजित शांतिपूर्ण सत्याग्रह में कांग्रेस कार्यकताओं सहित युवाओं की हिस्सेदारी प्रशंसनीय थी। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं और देश के भविष्य को खतरे में वाली 4 वर्ष की सेवा योजना है जिसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी अपनी आवाज बुलंद रखेगी। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि सत्तासीन सरकार की देश विरोधी योजनाओं के खिलाफ आवाज उठाना राजनीतिक पार्टियों का संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है कि विपक्षी पार्टी देशवासियों को सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराकर जागरुक कर सकें। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से सत्याग्रह कर रहे कांग्रेस कार्यकताओं को दिल्ली पुलिस ने जबरन हटा दिया गया और कई विधानसभाओं में कांग्रेस कार्यकताओं को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस की विरोधात्मक कार्यवाही ने देश में लोकतंत्र का गला घोट दिया है।

## मध्य क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन के लिए 26 स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम के मध्य क्षेत्र द्वारा प्रत्येक 26 वार्डों से एक-एक स्वच्छता स्वच्छता सैनिकों को मई माह के मूल्यांकन के आधार पर उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। मध्य क्षेत्र के उपायुक्त, श्री दानिश अशरफ ने क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इन 26 स्वच्छता सैनिकों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया और उनकी हौंसला अफजाई की। उपायुक्त, श्री दानिश अशरफ ने कहा कि क्षेत्र को स्वच्छ करना निगम का प्राथमिक दायित्व है और इस कर्त्तव्य की प्रतिपूर्ति में निगम के स्वच्छता सैनिक महत्वपूर्ण योगदान दे रहें हैं। उन्होने कहा कि दिल्ली नगर निगम से स्वच्छता सैनिक निगम की नींव हैं और उनके कार्य निश्चित रूप से सराहनीय हैं। उपायुक्त ने कहा कि दिल्ली नगर निगम स्थानीय लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी स्वच्छता सैनिकों से निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वहन करने की अपील की।

## देशभर में खुले में काम करने वालों के लिए बुरी खबर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली-एनसीआर समेत देश भर में वायु प्रदूषण की समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। साल दर साल इसका स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। वायु प्रदूषण से पर्यावरण के साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। हाल ही में खुले में काम करने वाले लोगों आटो रिक्शा चालकों, सफाईकर्मियों और रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं के सांस लेने में कठिनाई, फेफड़ों की खराबी, अनियमित धड़कन, सीना, पीठ, कंधा व जोड़ों में दर्द, आंखों का लालपन, जलन, त्वचा पर चकत्ते, सिरदर्द और समग्र रूप से उनकी परेशानियों का आकलन किया गया। ये लोग बहुत ज्यादा गर्मी, सर्दी और बहुत खराब वायु गुणवत्ता समेत मौसमी दुष्प्रभावों का सामना करते हैं। यह हालात उनमें स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों को बढ़ा देते हैं। यह अध्ययन कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों के डाक्टरों, वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों द्वारा किया गया। इसमें चिकित्सा विशेषज्ञों के परामर्श पर विस्तृत प्रश्नावली का इस्तेमाल किया गया, ताकि खुले में काम करने वाले कामगारों के स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण और मौसम में उतार-चढ़ाव के दुष्प्रभावों संबंधी चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुभवों को समझा जा सके। साथ ही इससे संबंधित संदेह को दूर करने के लिए पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (श्वसन प्रणाली जांच) किए गए। इस रिपोर्ट को जारी करने वाले इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, तिरुपति, आंध्र प्रदेश के प्रोफेसर सुरेश जैन के अनुसार, पिछले कई वर्षों से दिल्ली में वायु प्रदूषण गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। शहर की भौगोलिक स्थिति इसे गर्मी और सर्दी दोनों मौसमों में धुंध के साथ-साथ खराब मौसम जैसे वायु प्रदूषण संबंधी घटनाओं के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना देती है। ऐसे परिदृश्यों में खुले में काम करने वाले कामगार सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालों में शामिल हैं। 283 लोगों पर किया गया अध्ययन एनसीआर में हुए सर्वेक्षण में जिन 283 लोगों को शामिल किया गया, उनमें से 63 का पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट किया गया और उनके फेफड़ों को हुए नुकसान पर उम्र और धूमपान जैसे कारणों के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए सांख्यिकीय साधनों का इस्तेमाल किया गया। प्रोफेसर जैन के साथ अध्ययन में टेरी स्कूल आफ एडवांस स्टडीज, वैष्णवी बर्थवाल, आयुषी बबुता और डा. चुबामेनला जमीर, यूनिवर्सिटी कालेज आफ मेडिकल साइंसेज, यूनिवर्सिटी के डा. अरुण कुमार व एम्स के डा. अनंत मोहन शामिल हैं।

## क्लासिफाइड

**PUBLIC NOTICE**

PUBLIC AT LARGE IS HEREBY INFORMED THAT MY CLIENT SMT.RISA DEVI W/O LATE SHRI BANKE LAL R/O A-239, J J COLONY, VIKAS NAGAR, UTTAM NAGAR, NEW DELHI-110059, HAS DISOWNED AND DISINHERITED HER SON'S MR. VIVEK @ VIKKY & HIS WIFE MRS. HIMANSHI (DAUGHTER-IN-LAW), FROM ALL HER MOVEABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES AND SEVERED ALL CONNECTIONS. ANY PERSON DEALING WITH THEM WILL DO OF HIS/HER OWN RISK AND RESPONSIBILITIES.

PRADEEP TYAGI
ADVOCATE
SEAT NO 59, HALL NO
2, DISTT. DWARKA COURT,
NEW DELHI -110075
8010362889

शुरूआत — वैक्सीनेशन सेंटर की शुरूआत कर सभी को एहतियाती खुराक देने व पूर्ण टीकाकरण के लक्ष्य तक पहुँचने में मदद मिलेगी

## टीकाकरण अभियान को और गति देने के लिए मोहल्ला क्लीनिकों में शुरू होगा वैक्सीनेशन सेंटर : सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में कोरोना टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने और लोगों को सुलभता से एहतियाती खुराक मिल सकें, इसके लिए केजरीवाल सरकार अपने आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक में वैक्सीनेशन सेंटर शुरू करने जा रही है जहाँ लोगों को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी इसके लिए सभी मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। डोर-टू-डोर अभियान के बाद राजधानी में वैक्सीनेशन की गति को और बढ़ाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। इस पहल के बारे में बताते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में हमने सभी पात्र लाभार्थियों के वैक्सीनेशन के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। दिल्ली में हमने मिशन मोड में टीकाकरण अभियान चलाया है जिसका नतीजा ये है कि शहर की ज्यादातर आबादी को वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगे जा चुकी है लेकिन अभी भी कुछ लोगों को दूसरी डोज और आबादी के एक बड़े हिस्से को कोरोना से बचाव के लिए नई जोड़ी गई एहतियाती खुराक देना बाकि है इस दिशा में आम आदमी मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर की शुरूआत कर सभी को एहतियाती खुराक देने व पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि इसके लिए हर मोहल्ला क्लीनिक में एक प्रशिक्षित हेल्थकेयर वर्कर नियुक्त किया जाएगा जो टीकाकरण का काम करेगा व इसके लिए मोहल्ला क्लिनिक उन्हें टीकाकरण के लिए पर्याप्त उपलब्ध की जाएगी साथ ही लाभार्थियों की काउंसलिंग करने व क्लिनिक में कोरोना वैक्सीनेशन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन किया जाए ये सुनिश्चित करने के लिए मोहल्ला क्लिनिक का एक स्टाफ को तैनात किया जाएगा डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि जैसे ही मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर शुरू होंगे उन्हें को -विन पर अपलोड कर दिया जाएगा और लाभार्थी आसानी से अपने लिए स्लॉट बुक कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित कार्य को जल्द पूरा करने और मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर्स को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए गौरतलब है कि केजरीवाल सरकार द्वारा पहले अपने स्कूलों को टीकाकरण केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया जाता था जिससे दिल्ली में टीकाकरण की गति को तेजी मिली थी लेकिन अब जब स्कूल फिर से खुल गए हैं और एक बड़ी आबादी को दोनों डोज लग चुकी है तो इन वैक्सीनेशन सेंटर्स को स्वास्थ्य केन्दों और मोहल्ला क्लिनिक में शिफ्ट कर दिया गया है ।

## जुलाई में लगाएं अमरूद की इन प्रजातियों के पौधे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

देश में अमरूद की 12 से ज्यादा किस्में लगाई जाती हैं। लेकिन चार से पांच ऐसी किस्में हैं, जो एक साल के बाद ही फल देने लगती हैं। इसमें अर्का-मृदुला, इलाहाबाद-सफेदा, चित्तीदार और सरदार अमरूद का विशेष रूप से उल्लेखनीय है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक इलाहाबाद सफेदा किस्म के अमरूद के पेड़ सीधे बढ़ने वाले व मध्यम ऊंचाई वाले होते हैं। फल का आकार मध्यम, गोलाकार होता है और इनका औसत वजन 180 ग्राम होता है। फल की सतह चिकनी, छिल्का पीला, रंग सफेद, सुविकसित और स्वाद मीठा होता है। इस किस्म की भंडारण क्षमता अच्छी होती है। इसी तरह से सरदार अमरूद है, जिसे लखनऊ-49 भी कहा जाता है। इस किस्म के पेड़ मध्यम ऊंचाई के, फलने वाले तथा अधिक शाखाओं वाले होते हैं। फल मध्यम से बड़े, गोल, अंडाकार, खुरदुरी सतह वाले और पीले रंग के होते हैं। सफेद तथा स्वाद खटास लिए मीठा होता है। चित्तीदार अमरूद का पेड़ सफेदा के समान होता है। फलों की सतह पर लाल रंग के धब्बे पाए जाते हैं। इसके बीज मुलायम तथा छोटे होते हैं। फल मध्यम, अंडाकार, चिकने व हल्के पीले रंग के होते हैं। अर्का-मृदुला किस्म का अमरूद का मध्यम आकार, मुलायम बीज एवं मीठा होता है। इस किस्म में प्रचुर मात्र में विटामिन-सी पाई जाती है। फरवरी और जुलाई में लगाएं पौधेः उजवा कृषि विज्ञान संस्थान के विज्ञानी डाक्टर डीके राणा बताते हैं कि अमरूद की रोपाई फरवरी और जुलाई में होती है। रोपाई के एक साल तक इनकी देखरेख सही ढंग से होनी चाहिए। अमरूद के लिए गर्म तथा शुष्क जलवायु सबसे अधिक उपयुक्त है।

### सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता की सूचना के लिए है कि एक राजनीतिक दल "भारतीय प्रवासी जनता पार्टी" के नाम से पंजीकृत होने का प्रस्ताव है, पार्टी का कार्यालय 407, डीएलएफ सेंटर प्वाइंट, मेन मथुरा रोड, मेट्रो पिलर नंबर 845, सेक्टर–11, फरीदाबाद (दिल्ली एनसीआर)–121006 पर स्थित है। इस पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग को आवेदन प्रस्तुत किया है। नई दिल्ली लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पार्टी के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं:

1. राष्ट्रीय अध्यक्षः डा0 अजय तिवारी
2. महासचिवः सपना तिवारी
3. कोषाध्यक्षः संतोष तिवारी

पता.– जे–86, डीएलएफ, सेक्टर–10, फरीदाबाद–121006

यदि किसी को "भारतीय प्रवासी जनता पार्टी" के पंजीकरण में कोई आपत्ति है तो वे इसके कारण पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं, सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर।

## संक्षिप्त खबरें

### महालक्ष्मी जनाशीर्वाद यात्रा के दौरान शहर में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा 9 को

गुरुग्राम। वैश्य धर्मशाला सैक्टर 4 में अग्रवाल सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में समाज से जुड़े लोग शामिल हुए। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष राजीव मित्तल ने बताया कि हरियाणा के अग्रोहा स्थित शक्तिपीठ हिसार में विश्व का सबसे बड़ा आद्य महालक्ष्मी जी के मंदिर का निर्माण होने जा रहा है जिसके लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में 18 अलग-अलग महालक्ष्मी जनाशीर्वाद यात्राओं का आयोजन भी किया जा रहा है। गुडगांव जिले में यात्रा का प्रवास 15 दिनों के लिए आगामी जुलाई माह में निश्चित किया गया है। इसी यात्रा की तैयारियों को लेकर संस्था के ईश्वर मित्तल, सुंदरदास अग्रवाल ने बैठक का आयोजन किया था। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी एक जुलाई से 15 जुलाई तक यात्रा से 11 हजार अग्रवाल परिवारों को जोडने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 9 जुलाई को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में वे बढ़-चढकर भाग लें।

# अग्निपथ योजना के विरोध में शुरू हुआ सत्याग्रह व धरना

गुरग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



**धरना**

- देश व युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है भाजपा सरकार : सुधीर चौधरी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार की अग्रिपथ योजना के विरोध में सोमवार को देश के विभिन्न प्रदेशों में सत्याग्रह आंदोलन व धरने दिए गए, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता देशवासी शामिल होकर इस योजना का विरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को पटौदी विधानसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व पटौदी विधानसभा से चुनाव लड़ चुके सुधीर चौधरी के नेतृत्व में सत्याग्रह आंदोलन व धरने का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व विधानसभा के क्षेत्रवासी शामिल हुए और अग्रिपथ योजना का विरोध करते हुए केंद्र सरकार से इस योजना का वापिस लेने की मांग की।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य वरिष्ठ नेता सुधीर चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार की अग्रिपथ योजना न तो देश के हित में और न ही युवाओं के हित में। इस योजना के माध्यम से भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस योजना से देश की सेना जहां कमजोर होगी, वहीं देश की सुरक्षा को खतरा पैदा होगा।

आज जिस प्रकार की स्थिति पैदा हुई है, वह सरकार की नाकामी को दशार्ती है। चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 2 वर्षों से कोई भर्ती नहीं की है। कोरोना काल में भी सरकार ने लोगों से नौकरी छीन ली थी। आज सरकारी नौकरी आधी रह गई हैं। केंद्र सरकार ने निजीकरण व ठेके प्रथा को बढ़ावा दिया हुआ है। सेना में भी ठेके प्रथा की शुरूआत कर दी है। उन्होंने अग्रिपथ योजना को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि एक युवा पहले रोजगार के लिए 18 वर्ष की आयु तक तैयारी करेगा और 21 वर्ष की आयु में वह सेवानिवृत हो जाएगा, जिसके बाद वह बेरोजगार घूमेगा। उन्होंने कहा कि यदि 4 साल के लिए ठेके पर सैनिकों को भर्ती करेंगे तो उसके बाद उनका भविष्य क्या होगा। देश की सुरक्षा खतरे में आ सकती है। यह योजना केवल तनख्वाह, पेंशन, स्वास्थ्य लाभ और कैंटीन सुविधाओं आदि में कटौती करने के लक्ष्य से बनाई गई। अगिनपथ योजना से भाजपा सरकार पेंशन बंद करना चाहती है। जो सरकार वन रैंक वन पैंशन की बात करती थी, आज वही सरकार सेना की पैंशन खत्म करने पर तुली हुई है। युवाओं से उनका हक छीना जा रहा है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि युवाओं व देश के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार इस योजना को वापिस ले और देश की सेना को मजबूत बनाने के लिए नियमित भर्तियां शुरू की जाएं ताकि युवाओं को भी रोजगार मिल सके। इस अवसर पर एडवोकेट सुंदर, राजेंद्र कुमार, रमेश सरपंच, दुष्यंत यादव, अरुण कुमार, अजीत, गौरव राठी, गौरव यादव, ब्रह्म प्रकाश, रविंद्र राठी, कृष्ण फौजी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने किया सत्याग्रह

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे : सुखबीर

गुरुग्राम में सोमवार को सैकड़ों कांग्रेसी नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुट होकर केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही अग्निपथ योजना के विरोध में लघु सचिवालय के सामने सत्याग्रह आंदोलन किया। इस आंदोलन में मुख्य रूप से कांग्रेस के पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील भारद्वाज, पंकज डाबर, जिले सिंह नम्बरदार, युवा जिलाध्यक्ष निशित कटारिया, सुनीता सहरावत, महिला जिलाध्यक्ष निर्मला यादव, कर्नल जेएस भारद्वाज, कुलदीप कटारिया, सतीश कटारिया, प्रदीप कटारिया, सूबे सिंह यादव, भारत मदान, कुलराज कटारिया, हैप्पी कटारिया आदि मौजूद रहे।

इस आंदोलन में कांग्रेस ने साफ किया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही यह योजना युवाओं के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ है। पूर्व मंत्री सुखबीर सिंह कटारिया ने कहा कि इस योजना से युवाओं का भविष्य खराब हो सकता है, इसके लिए उनकी मांग है कि केंद्र सरकार योजना लागू करना चाहती है तो अच्छी बात है, लेकिन योजना में बदलाव करें। सेना में भर्ती होने वाले अन्य जवानों की तरह अग्निपथ योजना में भी वही लाभ युवाओं को दिया जाना चाहिए।,

पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के 70 साल के कार्यकाल में एक भी भर्ती ऐसी नहीं आई है जिसमें सरकार 4 साल या 5 साल के कार्यकाल की योजना लेकर आई हो। यह पहली सरकार है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए भर्ती में मात्र 4 साल की नौकरी देने की बात कर रही हैं, जो युवा 4 साल इस योजना में शामिल होकर नौकरी करेंगे वह युवा 4 साल बाद क्या करेंगे। नेता पंकज डावर व निशित कटारिया ने कहा कि इस सरकार में बेरोजगारी चरम पर है, हालात यह है कि हर विभाग में लाखों पद खाली पड़े हैं, लेकिन युवाओं की भर्तियां नहीं की जा रही है। प्राइवेट सेक्टर में भी युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

इस सरकार ने महामारी का बहाना लेकर युवाओं को सिर्फ बरगलाने का कार्य किया है। युवाओं के लिए सेना में भर्ती करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई इस योजना से इस सरकार का असली चेहरा सामने आ चुका है, क्योंकि जो सरकार देश में वन रैंक वन पेंशन की बात करती थी आज वही सरकार नो रैंक नो पेंशन की बात कर रही है। आने वाले समय में इस सरकार को युवाओं के गुस्से और विरोध के कारण भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# गैरकानूनी तरीके से किया जा रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित रेहडियों, ढाबों, हलवाईयों की दुकानों, ठेलों आदि पर रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग धडल्ले से किया जा रहा है। मजे की बात यह है रसोई गैस के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन और खाद्य विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ऐसे में चाय की दुकानों, ढाबों, ठेलों आदि पर व्यावसायिक गैस सिलेंडर की जगह, रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है।

प्रबुद्धजनों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यापार में उपयोग कर रहा है तो यह नियम विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि शहर में खुले आम नियमों को ताक पर रखकर घर में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों को दुकानदार और चाय नाश्ता ठेले और कई नाश्ता दुकान वाले अपने व्यापार के लिए उपयोग कर रहे हैं। व्यावसायिक सिलेंडर मंहगा पडने की वजह से सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग खुलेआम दुकानों पर किया जा रहा हैं।

व्यापार के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर का उपयोग करना अनिवार्य है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं कई दुकानदार कार्यवाही से बचने के लिए सामने तो व्यावसायिक सिलेंडर रखते हैं लेकिन अंदर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। शहरवासियों से जिला प्रशासन से मांग कि दुकानों पर घरेलू सिलेंडरों के प्रयोग करने पर जिस प्रकार सोहना क्षेत्र में विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है, उसी प्रकार गुरुग्राम में भी दुकानों, रेहडियों, ढाबों पर घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग करने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाए।

# बादशाहपुर की मेन सड़क पर रेहडियों का जमावड़ा, लगा रहता भयंकर जाम

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



बादशाहपुर की मैन सडक पर वैसे तो हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है लेकिन शाम होते ही जाम भयंकर रूप धारण कर लेता है। जिसकी वजह से आए दिन बादशाहपुर में दुर्घटनाएं हो रही हैं और शायद ही कोई दिन ऐसा खाली जाता हो जिस दिन इस भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए बादशाहपुर की इस शब्जी मार्केट से बाइक चोरी छीना झपटी न होती हो।

इन सब की तरफ से बादशाहपुर पुलिस ने बिल्कुल आंखें बंद की हुई है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी इस भीड़ भाड़ को खत्म करने के लिए व यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रयास करते नजर आते हैं लेकिन ज्यादा लंबा एरिया व ज्यादा भीड़ होने की वजह से कामयाब नहीं हो पाते हैं। रोड पर लगने वाली रेहड़ी सडक पर जाम लगाने में मुख्य भूमिका निभाने रही हैं। राहगीरों के लिए बनाई गई सर्विस रोड आपको दूर-दूर तक नजर नहीं आएगी। क्योंकि पूरे सर्विस रोड पर आपको सिर्फ और सिर्फ रेहडियां ही खड़ी नजर आएंगी। हालांकि ग्रामीणों ने कई बार इस बारे में गुरुग्राम नगर निगम व बादशाहपुर पुलिस को शिकायत की, लेकिन न पुलिस ने सुनी और न ही निगम ने। आपको हम यह भी बता दें कि बादशाहपुर सब्जी मंडी में लगने वाली रेहडियां से कुछ युवक अवैध उगाई भी करते हैं। अवैध उगाई के चलते ही ज्यादा से ज्यादा रेहडियों को लगवाने की कोशिश कीउजाती हैं। इतना ही नहीं जब इन रेहड़ी वालो से पूछा गया तो उन्होंने अपनी पहचान छुपाने की शर्त पर बताया कि हम दुकानदारों को बदले में महीने में 5 से 10 हजार रुपये भी देते हैं।

जिसका पुलिस को भी पता है लेकिन इस और पुलिस द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। रेहड़ी वालो का तो ये भी कहना कि बादशाहपुर पुलिस को मंथली देनी पड़ती है तब जाकर हम रेहड़ी लगा पाते हैं। अब देखना यह है कि पुलिस या नगर निगम अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है या उससे पहले कोई कदम उठाया जाता है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर लगेगा जुर्माना

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- एक जुलाई से पीसीबी चलाएगा जागरुकता अभियान

जिला प्रशासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने कीतैयारियां शुरू कर दी हैं और आगामी एक जुलाई से नगर निगम के सहयोग सेपॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) प्लास्टिक की बिक्री या इसके इस्तेमाल

करने वालों पर कार्यवाही करेगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक जोन मेंदुकानों पर नजर रखी जाएगी। फूड पैकेट, कचरा बैग, कप, गिलास, कटोरी भी प्लास्टिक की नहीं मिलेगी। बतादें कि प्रशासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति शहरवासियों को कई बार जागरुक किया, लेकिन अब सख्ती से निपटने की तैयारी कर रहा है। पीसीबी की टीमें एक अभियान के तहत लनोगों को प्लास्टिक के खतरों के प्रति जागरुक भी करेगी और नियम तोडने वालों का चालान भी किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार प्लास्टिक का प्रयोग करने पर 500 रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना लग सकता है। यदि बड़ी मात्रा में प्लास्टिक मिलती है तो जुमार्ने की रकम 25 हजार रुपए तक हो सकती है। हालांकि अभी सजा का कोई प्रावधान नहीं है। वहीं शहरवासियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन सही दिशा में काम कर रहा है। यदि बाजार से प्लास्टिक खत्म हो जाए तो प्रदूषण पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

### एमजी रोड पर भरा गंदा पानी व जमा कीचड़, क्षेत्रवासी परेशान

**गुरुग्राम।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना बारिश के भी जलभराव व कीचड़ की समस्या का सामना शहरवासियों को करना पड़ रहा है। हालांकि नगर निगम व जीएमडीए दावा करता थक नहीं रहा है कि शहर में कहीं भी गंदगी नहीं है और सफाई व्यवस्था सुचारु रुप से चल रही है। शहरवासियों का कहना है कि ऐसा सबकुछ प्रशासन की फाइलों में ही है, वास्तविकता तो कुछ और है। सफाई व्यवस्था विभिन्न क्षेत्रों में चरमराई हुई है। एमजी रोड शहर की एक मुख्य सडक मानी जाती है। इस सडक से प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन भी गुजरते हैं और इस सडक पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कार्यालय व शाखाएं भी स्थित हैं। बड़े-बड़े होटल व बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कार्यालय भी हैं। बिजली वितरण निगम व स्टेट बैंक के निकट सदैव गंदा पानी भरा रहता है और कीचड़ के कारण फुटपाथ से भी निकलना बड़ा मुश्किल होता है। क्योंकि फुटपाथ पर छोटा-मोटा काम करने वाले लोगों ने कब्जा जमाया हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बारिश का पानी सदैव यहां पर भरा रहता है और समय-समय पर सीवरेज भी ओवरफ्लो होते रहते हैं।

# दलित समाज की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : मधु

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- उक्त बात मेयर ने दलित समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कही

नगर निगम की मेयर मधु आजाद ने कहा कि दलित समाज की शमशान भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा जमीन का कब्जामुक्त करवाकर समाज को सौंपा जाएगा। उक्त बात मेयर ने अपने आवास पर दलित समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कही।

मेयर आवास पर गुरु रविदास सभा जैकमपुरा (जाटव समाज), धानक समाज व वाल्मीकि समाज का प्रतिनिमण्डल पहुंचा था। प्रतिनिमण्डल ने मेयर को पत्र सौंपते हुए कहा कि हिदायतपुर छावनी अर्थात शक्ति पार्क में दलित समाज की शमशान भूमि पर कुछ व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कर लिया गया है। अवैध कब्जाधारकों को नगर निगम द्वारा नोटिस आदि भी दिए गए हैं तथा सुनवाई आदि की प्रक्रिया भी की गई। समाज के प्रतिनिमण्डल ने इन अवैध निमार्णों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

उन्होंने बताया कि सन्दर्भ में उनके द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त अमरदीप सिंह को जांच सौंपी गई है। वे स्वयं अधिकारियों के साथ जल्द ही विवादित भूमि का मौका मुआयना करेंगी। उन्होंने प्रतिनिमण्डल के सदस्यों से पूरी जानकारी प्राप्त की तथा कहा की वे इस बारे में निगम अधिकारियों से बातचीत करेंगी तथा शमशान भूमि पर अवैध कब्जों को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एडवोकेट अशोक आजाद, कैप्टन प्रेमसिंह, प्रताप सिंह कदम, प्रधान योगेंद्र सिंह, कन्हया लाल, योगेश वाल्मीकि, सतीश्वर झाड़सा सहित तीनों समाज के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित थे।

# केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया पौधारोपण

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में कल्पतरूह अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अभियान के अंतर्गत पूरे देश में 15 अगस्त तक 40 लाख पौधे लगाने की मुहिम चलाई जा रही है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जो प्रकृति की रक्षा करता है, प्रकृति उसकी रक्षा करती है। जीव और प्रकृति दोनो अलग हैं। जीव ही किसी न किसी रूप से प्रकृति पर अपना प्रभाव डालता है। हमारी संस्कृति, प्रकृति और जीव में एकत्व भाव स्थापित करती है। आज हम अनेक साधनों के संचालन के लिए ऊर्जा का प्रयोग करते हैं। जिसके लिए कहीं न कहीं प्रकृति का संतुलन बिगड़ता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जीवन शैली से ही हम प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापन कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज इस दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। भारत ऊर्जा के क्षेत्र में इको फ्रेंडली अनुसंधान कर रहा है। वृक्षारोपण के द्वारा भूमि कटाव को भी रोका जा सकता है। करुणा और दया का भाव ही प्रकृति के साथ प्रेम करना सिखाता है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि योग जीवन में अनुशासन पैदा करता है। मन को नियंत्रित करना ही सच्चा अनुशासन है। ब्रह्माकुमारीज संस्था सतोगुण जागृत करने का कार्य कर रही है। बीके आशा ने कहा कि प्रकृति से प्रेम ही जीवन को सुखद बनाता है। जीवन बनाए रखने के लिए प्रकृति का संतुलन जरूरी है। बीके शांतनु ने कहा कि कल्प तरूह एक ऐसा अभियान है, जो हमें आध्यात्मिक सशक्तिकरण का संदेश देता है। प्रकृति सदैव देती है। आयोजन को बीके कोमल, सुनैना, दीपक, विधात्री आदि ने भी संबोधित किया।

# मेनाल महादेव व अजरेश्वर महादेव का व्यास पूर्णिमा पर होगा रुद्राभिषेक

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का पर्व संस्था के विभिन्न मठों में धूमधाम से मनाया जाएग

आषाढ माह की पूर्णिमा यानि कि व्यास पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा व गुरु पूजा के रुप में भी मनाई जाती है। इस वर्ष यह पूर्णिमा आगामी 13 जुलाई को पड़ रही है। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा इस पूर्णिमा को बड़े स्तर पर धूमधाम से भी मनाया जाता है। सिद्धयोग मठ अखाड़ा व विश्व हिंदू महासंघ भारत अध्याय के राष्ट्रीय महासचिव बालयोगी अलखनाथ ओघड़ ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का पर्व संस्था के विभिन्न मठों में धूमधाम से मनाया जाएगा।

मां भारती के वीर सपूत, महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धासुमन भी अर्पित किए जाएंगे। उनका कहना है कि गुरु गद्दी की सेवा विधिवत ग्रहण करने का औपचारिक संकल्प भी 13 जुलाई को लिया जाएगा और राजस्थान स्थित चितौडगढ़ के मेनाल महादेव व अजरेश्वर महादेव का विधिवत रुप से रुद्राभिषेक भी करेंगे। नाम स्मरण दीक्षा आदि का आयोजन भी होगा। प्रवचन व सत्संग का लाभ भी श्रद्धालु उठा सकेंगे। उनका कहना है कि मेनाल मठ सिद्धपीठ से गोरखपुर स्थित गुरु गोरखनाथ मठ में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेंगे। गुरु दीक्षा भी दी जाएगी। इस अवसर पर महामाई जोगनिया माता, सिद्धवीर, बंकनाथ, बालाजी महाराज आदि भी मौजूद रहेंगे। संत विचार सुधा भी सत्संग के माध्यम से प्रभाहित होगी।

# मेयर की अध्यक्षता में सदन की सामान्य बैठक आयोजित

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




- जिस इलाके में हुआ जलभराव, संबंधित अधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई : मधु आजाद

गुरूग्राम की मेयर मधु आजाद की अध्यक्षता में नगर निगम गुरूग्राम के सदन की सामान्य बैठक सिविल लाईंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित की गई। बैठक में गुरूग्राम के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए उन्हें पास किया गया।

बैठक में नगर निगम गुरूग्राम की चीफ टाऊन प्लानर मधुस्मिता मोईत्रा ने प्रस्ताव रखा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग निदेशालय हरियाणा द्वारा हरियाणा नागरिक सुविधाओं के प्रबंधन और बुनियादी ढांचे वाले नगर क्षेत्र (विशेषप्रावधान) संशोधन अधिनियम-2016 और उसके बाद के संशोधनों की धारा-3 के तहत गुरूग्राम की 24 कॉलोनियों के प्रस्तावों को नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढ़ांचे की कमी के रूप में घोषित करने के मानदंडों को परिचालित किया है। इसके बाद नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा तैयार की गई अनधिकृत कॉलोनियों के लेआऊट प्लान के संबंध में मानदंड तय किए गए हैं। टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने अवैध/अनधिकृत कॉलोनियों में बुनियादी ढ़ांचे की कमी के उद्देश्य से अनधिकृत कॉलोनी में डेफिसिट इन्फ्रास्ट्रक्चर डिटेल्स पोर्टल पहले ही लांच कर दिया गया था। इन कॉलोनियों का ड्रोन सर्वेक्षण उनके द्वारा किया गया है और उसके बाद डीयूएलबी द्वारा उन्हें संबंधित नगर पालिकाओं को भेजा जा रहा है। गुरूग्राम के लिए अब तक 24 ऐसे लेआऊट प्लान प्राप्त हुए हैं। फिलहाल इन योजनाओं पर नगर निगम गुरूग्राम की जांच चल रही है। जीआईएस लैब को सत्यापन रिपोर्ट जमा करने और उसके बाद अग्रेषण के लिए जेई और पटवारियों की टीम गठित की गई है।

मामला सदन के समक्ष विचार एवं अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। इस मामले पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि सर्वे सही प्रकार से किया जाना चाहिए तथा इसकी निगरानी बेहतर तरीके से की जानी चाहिए। क्रॉस वैरीफिकेशन के लिए जोनवाईज कमेटी का गठन किया जाएगा। जो कॉलोनियां निर्धारित नॉर्म्स को पूरा करती हैं, उन्हें सरकार के पास स्वीकृति हेतु भेजा जाए। इसके अलावा, शेष के लिए नॉर्म्स में रिलैक्शेसन का अनुरोध किया जाए। मेयर मधु आजाद ने कहा कि इस बार बरसात में किसी भी सूरत में जलभराव नहीं होना चाहिए।

इसके लिए पहले से ही सभी प्रकार के पुख्ता प्रबंध कर लिए जाएं। इसके बावजूद भी अगर कहीं पर जलभराव की समस्या आती है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी तथा उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह के लिए सिफारिश भेजी जाएगी। निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम के भवनों में बिजली बचत के लिए सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। प्रथम चरण में वार्ड-14 व 13 से इसकी शुरूआत की जाएगी। यह मामला वार्ड-14 के पार्षद संजय प्रधान द्वारा बैठक में रखा गया था। प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे में खामियों बारे निगमायुक्त ने कहा कि इस बारे में पुराने डाटा तथा नए डाटा को मैच करके जो खामियां सामने आएंगी उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा, जोन वाईज नियमित कैंप लगाए जाएंगे। स्ट्रीट लाईट मामले पर निर्णय लिया गया कि जैम पोर्टल से स्ट्रीट लाईट की खरीद करके वार्डों में निगम पार्षद द्वारा बताई गई जगहों पर लगाया जाएगा। बैठक में विभिन्न स्थानों पर लगे साईन बोर्डों के बारे में निर्णय लिया गया कि सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने एरिया में सर्वे करवाएंगे तथा जो साईन बोर्ड गलत लगे हुए हैं, उन्हें हटाया जाएगा। शहर में जगह-जगह लगने वाली विज्ञापन सामग्री के लिए जगह चिन्हित की जाएंगी। बैठक में निगमायुक्त ने सभी कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे इसी सप्ताह जलभराव वाली जगहों पर पर्याप्त मात्रा में मशीनरी लगा दें।

### तावडू में साईं बाबा का 15वां मूर्ति स्थापना दिवस उत्सव 7 जुलाई को

**तावडू।** शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाईं धाम मंदिर में आगामी 7 जुलाई को 15वां वार्षिक उत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। वार्षिक उत्सव को लेकर सेवादारों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। वार्षिक उत्सव की सफलता के लिए सेवादारों जुटे हुए हैं। यह जानकारी मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र अचार्य ने दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 जुलाई को श्रीसाईं बाबा मंदिर का 15वां स्थापना दिवस श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसी दिन प्रातः काकड आरती और उसके बाद अभिषेक व बाबा का श्रृंगार आदि किया जाएगा। इस कार्य के बाद ही श्रीसाईं सच्चरित पाठ का आरंभ होगा। सांय काल 5 बजे श्री साईं बाबा की पालकी निकाली जाएगी और पालकी के पुनः मंदिर में पहुंचने पर ही साईं संध्या के माध्यम से बाबा का गुणगान किया जाएगा। जिसके लिए क्षेत्र के विख्यात कलाकार सन्नी साईं को आमंत्रित किया गया है। वहीं इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत से मिला जीआईए का प्रतिनिधिमंडल



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

गुडगांव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (जीआईए) का प्रतिनिधिमंडल प्रधान जेएन मंगला की अध्यक्षता में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत से मिला। जेएन मंगला ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत कराया या। जिस पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहूजा से बात कर आदेश दिया कि आईडीसी क्षेत्र में नगर निगम से संबंधित जितनी भी समस्यांए है उनका तुरंत निवारण किया जाए। निगमायुक्त ने मंत्री को आश्वस्त किया कि आज मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में समस्याओं के बारे में विस्तार में चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त दूसरें मुददो पर भी मंत्री से चर्चा की गई। उन्होने आश्वस्त किया कि जिन जिन विभागों की समस्या है उस पर भी जल्द से जल्द फैसला लिया जाएगा। इन सभी विभागीय समस्याओं के बारे में प्रतिनिधिमंडल को सुझाव दिया कि भिन्न भिन्न विभागों की समस्याओं के लिए अलग अलग पत्रों की मांग की गई। इस अवसर पर केसी संदल, वीके टंडन, सुमित राव, बीके मैथी, अशोक गुप्ता, मुकुल गुप्ता मौजूद रहे।

## अब दावेदारी की जंग

अब महाराष्ट्र में शिवसेना पर दावेदारी का दंगल शुरू हो चुका है। बागी विधायकों का दावा है कि अब शिवसेना पर उनका अधिकार है, जबकि उद्धव ठाकरे ताल ठोंक रहे हैं कि चूंकि उनके पिता ने यह पार्टी बनाई थी, इसलिए इस विरासत पर उनका अधिकार है। फिर सारे जिलों के संगठन प्रमुख उनके साथ हैं, इसलिए बागी विधायकों का इस पार्टी पर अधिकार जताना बेमानी है। दरअसल, महाराष्ट्र में शिवसेना का एक बड़ा जनाधार है और जिसके पास उसका चुनाव निशान रहेगा, पार्टी पर जिसका कब्जा रहेगा, भविष्य में उसी के लिए वहां की राजनीति में जगह बनाने की संभावना भी रहेगी। इसलिए, बागी विधायक जानते हैं कि अगर उन्होंने अलग पार्टी बनाई, तो उन्हें उस तरह समर्थन हासिल नहीं हो सकेगा, जैसा शिवसेना में रहते मिला करता था। इसका उदाहरण उनके सामने है कि शिवसेना से अलग होकर राज ठाकरे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई, पर वैसा समर्थन नहीं मिल सका, जैसा शिवसेना को प्राप्त है। इसलिए वे उसे हथियाने का प्रयास कर रहे हैं। मगर उद्धव ठाकरे अपने पिता की बनाई पार्टी को इस तरह किसी को हड़पने नहीं दे सकते। उसे बचाने के लिए वे अपनी राजनीतिक गोटियां ठीक कर रहे हैं।

बागी विधायकों ने पार्टी पर अधिकार पाने के लिए निर्वाचन आयोग में अर्जी भी दे दी है। कानूनी नुक्ते से निर्वाचन आयोग पार्टी पर उन्हें कब्जा दिला सकता है। नियम के मुताबिक जिस पक्ष के पास दो तिहाई से अधिक सदस्य हैं, उसे पार्टी का असली हकदार मान लिया जाता है। बागी विधायकों का दावा है कि उनके पास फिलहाल अड़तीस विधायक हैं। हालांकि उद्धव ठाकरे का दावा है कि सारे जिलों के प्रमुख और कार्यकर्ता उनके साथ हैं। मगर कानून पार्टी की स्थिति का निर्णय कार्यकर्ताओं के आधार पर नहीं, प्रतिनिधियों के आधार पर करता है। प्रतिनिधियों को ही पार्टी के जनमत के रूप में परिवर्तित किया जाता है। इस तरह बागी विधायकों का पलड़ा भारी है। पर उद्धव ठाकरे इस प्रयास में लगे हुए हैं कि बागी विधायकों में से सोलह की सदस्यता रद्द कराने में कामयाबी मिल जाए। इसका अनुरोध उन्होंने सदन के उपसभापति से किया भी है, मगर अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस वक्त महाराष्ट्र विधानसभा में सभापति का पद खाली है, इसलिए इस पर निर्णय उपसभापति को लेना है। उपसभापति राष्ट्रवादी कांग्रेस के हैं, इसलिए बागी विधायकों को शक है कि वे उद्धव ठाकरे के पक्ष में जा सकते हैं। इसलिए उन्होंने विधायक को निलंबित करने का अनुरोध किया है। इस तरह अब उपसभापति विधायकों को निलंबित करने संबंधी कोई कदम नहीं उठा सकते।

अभी बागी विधायक गुवाहाटी में बैठे हैं और दोनों गुटों के बीच रस्साकशी फोन और चिट्ठी के जरिए चल रही है। अभी तक किसी ने अविश्वास प्रस्ताव की मांग नहीं की है। बागी विधायकों की कोशिश है कि पहले पार्टी पर कब्जा हो जाए, तो सरकार बनाना और स्वीकार्यता हासिल करना आसान हो जाएगा। मगर उन्हें निर्वाचन आयोग मान्यता दे भी दे तो शायद महाराष्ट्र में जनाधार संभालना आसान नहीं होगा। बागी विधायकों के पक्ष में बड़े-बड़े बैनर लग गए थे, मगर शिवसेना समर्थक अब सक्रिय हो उठे हैं और उन्होंने उन पोस्टरों पर स्याही फेंकना शुरू कर दिया है। उद्धव ठाकरे ने भी धमकाया है कि बिना उनकी तस्वीर के बागी विधायक महाराष्ट्र में निकल कर दिखा दें। इस तरह यह विरासत की लड़ाई अब मूंछ की लड़ाई बन चुकी है।

## महंगाई की मार

महंगाई को लेकर लंबे समय से हालात चिंताजनक ही बने हुए हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि अगले छह महीनों में महंगाई दर छह फीसद से ऊपर ही बनी रहेगी। जाहिर है, हाल-फिलहाल राहत नहीं मिलने वाली। हालांकि चौथी तिमाही में महंगाई दर में कमी आने की उम्मीद है, पर पुख्ता तौर पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी ही होगी। वैसे रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर चेतावनियां पहले भी देता रहा है। इसलिए अब लोग सिर्फ उम्मीदों के सहारे ही हैं। हालत यह हो गई कि मरता क्या न करता! न्यूनतम खर्च के लिए भी लोगों को सौ बार सोचना पड़ रहा है। महंगाई से निपटना सरकार का काम है, जिसमें वह अब तक नाकाम ही रही है। महंगाई के लिए सरकार पहले तो कोरोना महामारी को जिम्मेदार बता कर पल्ला झाड़ती रही और अब वैश्विक कारण गिनाए जा रहे हैं। इससे लगता है कि सरकारें भी यह मान बैठी हैं कि लोग महंगाई की मार में जीने के आदी हो चले हैं, इसलिए चिंता की क्या बात! इसमें कोई संदेह नहीं कि महामारी की वजह से महंगाई और बेरोजगारी का संकट न सिर्फ बढ़ा है, बल्कि यह गंभीर रूप धारण कर चुका है। पर यह भी सही है कि ऐसे हालात सिर्फ भारत में ही नहीं, दुनिया के ज्यादातर देशों में बने हुए हैं। अमेरिका, ब्रिटेन हो या अन्य यूरोपीय देश, सब जगह लोग महंगाई से त्रस्त हैं। कमोबेश सभी देशों की अर्थव्यवस्था हिली पड़ी है। रोजगार का संकट भी गहराता जा रहा है।

जाहिर है, भारत भी इससे अछूता नहीं रह सकता। आम लोगों के लिए तो महंगाई का मतलब यही है कि रोजमर्रा के जरूरी सामान से लेकर खाने-पीने की चीजें और सब्जियां-फल, दूध, खाद्य तेल, ईंधन आदि के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। फिर एक स्थिति ऐसी आ जाती है कि लोग जरूरी चीजों में भी कटौती के लिए मजबूर होने लगते हैं। आज यही हालात बन गए हैं। दो साल के भीतर ऐसा दौर चला है कि दाम साठ से अस्सी फीसद बढ़ गए हैं। कंपनियां दाम बढ़ाने के पीछे कच्चे माल से लेकर ईंधन के दाम बढ़ने का तर्क दे रही हैं। उत्पादन लागत बढ़ने से थोक महंगाई भी पिछले सारे रेकार्ड तोड़ चुकी है। लेकिन महंगाई का असर रोजगार पर भी व्यापक रूप से पड़ता है, जो हम देख ही रहे हैं। महंगाई कारोबारी योजनाओं से लेकर उत्पादन को प्रभावित करती है। ऐसे में उद्योग भी लागत और खर्च घटाने के हरसंभव जतन करते दिखते हैं। कम से कम श्रम बल में काम चलाने की रणनीति रोजगार के अवसरों को प्रभावित करती है। एक मुश्किल यह भी बनी हुई है कि महामारी और इससे उपजे आर्थिक संकट ने लोगों की आय पर भी असर डाला है। नियमित आमद का संकट खड़ा हो गया है। जीवन जीने की लागत जिस तेजी से बढ़ रही है, उसके अनुपात में लोगों की आमदनी घटती जा रही है। इस वजह से लोग महंगाई का मुकाबला कर पाने में अपने को असहाय पा रहे हैं। कहने को रिजर्व बैंक ने महंगाई पर अंकुश के लिए मौद्रिक उपाय किए हैं, सरकार भी राजकोषीय कदम उठाने की बात कर रही है, लेकिन इन सबका असर दिख नहीं रहा। महंगाई से निपटने के लिए लोगों को रोजगार मुहैया करवाने की जरूरत है, ताकि उनके हाथ में पैसा आना शुरू हो। लेकिन इस मोर्चे पर केंद्र और राज्य सरकारें कामयाब होती दिख नहीं रहीं।

### प्रेरक प्रसंग

## राष्ट्र की जरूरत

बात उन दिनों की है जब महात्मा गांधी देश का दौरा कर रहे थे। दौरे के बीच एक दिन सोदपुर में ठहर गये। वहां भगीरथ कनोडिया के परिवार की कुछ महिलाएं बापू के दर्शन के लिए पधारीं। श्रद्धावश उन्होंने बापू को उपहार स्वरूप कुछ रुपये दिये। वे बोले, बस इतने ही रुपये? पास ही सीताराम सेकसरिया बैठे थे।

वे बोले, बड़े आश्चर्य की बात है, बापू! आपको हजारों रुपये सहयोग के रूप में जनता देती है, फिर भी आपकी पूर्ति नहीं होती? बापू मुस्कुराकर बोले, आपका कहना सही है। मेरी पूर्ति कैसे हो सकती है? किसी एक व्यक्ति की जरूरत हो तो पूरी हो, मुझे तो पूरे भारत की जरूरतों की पूर्ति करनी है

# युवाओं को मिले सुरक्षित भविष्य का भरोसा

**बेशक पिछले दो वर्ष महामारी की असामान्य परिस्थितियों के कारण बहुत विकट थे। पहले बरस की शुरूआत पूर्णबंदी अथवा लॉकडाउन से हुई थी, इसके बाद अपूर्ण बंदी की स्थिति में भी जनजीवन असामान्य हो गया। कोरोना वायरस के रंग बदलने के कारण आर्थिक व स्वास्थ्य परिस्थितियां मृत्यु संवाहक रही। कोरोना महामारी की पहली और दूसरी लहर ने आर्थिक गतिविधियों को निस्पंद कर दिया। कहां तो विकास पथ पर गतिमान देश स्वत: स्फूर्त हो जाने के सपने देख रहा था, और कहां देश की विकास दर शून्य से भी बहुत नीचे चली गयी। यहां औद्योगिक निवेश और कल-कारखानों की गति निस्पंद होती चली गयी। भीतरी, बाहरी व्यवसाय पर अवसाद और मन्दी के साये गहरा गये। देश की युवा पीढ़ी के लिए तो पहले ही शिक्षा अनुसार रोजगार की कोई गारंटी नहीं थी, अब निवेश और उत्पाद का ग्राफ यूं गिरा कि बड़े पैमाने पर मौजूदा रोजगार पर भी छंटनी और विस्थापन के साये मंडराने लगे। सरकार ने अपना दायित्व निभाने के नाम पर देशवासियों को भूख से न मरने देने की गारंटी तो दे दी**



**सुरेश सेठ**
**लेखक साहित्यकार हैं**




अचानक अपना देश अपनी मूल समस्या के सामने आकर खड़ा हो गया है। भ्रष्टाचार, महंगाई, नौकरशाही और सेहत उपचार में सुधार या शिक्षा के नये क्षितिज खोलना बेशक अपने देश की आधारभूत समस्याएं हैं। लेकिन इनसे भी बड़ी एक और मूल समस्या इस युवा देश में युवकों को रोजगार देना है। बेशक पिछले दो वर्ष महामारी की असामान्य परिस्थितियों के कारण बहुत विकट थे। पहले बरस की शुरूआत पूर्णबंदी अथवा लॉकडाउन से हुई थी, इसके बाद अपूर्ण बंदी की स्थिति में भी जनजीवन असामान्य हो गया। कोरोना वायरस के रंग बदलने के कारण आर्थिक व स्वास्थ्य परिस्थितियां मृत्यु संवाहक रही। कोरोना महामारी की पहली और दूसरी लहर ने आर्थिक गतिविधियों को निस्पंद कर दिया। कहां तो विकास पथ पर गतिमान देश स्वतः स्फूर्त हो जाने के सपने देख रहा था, और कहां देश की विकास दर शून्य से भी बहुत नीचे चली गयी। यहां औद्योगिक निवेश और कल-कारखानों की गति निस्पंद होती चली गयी। भीतरी, बाहरी व्यवसाय पर अवसाद और मन्दी के साये गहरा गये। देश की युवा पीढ़ी के लिए तो पहले ही शिक्षा अनुसार रोजगार की कोई गारंटी नहीं थी, अब निवेश और उत्पाद का ग्राफ यूं गिरा कि बड़े पैमाने पर मौजूदा रोजगार पर भी छंटनी और विस्थापन के साये मंडराने लगे। सरकार ने अपना दायित्व निभाने के नाम पर देशवासियों को भूख से न मरने देने की गारंटी तो दे दी, लेकिन उनकी शिक्षा और योग्यता के अनुसार उन्हें उचित काम देने की कोई गारंटी नहीं दी। शहरी बेकारी की समस्या तो पहले ही विकट थी और अपना समाधान पलायन में तलाश रही थी। अब उन्हें नयी नौकरियां तो क्या मिलनी थी, कामगारों की लगी-लगायी नौकरियां भी छूट गयीं। कभी श्रम विस्थापन की जो बहुत बड़ी समस्या देश विभाजन के समय पैदा हुई थी, वह उससे भी विकराल रूप धारण करके सामने आ गयी। जो निष्क्रमण पहले गांवों की आर्थिक दुरावस्था के कारण शहरों, महानगरों और औद्योगिक अंचलों में हुआ था, वह अब महानिष्क्रमण बनकर वापस गांवों की ओर लौटने लगा। आंकड़ों ने बताया कि श्रम शक्ति का यह विस्थापन इससे कहीं अधिक था, जितना इससे पहले भारत के सन् सैंतालीस के महाविभाजन में देखा था।

यह श्रम शक्ति उन्हीं अपने गांव-घरों की ओर लौट रही थी जिनकी आर्थिक दुरावस्था से आजिज आकर इन्होंने कभी शहरों और औद्योगिक विकल्प की ओर प्रस्थान किया था। अब वहां काम नहीं था, कल-कारखानों ने धुआं उगलना बंद कर दिया था। भूख और बेकारी के साथ बीमारी और महामारी के साये उन पर गहराने लगे थे। वे अपनी पैतृकधरा, गांवों की ओर न लौटते तो और क्या करते? वे वापस लौटे तो पाया कि चाहे देश की कृषि क्षेत्र की सक्रियता ने ही देश को मृत्यु विभीषिका के विस्तृत प्रसार से बचाया था, लेकिन कृषि भी लघु अनार्थिक जोतों से घिरी, कृषि क्रांति से वंचित और रूढ़िवादी जीवन निर्वाह खेती थी। चन्द फसलों तक सिमटी पहली कृषि क्रांति ने उत्तरी भारत में जल्द दम तोड़ दिया था, और द्वितीय कृषि क्रांति करने का साहस देश का कोई कोना न जुटा पाया था। सरकार ने किसानों को नारे अवश्य दिये थे कि शीघ्र ही आपकी कृषि आय दोगुनी कर दी जायेगी, लेकिन फसल कीमतों के लिए न तो उन्हें स्वामीनाथन मॉडल दे पायी थी और न ही नियमित मंडियों में एमएसपी पर खरीद की गारंटी। छोटे किसान की आय क्या दुगनी होती, अब भी वह तो बमुश्किल जीवन निर्वाह खेती पर टिका था। अब इस ग्रामीण व्यवस्था पर लौटकर आये इन अतिरिक्त बंधु-बान्धवों के बोझ को कैसे उठा लेते? महामारी और महानगरों की आर्थिकता में अनिश्चय से चकराये हुए बन्धु-बान्धवों में से अधिकांश ऐसे रहे कि जो अब रोजी-रोटी के लिए महामारी के संक्रमण का दबाव घटने पर भी वापस जाने के लिए तैयार नहीं थे।

फिर भारत में रोजगार और काम का ढांचा ऐसा है कि नियमित-अनियमित, काम धंधा करने वाले दिहाड़ीदार, फड़ीवाले और रेहड़ी वाले अधिक हैं। महामारी के पहले झटके में ये सब लोग अपना काम खो बैठे, और अब संक्रमण का दबाव घटने पर अपने गांवों से शहरों की ओर लौटने को तैयार नहीं थे क्योंकि स्थिति सामान्य हो जाने के दावों के बीच रूस-युक्रेन युद्ध के तांडव से लेकर पर्यावरण प्रदूषण से जलवायु के असाधारण परिवर्तन ने ऐसा आपूर्ति का संकट पैदा कर दिया था कि थोक और फुटकल महंगाई ने अपनी वृद्धि के सभी रिकॉर्ड बनाये और कालाबाजारी ने बनावटी कमी पैदा कर दी। नतीजा असाधारण मन्दी से जीवन का अभिशप्त होते जाना, निवेशकों का हतोत्साह और विकास दर का उम्मीद से कम रह जाना निकला। नौकरियों के द्वार इस विस्थापित जनशक्ति के लिए शहरों में पुनः उस प्रकार नहीं खुले। जिन्हें नौकरियां वापस मिलीं वह भी पहले से कम वेतन पर मिलीं। भला ऐसे में विस्थापित श्रम शक्ति अपनी सम्पूर्णता में कैसे लौट जाती? उन्हें तो अब अपने गांव-घरों के करीब ही रोजगार चाहिये था। सरकार ने लघु और कुटीर उद्योगों को जीवन दान देने की घोषणा तो कर दी। लेकिन केवल घोषणा ही।

उधर, स्टार्टअप उद्योगों को प्रोत्साहन देने और स्किल इंडिया अभियान के द्वारा उन्हें नये कार्य कौशल में प्रशिक्षित करके रोजगार देने के बावजूद नतीजा टांय-टांय फिस्स निकला था। उम्मीद से कही कम उपलब्धि हुई और बेकारी के आंकड़े सुरक्षित सीमा रेखा से कहीं अधिक नजर आ रहे हैं। वैसे असली बेरोजगारी इससे कहीं अधिक है, क्योंकि इनमें पैतृक धंधों और खेती बाड़ी में लगे हुए अर्ध बेरोजगार और मनरेगा जैसी योजनाओं में लगे लोग शामिल नहीं थे। बेकारी की यह समस्या देश की युवा पीढ़ी का मनोविज्ञान भी बदलने लगी। समाज सर्वेक्षकों ने बताया है कि इन बेकारों में बड़ी श्रम शक्ति ऐसी है जो अब किसी भी नौकरी को पाने के लिए न तो छटपटाती है और न ही तलाश के लिए द्वार-द्वार खटखटाती है। बल्कि उन्हें अब सरकार द्वारा प्रदत्त राहत और रियायत संस्कृति पर जीने की आदत हो गयी है। विश्व भर में सम्भवतः भारत ही एक ऐसा देश है जिसकी अस्सी करोड़ जनता रियायती अन्न के सहारे अपना जीवन यापन करती है। इसके लिए अपेक्षित अन्न भंडारण एवं अनुदान जुटाना भारतीय प्रशासन के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन गयी है। ऐसी विकट परिस्थितियों में पिछले दिनों जब भारत सरकार ने बेरोजगारी की समस्या से जूझने की कवायद के तहत दस लाख विभिन्न सरकारी विभागों की नौकरियां भरने, अथवा सेना में हर वर्ष चार वर्ष के लिए नौजवानों को भर्ती कर उनमें से एक-चौथाई को स्थायी नौकरी देने की घोषणा की, तब मूल बेकारी की समस्या अपनी संपूर्ण विकरालता के साथ सामने आ खड़ी हो गयी। अपने असंतोष और क्रोध का प्रदर्शन युवा पीढ़ी ने विस्तृत पैमाने पर राष्ट्रीय संपदा की हानि एवं हिंसा के साथ किया है। लेकिन बेकारी पर नवनिर्माण का दृष्टिकोण अपनाने की बजाय दलीय राजनीति होने लगी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे के सामने सीना ठोक कर खड़े होते नजर आये हैं। समस्या से जूझने का यह उचित तरीका नहीं। यह समय उस भरोसे के निर्माण का है जिसमें युवा पीढ़ी को लगे कि उनका भविष्य सुरक्षित है। केवल सरकार और सेना क्षेत्र में ही नहीं, निजी क्षेत्र के देश के प्रति उत्तरदायी रवैये में भी यह आभासित हो। आज गारंटी केवल उचित काम देने की ही न मिले, बल्कि वह माहौल देने की भी मिले, जिसमें हर युवा इकाई अपने आपको दिशाहीन और असंरक्षित नहीं, बल्कि आजीवन सुरक्षित और संरक्षित पाये। अब निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की ईमानदार भागीदारी इस दायित्व को संभाले, अगर देश को विकासशील रहना है तो।

# सरकार की नई योजनाओं का स्वागत क्यों नहीं कर रहे आम लोग?

**नई सरकारी योजनाओं या उनसे जुड़ी घटनाओं पर लोगों का गुस्सा जब तब फूटकर सामने आ जाता है। आखिर ऐसी क्या वजह है कि जो लोग आज खुलकर सरकार को हर मामले में अपनी बात बता-कह रहे हैं, पहले ऐसा नहीं कर रहे थे। ज्यादा दूर न जाएं तो इसकी षुरूआत नागरिकता संषोधन बिल या विधेयक से तो की ही जा सकती है। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है उससे पहले भी सरकारी योजनाओं का विरोध हुआ है, लेकिन उसके बाद से तो यह एक तरह से सिलसिला बन गया है कि इधर कोई सरकारी योजना या कानून बनकर सामने आया और उधर लोग उसके खिलाफ लामबंद होकर सड़कों पर उतर आए। पिछले कुछ ही समय में ऐसा एक नहीं, अनेक बार हुआ है और अब यह सरकार या योजना विरोध एक सिलसिले की तरह आगे बढ़ रहा है।**



**राजीव षर्मा**
**लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।**



आज की नरेंद्र मोदी सरकार वही सरकार है जिसने आजादी से चली आ रही जम्मू-कष्मीर में लागू धारा 370 की बाधा को दूर किया और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए तैयार षिलाओं का प्रयोग संभव बनाया। फिर भी आजकल लोग इस सरकार की हर नीति या योजना का उसी तरह दिल खोलकर स्वागत नहीं कर रहे। नई सरकारी योजनाओं या उनसे जुड़ी घटनाओं पर लोगों का गुस्सा जब तब फूटकर सामने आ जाता है। आखिर ऐसी क्या वजह है कि जो लोग आज खुलकर सरकार को हर मामले में अपनी बात बता-कह रहे हैं, पहले ऐसा नहीं कर रहे थे। ज्यादा दूर न जाएं तो इसकी षुरूआत नागरिकता संषोधन बिल या विधेयक से तो की ही जा सकती है। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है उससे पहले भी सरकारी योजनाओं का विरोध हुआ है, लेकिन उसके बाद से तो यह एक तरह से सिलसिला बन गया है कि इधर कोई सरकारी योजना या कानून बनकर सामने आया और उधर लोग उसके खिलाफ लामबंद होकर सड़कों पर उतर आए। पिछले कुछ ही समय में ऐसा एक नहीं, अनेक बार हुआ है और अब यह सरकार या योजना विरोध एक सिलसिले की तरह आगे बढ़ रहा है। याद कीजिए उस समय को जब यही नरेंद्र मोदी सरकार पड़ोस के मुस्लिम देषों के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए नागरिकता संषोधन बिल लाई थी। हालांकि पड़ोसी देषों में यह अल्पसंख्यक अब बिल्कुल नगण्य रह गए हैं या समाप्त हो चुके हैं। इस बिल में हिंदू, सिख, जैन सभी का ध्यान रखा गया था लेकिन बंगलादेष और म्यांमार से जो मुस्लिम और रोहिंग्या भागकर भारत के पूर्वी राज्यों में वहां का जनसंख्या संतुलन बिगाड़ रहे हैं, उनका ध्यान नहीं रखा गया था। हालांकि सरकार बार-बार दोहरा रही थी कि इस कानून के आधार पर जो नागरिकता रजिस्ट्रर बनेगा उसमें भारतीय मुसलमानों के हितों को बिल्कुल सुरक्षित रखा जाएगा और उनकी नागरिकता पर आंच नहीं आएगी। सरकार सफाई देती रही और लोग, जिसकी षुरूआत असम से ही हुई थी, जहां समस्या सबसे ज्यादा भीषण थी, सड़कों पर उतर आए। दिल्ली में तो उन्हीं दिनों एक भीषण दंगा हुआ और दिल्ली के ही षाहीन बाग में नागरिकता संषोधन बिल के विरोधी महीनों एक सड़क घेरकर बैठे रहे। ये लोग कौन हैं और उन्हें किसकी नागरिकता की फिक्र है यह किसी से छिपा नहीं है। कुछ ही दिन हुए बंगाल में दंगाइयों को चुनौती देते हुए गृह मंत्री अमित षाह ने फिर कहा कि कोरोना काल समाप्त होते ही राष्ट्रीय नागरिकता बिल और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्ट्रर लागू होंगे। उनके बयान से साफ है कि उन्हें अपनी योजनाओं और लक्ष्यों को लेकर समाज के किसी वर्ग विषेष से टकराव झेलना पड़ रहा है। कोरोना काल के षुरू होते ही राष्ट्रीय नागरिकता कानून तो फिलहाल कुछ समय के लिए ही सही ठंडे बस्ते में चला गया और उसके बाद कृषि कानूनों का जिन्न बाहर आ गया। सरकार ने फसलों के लिए मंडी सिस्टम और न्यूनतम समर्थन को लेकर दो कानून बना दिए थे जो किसानों से वार्ता के दौरान ही दो से तीन भी हो गए। किसानों ने दिल्ली के बोर्डर पर डेरा डाला और दिल्ली के विज्ञान भवन में वार्ता के दौरान वे केंद्र सरकार का लंगर खाने के बजाय सरकार को लंगर खिला रहे थे। किसानों ने दिल्ली का बोर्डर जाम कर रखा था और केंद्र सरकार के लिए अब ये कानून न तो निगले जा रहे थे और न ही उगले जा रहे थे। पहले केंद्र सरकार ने और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इन कानूनों को स्थगित किया लेकिन किसानों का आंदोलन टस से मस नहीं हुआ। जब सरकार ने यह कृषि कानून संसद में भी निरस्त कर दिए तब भी किसान सोच ही रहे थे कि अब ये आंदोलन वापस लिया जाए या नहीं। हालांकि इस आंदोलन का कुछ न कुछ असर पंजाब विधानसभा और उत्तर प्रदेष विधानसभा चुनाव परिणामों पर भी पड़ा लेकिन यह आंदोलन वापस लिए जाने के बाद पता चला कि इस आंदोलन के समर्थक बहुत थोड़े से किसान थे और आम किसान का इससे कोई लेना-देना नहीं था। यह वही किसान आंदोलन है जिसने लाल किले की प्राचीर पर भारत के राष्ट्रीय ध्वज तक पहुंचने की कोषिष के दुस्साहस का नजारा भी दिखाया और गणतंत्र दिवस परेड सीमित करवाने का भी! इसके बाद कोरोना काल से कुछ राहत मिली तो बुलडोजर बाबा निकल आए। कुछ धार्मिक आयोजनों या यात्राओं पर पत्थरबाजी के विरोध में ज्यादातर भाजपा सरकारों और दूसरे निकायों ने ऐसे दंगाइयों के घरों को गैर कानूनी निर्माण बताकर ढहा देने का फैसला किया। इस देष में कितने घर सरकारी अनुमति से बनते हैं यह तो सबको पता है। यह ऐसा फैसला था जिसे न तो कोई सरकारी प्रतिष्ठान जायज ठहरा सकता था और न ही कोई अदालत! फिर भी बुलडोजर बाबा ने करतब दिखाए और हो सकता है कि आगे भी दिखाएं। अभी बुलडोजर बाबा बैरक में नहीं लौटे थे कि अग्निवीर के नाम से सामने आई फौज में चार साल की भर्ती की योजना का विरोध करने के लिए युवा सड़कों पर थे। हर योजना की तरह इस योजना के फायदे-नुकसान दोनों हैं लेकिन फौज को युवा बनाने के लिए इसे जमीन पर उतारना फौज की और देष की जरूरत है यह समझने को बहुत से लोग तैयार नहीं। इसके साथ ही पढ़े-लिखे राजनीतिक युवाओं का एक और विरोध सड़क पर है और वह नेषनल हैराल्ड मामले में राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ! दो हजार करोड़ रुपये के घोटाले का यह एक खुला-खुलाया मामला है, फिर भी इस पूछताछ का विरोध हो रहा है? असल में इस नरेंद्र मोदी सरकार का पहला कार्यकाल तो हनीमून पीरियड की तरह बीत गया। 30 साल बाद देष में कोई पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी जिसका विरोध किसी के बस की बात नहीं थी। उधर सरकार ने काम भी वही षुरू किए जिन पर सिर्फ प्रषंसा मिल सकती थी। उज्ज्वला, मेक इन इंडिया और स्मार्ट सिटी ऐसी ही योजनाओं के उदाहरण हैं। लेकिन दूसरे कार्यकाल में सरकार की यह मजबूरी थी कि कुछ उन कामों को हाथ में लिया जाए जो देष के लिए जरूरी थे और जिन पर लोगों की राय सरकार से जुदा हो सकती थी या जुदा बनाई जा सकती थी। इसी जुदा राय को इस समय देष झेल रहा है और केंद्र और कई राज्यों की सरकारें भी।

# लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणामों ने दिया महत्वपूर्ण संदेश

**अशोक मधुप**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर व आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर कहा कि यह डबल इंजन वाली सरकार की डबल जीत है। जोकि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक संदेश है। देश की तीन लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुए। तीनों उपचुनाव के परिणाम बहुत कुछ कहते हैं। राजनीति की नई दिशा की ओर इशारा भी करते हैं। उत्तर प्रदेश में दो लोकसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा की जीत ने यह साबित कर दिया कि नुपूर शर्मा की विवादास्पद टिप्पणी हो या केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना का विरोध, भाजपा के प्रति वोटर की दीवानगी पर कोई असर नहीं पड़ा। वह पूरी तरह भाजपा के साथ है। भाजपा ने रामपुर में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के दबदबे और आजमगढ़ में मुलायम सिंह के परिवार के दबदबे वाली सीट पर जीत हासिल कर बता दिया कि उसकी पूरी तरह से आस्था प्रदेश की डबल इंजन वाली सरकार में है। जबकि पंजाब के संगरूर लोकसभा उपचुनाव के नतीजों में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। यहां पर शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान जीते हैं। सिमरनजीत सिंह मान ने आम आदमी पार्टी के गुरमेल सिंह को परास्त किया है। उत्तर प्रदेश और पंजाब में विधान सभा चुनाव को अभी तीन माह ही हुए हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई थी। इन तीन माह में भाजपा की प्रवक्ता नुपूर शर्मा की पैगंबर मुहम्मद साहब के बारे में विवादास्पद टिप्पणी का देश के साथ ही पूरे उत्तर प्रदेश में जमकर विरोध हुआ। कई जगह मुस्लिमों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भी हुई। केंद्र सरकार की सेना में भर्ती के लिए आई अग्निवीर योजना का भी प्रदेश में जगह-जगह जमकर विरोध हुआ। पैगंबर मुहम्मद साहब के बारे में टिप्पणी से तो मुस्लिम ही नाराज थे। किंतु अग्निवीर योजना से तो प्रदेश के युवा नाराज थे। उनकी नाराजगी कई जगह प्रदेश में हिंसा और तोड़फोड़ के रूप में नजर आई। लगता था कि यह हाल का मामला है, अतः इसका चुनाव पर असर नजर आएगा। किंतु रामपुर और आजमगढ़ के मतदाताओं ने सभी अनुमानों का फेल कर दिया। रामपुर मुस्लिम बहुल सीट है। 1952 से अब तक हुए लोकसभा के 17 चुनाव में इस सीट से मुस्लिम प्रत्याशी ने 11 बार और हिंदू प्रत्याशी ने मात्र छह बार विजय हासिल की है। इस सीट पर पूर्व मंत्री रहे आजम खान का बड़ा प्रभाव माना जाता है। हाल के विधान सभा चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज की थी। इस उपचुनाव में भाजपा ने घनश्याम लोधी को प्रत्याशी बनाया। घनश्याम एक समय आजम खां के करीबी थे। वह सपा से एमएलसी भी रह चुके हैं। 2022 विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लोधी ने सपा का दामन छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। तब वह पार्टी से टिकट पाने की कोशिश में लगे थे, लेकिन नहीं मिल पाया। आजम खां के लोकसभा सीट छोड़ने पर उपचुनाव का ऐलान हुआ तो भाजपा ने घनश्याम लोधी को उम्मीदवार बना दिया। दूसरी तरफ सपा ने आजम खां के करीबी आसिम रजा को टिकट दिया। जेल से बाहर आने के बाद खुद आजम खां ने ही आसिम के नाम का ऐलान किया था, लेकिन इस चुनाव में घनश्याम लोधी ने 42 हजार मतों से जीत हासिल की। आजमगढ़ लोकसभा सीट पूर्व मुख्यमंत्री और सपा नेता अखिलेश यादव की परम्परागत सीट बताई जाती रही है। 2019 के चुनाव में अखिलेश यादव को 64.04 प्रतिशत मत मिल पाए थे। जबकि इस बार के विजेता और 2019 चुनाव के भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ को मात्र 35 प्रतिशत वोट मिले थे। पिछले लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव का मत 24 प्रतिशत बढ़ा था। इससे पहले इस सीट से मुलायम सिंह यादव चुनाव जीते थे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर व आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर कहा कि यह डबल इंजन वाली सरकार की डबल जीत है। जोकि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक संदेश है। उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत, विधान परिषद चुनाव और अब उपचुनाव में जीत डबल इंजन की सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव परिणाम बताता है कि जनता परिवारवादी और सांप्रदायिक दलों और नेताओं को स्वीकार करने वाली नहीं है। जनता भाजपा के सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ है। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट है कि भाजपा 2024 में यूपी की 80 में से 80 लोकसभा सीटों पर जीत की ओर बढ़ रही है। पंजाब के संगरूर इलाके के जरिए राष्ट्रीय राजनीति में खुद को स्थापित करने के सपने पाल रही आम आदमी पार्टी के लिए अपने ही गढ़ के लोकसभा उपचुनाव में मिली हार किसी बड़े झटके से कम नहीं है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पहाड़ों पर बारिश से बढ़ा गंगा का जलस्तर

अमरोहा। मानसूनी बारिश जिले में कभी भी दस्तक दे सकती है। इस बार अच्छी बारिश की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल पहाड़ों पर हो रही बारिश से यहां गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। प्रशासन ने भी बाढ़ से बचाव की कवायद शुरू कर दी है। बाढ़ राहत चौकियों को अलर्ट किया गया है ।जिले के मंडी धनौरा व हसनपुर तहसील क्षेत्र के 50 से अधिक गांव संभावित हैं। बरसात के दिनों में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर अक्सर इन गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगता है। पहाड़ों पर शुरू हुई बारिश के बाद जल्द ही मानसूनी बारिश जिले में भी दस्तक दे सकती है। गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। प्रशासन ने बाढ़ राहत चौकियों को अलर्ट किया है। जिला व तहसील मुख्यालय पर कंट्रोल रूम चालू किए हैं। गंगा के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। तटबंधों को दुरुस्त किया जा रहा है। डीएम बीके त्रिपाठी ने बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए सभी विभागों को अपनी-अपनी तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया है। हालांकि अफसरों का कहना है कि फिलहाल जिले में बाढ़ का खतरा नहीं है। बतौर एहतियात बाढ़ राहत चौकियों को अलर्ट किया गया है।

### अंत्येष्टि में शामिल होने आया युवक गंगा में डूबा

गजरौला ।औद्योगिक नगरी क्षेत्र के तिगरी गंगा धाम में अंत्येष्टि में शामिल होने आया युवक गंगा में नहाते समय डूब गया। जिससे उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गोताखोर लगातार उसकी तलाश में लगे हुए हैं ।बता दें कि अंत्येष्टि के बाद सारे ही गांव के लोग तिगरी गंगा धाम में स्नान कर रहे थे। इस दौरान नरेश भी गंगा स्नान करने के लिए चला गया और वह गहरे पानी में डूब गया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने चीखना शुरू कर दिया। जिसे सुनकर आसपास के गोताखोरों ने छलांग लगाई लेकिन अभी तक नरेश का कुछ पता नहीं चल सका है। परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। रविवार को संभल जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नगला खाकम निवासी 36 वर्षीय नरेश कुमार पुत्र राजेंद्र की ससुराल असमोली थाना क्षेत्र के गांव नवादा में है। ससुराल में एक बुजुर्ग का निधन हो गया। नरेश उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तिगरी आया था। अंतिम संस्कार के बाद नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया ।उसके साथ के लोगों ने नरेश को पानी में हाथपांव मारते देख शोर मचा दिया। उसे कोई बचा पाता, इसके पहले ही वह पानी में डूब गया। गोताखोर मौके पर पहुंचे, युवक की तलाश शुरू की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि नरेश की तलाश की जा रही है।

### 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हसनपुर ।अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना हसनपुर पुलिस द्वारा भट्ठी लगाकर अवैध शराब का निर्माण कर रहा अभियुक्त मय अवैध कच्ची शराब व उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है रविवार की रात्रि थाना हसनपुर पुलिस द्वारा शराब की भट्ठी लगाकर अवैध कच्ची शराब का निर्माण कर रहा अभियुक्त सुनील पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम बाईखेडा थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को मय 30 लीटर अवैध कच्ची शराब, 600 लीटर लहन व शराब बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया ।

# अग्निपथ योजना तत्काल वापिस ले मोदी सरकार: ओमकार कटारिया

अमरोहा,प्रात : किरण संवाददाता




जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में जनपद की समस्त तहसीलों पर काग्रेसजनो का सत्याग्रह आंदोलन हुआ ।जिसके बाद काग्रेसजनो ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन संबंधित उपजिलाधिकारी सौंपा। उक्त ज्ञापन में काग्रेसजनो ने अग्निपथ योजना को तत्काल वापस लिया जाने की माँग की ।जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा की मोदी सरकार देश में लगातार जनविरोधी फैसले कर रही है पहले देश में नोटबंदी की जीएसटी लगाई किसानों के विरोध में कानून बनाया अग्निपथ योजना देश के युवाओं का भविष्य चौपट करना चाहती है कांग्रेस पार्टी पूरे देश में संसद के अंदर और बाहर सड़कों पर युवाओं के समर्थन में आंदोलन कर रही है और सरकार से मांग कर रही है इस युवा विरोधी योजना को तत्काल वापस किया जाए और बताया इस योजना में देश की सुरक्षा से जुड़ी हुई सेनाओं का मामला है सैनिकों की नौकरी की अवधि 4 साल होगी ट्रेनिंग मात्र 6 महीने की होगी पेंशन बिल्कुल नहीं होगी नौकरी के बाद युवाओं पर रोजगार नहीं होगा मात्र 6 महीने की ट्रेनिंग करा कर देश के युवाओं को चीन और पाकिस्तान की फौज के सामने भेजना चाहती है।

सरकार से कांग्रेस पार्टी मांग करती है की पहले भाजपा नेता अपने बच्चों को इस योजना के तहत सेना में भर्ती कराएं मोदी सरकार यह योजना लाकर देश की सुरक्षा व्यवस्था खतरे में डाल रही है कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगी कांग्रेस पार्टी के लिए भारत के युवा उनका हित व भविष्य सर्वपरी है मोदी सरकार सेना में भर्ती होने की पुरानी प्रक्रिया परंपरा को समाप्त करना चाहती है और सैनिकों को भी संविदा पर नौकरी देना चाहती है 4 साल की नौकरी के बाद युवा क्या करेगा यह सरकार बताने को तैयार नहीं है ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, सत्तार सैफी, आसिम हुसैन, साबरी चौधरी, नरेंद्र सिंह, मोहसिन अली तुर्क, अली इमाम रिजवी, फैज आलम रायनी, मनोज कटारिया, इंतजार मेहंदी, मयंक कुमार गुर्जर, मंगल सिंह गुर्जर, इकबाल अंसारी, सुरेंद्र प्रजापति, हरिओम पुष्कर, छुन्नन भारती, विनोद कुमार सक्सेना, अफसर सैफी, दीपक जाटव, जयपाल सिंह जाटव,वाहिद अली सैफी, ओमप्रकाश पंवार, खुर्रम चौधरी, ओमप्रकाश शर्मा,राजेन्द्र त्यागी, मानव त्यागी, इमरान जावेद, महेंद्र प्रताब शर्मा, इंद्रपाल सिंह, समरपाल सिंह मुख्यरूप से मौजूद रहे।

### ट्रांसफॉर्मर फटने से मासूम समेत तीन लोग झुलसे

**कुआंखेड़ा।** क्षेत्र के ग्राम चकवासीपुर में ट्रांसफॉर्मर फटने से मासूम सहित तीन लोग बुरी तरह झुलस गए। तीनों का निजी अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। घटना रविवार रात की है। बिजली विभाग की लापरवाही तीन लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ गई। 10 केवी के ट्रांसफार्मर से 20 कनेक्शन जोड़ दिए गए। ग्रामीणों के बार बार शिकायत करने पर भी दूसरा अधिक पावर का ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया। जिसका खामियाजा मासूम सहित तीन लोगों को भुगतना पड़ा ।गौरतलब है कि ब्लॉक धनौरा क्षेत्र के गांव चकवासीपुर में काफी समय से 10 केवी का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। जिससे 20 घरों को कनेक्शन जारी किया गया है। लोड अधिक होने की वजह से रविवार की रात ट्रांसफॉर्मर अचानक फट गया। इस वजह से ट्रांसफॉर्मर से 10 मीटर दूर छत पर सो रहे संजीव गुप्ता व उसकी पत्नी अंशु गुप्ता और डेढ़ साल का बेटा दक्ष बुरी तरह से झुलस गए ।तीनों का निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। पूरे गांव की बिजली भी गायब हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग ने कनेक्शन कराने पर तो जोर दिया, मगर ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई। ग्रामीणों के बार बार कहने पर भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इसी वजह से रविवार की रात टांसफॉर्मर फट गया।

# उपचुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकताओं ने जताई खुशी

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता



प्रदेश में दो लोकसभा सीटों पर हुए उप-चुनाव में भाजपा को जीत मिलने पर नगर में भाजपा कार्यकताओं ने खुशी जताई। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के नेतृत्व में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विधायक ने कहा कि यह जीत सरकार के कार्यों को देखकर मिली है ।उत्तर प्रदेश के रामपुर एवं आजमगढ़ में लोकसभा सीट पर उपचुनाव की मतगणना में भाजपा प्रत्याशियों को जीत मिली।

विधायक खड़गवंशी ने कहा कि एक बार फिर प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार पर विश्वास जताकर यह साबित कर दिया कि वह भाजपा सरकार के कार्यों से खुश है। वह भाजपा के साथ है।

भाजपा सरकार हर वर्ग का ध्यान रखकर मोदी और योगी के नेतृत्व में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इससे भाजपा को दोनों सीटों पर प्रचंड बहुमत मिला है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पंकज भटनागर, संदीप गुप्ता, विभोर अग्रवाल,मोहित अग्रवाल, नितिन बंसल, रानू रस्तोगी, महेश अग्रवाल, सचिन गुप्ता, राजू राणा,हर्ष अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह, उदल सिंह एडवोकेट एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।उधर सैद नंगली नगर पंचायत में भाजपा की लोकसभा उपचुनाव में जीत पर भाजपा ज़िला महामंत्री अभिनव कौशिक के नेतृत्व में अम्बेडकर धर्मशाला में भाजपा कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस मौके पर जगतपाल सिंह, निकेश राघव, रिंकु जाटव, जगदीश जाटव, रामलाल,विवेक, अरविंद गौतम, अंकुल, टिंकू जाटव, नरेश जाटव, समरपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान की जांच करने पहुंची टीम के सामने जमकर मारपीट, हंगामा

उझारी, प्रात : किरण संवाददाता



सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान की जांच करने पहुंची टीम के सामने जमकर मारपीट हुई और बेल्टें भी चलीं। लोगों ने जमकर हंगामा किया। मारपीट होती देख जांच अधिकारी मौके से भाग गए। मामला थाने भी पहुंच गया। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर भी दी गई है। मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है ।गौरतलब है कि नगर पंचायत उझारी के मोहल्ला सादात निवासी रईस अहमद के नाम पर राशन की दुकान है। कई दिन पहले भाजपा नेता अरमान तंवर, अय्यूब मलिक समेत अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। आरोप था कि राशन डीलर द्वारा मानक के अनुसार राशन नहीं बांटा जा रहा। पात्रों को राशन नहीं दिया जा रहा। राशन लेने जाने वाले लोगों के साथ अभद्रता की जाती है। तमाम आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई थी। जिसके संबंध में सोमवार को एआरओ आनंद प्रभु टीम के साथ राशन की दुकान की जांच करने पहुंचे थे। जांच प्राथमिक विद्यालय उझारी सादात के परिसर में चल रही थी। यहां पर शिकायतकताओं के बयान दर्ज किए जा रहे थे।

इसी बीच शिकायतकताओं और राशन डीलर पक्ष के लोगों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान जमकर बेल्टें चलीं और पथराव भी हुआ। जांच के दौरान मारपीट व हंगामा होने पर एआरओ आनंद प्रभु टीम के साथ मौके से निकल गए। एक घंटे तक मारपीट एवं हंगामा होता रहा। इस दौरान भीड़ मौके पर जुटी रही। इसके बाद कार्रवाई की मांग को लेकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे। थाना इंस्पेक्टर अरिहंत कुमार सिद्धार्थ का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। मामले को लेकर एआरओ हसनपुर आनंद प्रभु का कहना है कि उझारी में राशन डीलर रईस अहमद की जांच के लिए गए थे। इस बीच मारपीट होने पर जांच पूरी नहीं हो सकी। ऐसे में जांच टीम वापस लौट आई है। फिर से मामले की जांच की जाएगी।

### यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे बाइक सवार, बढ़ रहे हादसे

**गजरौला।** यातायात नियमों के उल्लंघन के बीच सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। वाहन चालक यातयात माह में होने वाली जागरूकता गोष्ठियों में भी दी जाने वाली नसीहतों को भी नजरंदाज कर रहे हैं। क्षेत्र में बाइक पर तीन से चार लोग तक सवार देखे जा सकते हैं। बिना हेलमेट पहने ही चालक बाइक चलाते हुए नजर आते हैं। हादसों का अंदेशा बढ़ रहा है। कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकीं हैं। हादसों में बाइक सवारों की मौत की लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार लोग कोई सबक नहीं ले रहे हैं। सोमवार सुबह भी स्थानीय इंदिरा चौक पर कई बाइक सवार यातायात नियमों का उल्लंघन करते दिखे। एक बाइक सवार ने तो बाइक पर चार बच्चे बैठाए थे, उनके गिरने का अंदेशा बना था। उधर, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि समय-समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने के दोषियों के चालान किए जाते हैं। बताया कि एक बार फिर से इस ओर पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# परवाज फाउंडेशन ने किया कमर नकवी को सम्मानित



अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा परवाज फाउंडेशन ने सोमवार को मोहम्मद कमर नकवी को मुस्लिम कमेटी का कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर गुलपोशी कर सम्मानित किया। प्रोग्राम फ्रेंड्स ऑफ अमरोहा ग्रुप के अध्यक्ष मुहम्मद अहमद जैदी के आवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहरुख खान ने और संचालन फहीम नबी ने किया ।परवाज फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष अरफा शाजर ने कहा कि कमर नकवी जिस तरह से समाज में रहकर लोगों की सेवा करते है और मोहल्ला बड़ा दरबार ही नही बल्कि शहर के किसी भी वार्ड के सदस्य को उनकी जरूरत होती है तो वे उसका काम भी बड़ी ज़िमेदारी के साथ करते है ये काबिल ए तारीफ है। फ्रेंड्स ऑफ अमरोहा ग्रुप के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद जैदी ने कहा कि कमर नकवी हमेशा आवाम के बीच रहते है और बिना किसी लालच के लोगो के काम आते है ।वही मिर्जा अनस अमरोहवी ने नात ए नबी से प्रोग्राम को खूबसूरत बनाया। इस मौके पर मुख्ये रूप से खुर्रम रिजवी, डाक्टर अब्दुल अहद खान, वसीम अकरम अमरोहवी,मिर्जा अनस अमरोहवी दिलशाद मूवीस, फैजान खान, कफील अहमद इदरीसी, फराज रिजवी आमिर आफताब, अब्दुल समद अल हिंद, अबसार सिद्दीकी, आदि लोग मोजूद रहे।।

# डीआरएम के आदेश की उड़ाई धज्जियां

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



डीआरएम मुरादाबाद अजय नंदन ने रेलवे मंडलीय अधिकारियों के साथ नजीबाबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया जिसमें प्लेटफार्म नंबर एक पर रखे महिला हेल्प डेस्क को हटाने के लिए एक घंटे का समय दिया था लेकिन नजीबाबाद जीआरपी पर डी आर एम के आदेश का कोई असर नहीं पड़ा। रेलवे कर्मचारियों का कहना है कि प्लेटफार्म नंबर एक पर रखी महिला हेल्प डेस्क द्वारा प्लेटफार्म पर एक साइड से दूसरे साइड तक दिखाई नहीं देता इसी को ध्यान में रखते हुए डीआरएम मुरादाबाद ने महिला हेल्प डेस्क को हटाने के निर्देश दिए थे। दूसरी ओर रिजर्वेशन काउंटर के पास जीआरपी की सरकारी गाड़ी खड़ी होती है उसे भी वहां से हटाने के लिए कहा गया था बताया जाता है कि रास्ते में खड़ी पुलिस की वैन यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है और वहां रखी एटीवीएम टिकट वेंडिंग मशीन गाड़ी खड़ी रहने के कारण चल नहीं पा रही इसके बावजूद जीआरपी ने वहां से गाड़ी नहीं हटायी। मालूम हो कि 28 जून 2022 को रेल महाप्रबंधक नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करने आएंगे, उसी को देखते हुए डीआरएम मुरादाबाद ने सख्त निर्देश दिए थे लेकिन इसके बावजूद डीआरएम के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है कुछ महीने पहले रेल महाप्रबंधक का नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर दौरा हुआ था उस समय भी प्लेटफार्म नंबर एक पर रखी महिला हेल्प डेस्क को हटा दिया गया था लेकिन कार्यक्रम समाप्ति के बाद महिला हेल्प डेस्क को फिर उसी स्थान प्लेटफार्म नंबर एक मेन गेट के पास लगा दिया गयाद्य जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### निषाद पार्टी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील

**गजरौला।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आमदल ( निषाद पार्टी ) की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की अपील करते हुए जगह जगह पार्टी के कार्यक्रम करने की बात कही। इसके साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र सौंपकर पार्टी का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया गया। निषाद पार्टी अमरोहा के जिलाध्यक्ष रवि कुमार कश्यप ने बताया कि सोमवार को पार्टी की जिलास्तरीय बैठक गजरौला में आयोजित की गई। जिसमें पार्टी की विचारधारा से कार्यकताओं और पदाधिकारियों को रूबरू कराया गया। इसके साथ ही कार्यकताओं से पार्टी के लिए अपने अपने क्षेत्र में मेहनत कर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने की अपील की गई। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी ओमवीर सिंह ( जिला उपाध्यक्ष ), देवेंद्र सिंह ( जिला महासचिव ), गजराज सिंह ( ब्लॉक अध्यक्ष अमरोहा ), हरिओम कश्यप ( ब्लॉक अध्यक्ष गजरौला ), रतन सिंह और संतराम सिंह ( जिला सचिव ), सुनील कुमार ( विधानसभा सचिव, नौगावा सादात ), कुलदीप कश्यप ( विधानसभा अध्यक्ष, अमरोहा ) को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

# ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली सप्लाई ठप, गर्मी से बिलबिला उठे लोग

डिडौली, प्रात : किरण संवाददाता



इलाके में 33 केवीए विद्युत लाइन में खराब हो गई है, जिससे लगभग 20 गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत की, लेकिन 24 घंटे बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। नाराज ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने हाय हाय के नारे भी लाए। लोगों ने जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की। इसके साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि जोया ब्लॉक के कस्बा जोया के गांव बिजली घर तथा सिवोरा बिजली घर पर 33 केवीए की लाइन में खराबी आने पर गांव नीली खेड़ी, मुंडाईमा, डिंडोली, ढकिया चमन, खटाई मिलक, शेखुपुरा जगा, नगला, ढेला नगला, दयोडी, वाजिदपुर, सिवोरा, रसूलपुर, जोगीपुर, सिनोरा, सिवोरा समेत लगभग 20 गावों की बिजली गुल हो गई। जिसमें ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में पूरी रात जाकर काटनी पड़ी। साथ ही ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली की अघोषित कटौती होने के कारण ग्रामीणों का गुस्सा फूटा और बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया ।आगे कहा कि अगर विद्युत आपूर्ति जल्द से जल्द सुचारू नहीं की गई तो हम उच्च अधिकारियों के पास जाकर शिकायत करेंगे। प्रदर्शन करने के लिए सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण बिजली घर 3311 केवीए उपकेंद्र बुढ़नपुर डिडौली पर पहुंचे। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य तौर पर संदीप पवार, पोपाल सिंह ठाकुर, आदित्य कुमार, सौरभ चौधरी, अंकित, सतपाल सिंह प्रजापति, जीवन पाल, सुरेंद्र सिंह, होशियार सिंह, अंकित पवार, समर पाल ठाकुर, जीशान, फुरकान, जगत सिंह प्रजापति, कृपाल सिंह प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, मलखान सिंह, विनोद पाल सिंह, जितेंद्र प्रजापति, मोहम्मद सलीम, सतवीर सिंह, मोहम्मद फिरोज, आलम आदि मौजूद रहे।

### अचानक पेड़ बाइक पर गिरने से बाइक सवार की मौत

**नगीना।** सडक किनारे खडे एक पेड के अचानक गिरने से मोटर साइकिल से जा रहे एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक किसान सेवा सहकारी समिति बुंदकी में कर्मचारी बताया जाता है।

सोमवार की सुबह ग्राम इनायतपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार आयु करीब 50 वर्ष अपनी मोटर साइकिल से नगीना बेनीपुर मार्ग द्वारा डयूटी पर जा रहा था। बताया जता है कि नगीना से कुछ पहले नहर के पास सडक किनारे खडे एक पेड के अचानक उसके ऊपर गिरने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना में उसकी मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। मृतक वीरेन्द्र किसान सेवा सहकारी समिति बुंदकी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बताया जाता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# भाकियू की बैठक में गन्ना भुगतान की उठी मांग

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता



किसानों की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत आयोजित की गई। इसमें किसानों ने चीनी मिल पर बकाया गन्ना भुगतान जल्द से जल्द दिलाने की मांग की। कहा कि गन्ना भुगतान समय से नहीं मिला तो वह बिजली बिल नहीं जमा कर पाएंगे। इससे उन्हें विद्युत विभाग की योजना ओटीएस का लाभ नहीं मिल पाएगा ।नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक का आयोजन किया गया। पंचायत में आए क्षेत्र से किसानों ने अपनी समस्याओं को किसान नेताओं के समक्ष रखा। उनके निस्तारण पर किसान नेताओं ने विचार विमर्श किया ।जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह ने कहा कि आज देश का अन्नदाता पूरी तरीके से अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है। क्योंकि उसका गन्ना भुगतान चीनी मिल द्वारा नहीं दिया जा रहा। इसके कारण वह विद्युत विभाग की ओटीएस योजना का लाभ नहीं ले पा रहा है। पंचायत में उपस्थित किसानों में चकबंदी विभाग के खिलाफ भी भारी रोष देखने को मिला। किसानों ने विभिन्न शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण की मांग की है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह ने की एवं संचालन सत्येंद्र गिरी ने किया। इस मौके पर महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष डा.पूजा, सत्येंद्र गिरी, किशनपाल सिंह,नानक सिंह यादव,नरेश यादव,मनोज,महेंद्र गिरी,योगेंद्र,मनोहर सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# दुकान में चोरी करते पकडे गये युवक को सिर गंजा कर शहर में घुमाया

स्योहारा, प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा आरएसपी इंटर कालेज रोड स्थित एक चाय की दुकान पर चोरी कर रहे युवक को दुकान स्वामी ने रंगे हाथ पकड लिया। दुकान स्वामी ने अपने परिजनों संग युवक के साथ जमकर मारपीट की तथा बाद में सिर गंजा कर शहर की गलियों में घुमाया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गयी। आरएसपी रोड पर प्रकाश उर्फ जगवा चाय पकोडी की दुकान करता है। शनिवार की सुबह एक युवक दुकान के गल्ले से रुपए निकाल रहा था कि दुकान स्वामी प्रकाश ने उसे पकड लिया। युवक भी उसी मौहल्ले के नजदीक का होने के कारण भीड एकत्र हो गयी। भीड में शामिल कुछ शरारत तत्वों ने न केवल आरोपी युवक के साथ मारपीट की बल्कि उसे पेड से बांधकर गंजा कर शहर की गलियों में घुमाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी के आरोपी निवासी मौहल्ला तलाई को हिरासत में ले लिया लेकिन जब अगले दिन मामले की वीडियो वायरल हुई तो याद आया कि मानवाधिकार का हनन हुआ है। पुलिस ने आनन फानन में मारपीट कर गंजा करने के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि गंजा करने के आरोपी विक्की पुत्र सुनील, प्रकाश उर्फ जगवा पुत्र सतीष, गुडडू पुत्र रामस्वरूप, सौरभ पुत्र महीपाल निवासीगण मौहल्ला बसंतगढ को गिरफ्तार कर लिया तथा संबंधित धाराओं में चालान करने की तैयारी शुरू कर दी।

# अभियान चलाकर कर दुरूस्त की जाए नालों की साफ-सफाई की व्यवस्था:डीएम

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगरपालिका नगर/ पंचायतों में साफ सफाई, जलनिकासी व विजली से सम्बंधित समस्याओं के निस्तारण के सम्बंध में वैठक का अयोजन किया गया ।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत इस बात का प्रमाण पत्र देंगे कि उनके क्षेत्र में कहीं भी साफ सफाई नाली नाला सफाई जलभराव व कूड़े निस्तारण की समस्या नहीं है ।जिलाधिकारी ने कहा कि बारिश के पहले यह सभी कार्य हो जाने चाहिए नाला सफाई और जल निकासी के समुचित प्रबंध वारिस के पहले हर हाल में हो जाएं अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी ।उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी इस बात का ख्याल रखें कि कहीं पर भी जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने पाए। नाले व नालियों की सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। कहा की जलभराव की समस्या के कारण अनेक बीमारियों का सामना नगर वासियों का करना पड़ता है और जलभराव से नई नई बीमारियां मच्छरों के लारवा जन्म लेते हैं जिससे वह अनेक प्रकार की बीमारियां उत्पन्न करते हैं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी टूटे जर्जर लटकते तार नहीं होना चाहिए। अभियान चलाकर उन्हें परिवर्तित कर दिया जाय। कहा की बारिश और कावड़ यात्रा के पहले अभियान चलाकर यह कार्य हर हाल में कर लिया जाय जनपद में कहीं पर भी जो विद्युत के जर्जर टूटे हुए लटकते तार हैं उनको सही कर दिया जाए ।कहा कि बारिश से खुले हुए तार विद्दुत घटनाओं को जन्म दे सकते हैं। इसलिए जहां पर भी खुले हुए तार हैं उन पर इंसुलेशन के द्वारा आवश्यक कार्यवाही करा कर बन्द करा दिया जाए कंही भी खुले हुए तार नहीं होने चाहिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भगवान अपर पुलिस अधीक्षक,उपजिलाधिकारी अमरोहा/ हसनपुर/नौगांवा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजवंत सिंह बग्गा बने सिख सेवक जत्थे के अध्यक्ष



लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में सिख सेवक जत्थे की टीम का गठन हुआ जिसमें राजवंत सिंह बग्गा अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नव गठित सिख सेवक जत्था टीम के अध्यक्ष स. राजवंत सिंह बग्गा ने कहा कि जो सेवा कार्य स्वर्गीय हरविंदर पाल सिंह नीटा ने अध्यक्ष रहते हुए किए उनको आगे बढ़ाने की सतत कोशिश करूंगा। सिख सेवक जत्थे के बारे में बताते हुए श्री बग्गा ने कहा कि यह जत्था सन 1938 से 85 वर्षों से धार्मिक आयोजनों में निरंतर सेवा कार्य कर रहा है आगे भी पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्व की भांति सेवा कार्य करता रहेगा। नवगठित सिख सेवक जत्थे की टीम में सुरेन्द्र पाल सिंह - सीनियर उपाध्यक्ष, गुरविंदर सिंह रतन - उपाध्यक्ष, कुलवंत सिंह - कोषाध्यक्ष ,सुरेन्द्र सिंह लक्की - सहायक कोषाध्यक्ष एवं दविंदर सिंह व मलकीत सिंह - सचिव निर्वाचित हुए। गुरुद्वारा नाका हिंडोला के मुख्य ग्रंथी सुखदेव सिंह ने सभी को सरोपा देकर सम्मानित किया।

### केएमसी में हुई गुठली बैंक की स्थापना

लखनऊ। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय(केएमसी) परिसर में फलदार वृक्षों की एक नर्सरी एवं गुठली बैंक की स्थापना की गयी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह के मार्ग दर्शन और पृथ्वी इनोवेशन के सहयोग से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर अमरूद, शरीफा, पपीता के पौधे लगाने के साथ-साथ खरबूजे और तरबूज के बीज भी बोए। इसके अलावा उन्होंने गुठली बैंक द्वारा एकत्रित की गई आम की गुठलियों को भी बोया। नर्सरी की स्थापना के बाद सभी ने मिलकर वर्षा ऋ तु के आगमन एवं नर्सरी की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ प्रियंका सूर्यवंशी द्वारा किया गया। इसमें डॉ उधम सिंह, डॉ सौबान सईद, एवं अनुराधा गुप्ता उपस्थित रहीं।

### एसपी ने निकाला भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च



मंडावर। शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते एसपी डॉ.धर्मवीर सिंह व सीओ सिटी अनिल कुमार सिंह तथा थानाध्यक्ष संजय कुमार आदि भारी पुलिस बल साथ मंडावर में फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें आने वाले त्योहार वह अतिक्रमण को लेकर लोगों को आगाह करा गया साथ ही कस्बा क्षेत्र में कोई भी शरारती तत्व दिखाई देते हैं उनकी सूचना तत्काल पुलिस को दें जिस पुलिस तुरंत कार्यवाही करेगी साथ एसपी डॉ धर्मवीर सिंह सीओ सिटी अनिल कुमार सिंह थानाध्यक्ष संजय कुमार व भारी पुलिस बल के साथ कस्बा मंडावर मोहल्ला शाह विलायत बाजार कला काजियान शनिवार बाजार व प्रीतम सिंह से होकर बस स्टैंड तक फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए अतिक्रमण के बारे में भी लोगों को आगाह किया।

# मेरठ : समर गार्डन में विस्फोट से तीन मकान गिरे, महिला की मौत

मेरठ, एजेंसी



मेरठ के लिसाड़ीगेट में सोमवार दोपहर को एक मकान में गैस सिलिंडर फटने से हुए एक दर्दनाक हादसे में कई लोग घायल हो गए। बताया गया कि समर गार्डन के 60 फुटा रोड पर एक मकान में रसोई गैस सिलिंडर धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि तीन मकान गिर गए और घर में मौजूद सदस्य मलबे में दब गए। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस जेसीबी की सहायता से मलबा हटवाकर घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती करा रही है।

वहीं चर्चा है कि हादसा की वजह गैस सिलिंडर का फटना नहीं है बल्कि मौके पर पटाखे भी बिखरे मिले हैं ऐसे में अंदेशा जताया जा रहा है कि मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाए जाते थे। पटाखों में विस्फोट होने के कारण यह भीषण हादसा हुआ है। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं बता रही है। हादसे के बाद जहां मौके पर चीख पुकार मच गई। वहीं कई सवाल भी खड़े हो गए हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा राहत-बचाव कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मेरठ पुलिस को सूचना मिली थी कि लिसाड़ी गेट क्षेत्र में सोमवार शाम को इंतजार के मकान में गैस सिलिंडर फटने से तीन मकान एक साथ जमींदोज हो गए। हादसे में एक महिला समेत दो की मौत हुई है, जबकि 10 लोग मलबे में दबकर घायल हुए हैं। सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और

**हादसा**
- स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे

घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस के अनुसार धमाके के बाद इंतजार, सरफराज और आदिल के मकान सहित तीन मकान गिरे हैं। जिनमें 15 लोग दबकर घायल हुए हैं। इनमें से दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आसपास के थाने से पुलिस व दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य कराया है। तीन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे में अभी 10 लोगों के दबे होने की आशंका है। मलबा हटाने के लिए जेसीबी लगाई गई है।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। पटाखों में विस्फोट होने से मकान गिरे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है। राहत-बचाव कार्य जारी है। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद हैं।

# पंचायत सचिव एवं सफाई कर्मचारी की लापरवाही से गांव में पसरी गंदगी

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

संभल उत्तर प्रदेश सरकार लगातार साफ-सफाई को लेकर विशेष ध्यान दे रही है। जबकि जिलाधिकारी द्वारा आदेश दिया गया था की ग्राम पंचायतों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना को पलीता लगाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला जनपद सम्भल विकास खंड पवांसा के ग्राम पंचायत हसनपुर मुन्जता में रेशम देवी पत्नी विनोद कुमार एवं रजनी दोनों सफाई कर्मी की ड्यूटी लगी है।

सफाई कर्मचारी रजनी देवी द्वारा गांव में मौके पर सफाई न करके अपने स्थान पर अपने चचेरे भाई राहुल पुत्र राकेश को भेज देती है। और सफाई कर्मचारी रेशम गांव में सफाई करने नहीं जाती है रेशम के स्थान पर उसका पति जाता है। जब दो सफाई कर्मचारी गांव में लगे होने के बाद गांव में गंदगी के अंबार लगे हैं नालो को देखकर लग रहा था कि जैसे कि गांव में कई माह से साफ सफाई नहीं की गई है नालों में इतनी दुर्गंध आ रही है कि




**लापरवाही**
- साफ-सफाई को लेकर जारी किए गए आदेश की पंचायत सचिव एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा उड़ाई जा रही धज्जियां

कूड़ा करकट एक स्थान पर जमा होने के कारण पानी की निकासी बंद है।

2 दिन पूर्व जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सभी सचिव एवं सफाई कर्मचारियों को आदेशित किया गया था कि सभी सचिव एवं सफाई कर्मचारियों को सफाई के सभी उपकरण उपलब्ध करा दें और गांव में गंदगी पर विशेष ध्यान दिया जाए और सफाई कर्मचारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा गया था कि यदि किसी सफाई कर्मचारी द्वारा अपने स्थान पर किसी दूसरे को भेजकर सफाई कर आ जाती है ।

जाती है तो सफाई कर्मी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी सवाल यह उठता है कि पंचायत सचिव एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश की जजिया उड़ाते हुए अपनी मनमानी की जा रही है अब देखना है कि इन लापरवाह सचिव एवं कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

# टीजीटी-पीजीटी के अभ्यर्थियों ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास का किया घेराव

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहायता प्राप्त विद्यालयों में नियुक्ति का इंतजार कर रहे टीजीटी - पीजीटी के अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया। शिक्षा मंत्री ने अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर उनकी द्वारा की गई मांगों के समाधान का आश्वासन दिया।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहायता प्राप्त विद्यालयों में नियुक्ति का इंतजार कर रहे 2016 और 2021 के टीजीटी - पीजीटी अभ्यर्थियों ने सोमवार को माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थियों ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री से माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के द्वारा काउंसलिंग कराकर नियुक्ति दिलाने की मांग की। अभ्यर्थियों का कहना है कि विभाग की उदासीनता के कारण वेटिंग लिस्ट वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने में काफी विलम्ब किया जा रहा है। काउंसलिंग और नियुक्ति की प्रक्रिया जिला विद्यालय निरीक्षक पर छोड़ दी गई है जिस कारण नियुक्ति प्रक्रिया में काफी विलंब हो रहा है एवं गड़बड़ी की भी आशंका है। अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग व नियुक्ति प्रक्रिया को जिला विद्यालय निरीक्षक से न कराकर माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा कराए जाने की मांग की ताकि उनको शीघ्र सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्ति मिल सके।

**मांग**
- अभ्यर्थियों ने माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के द्वारा काउंसलिंग कराकर नियुक्ति दिलाने की मांग की

माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने अभ्यर्थियों द्वारा की गई मांग के समाधान का आश्वासन दिया। इससे पहले अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से उनके आवास पर मुलाकात कर काउंसलिंग एवम् नियुक्ति की मांग को रखा। डिप्टी सीएम ने उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाने का आश्वाशन दिया।

## लूट की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार

**बिजनौर/नूरपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 धर्मवीर सिंह, जनपद बिजनौर द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों की रोकथाम व लूट व चोरी की घटनाओं पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुसिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी चांदपुर के निकट पर्यवेक्षण में 26/27 जून 202 की रात्रि स्वाट व सर्विलांस टीम द्वारा थाना नूरपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गौहावर नहर पुल के नजदीक लूट की योजना बना रहे बदमाशों मोहित उर्फ रेन्चो पुत्र संजय, गणेश दत्त शर्मा उर्फ जानू पुत्र दीपक शर्मा, जीशान उर्फ फैजान उर्फ टुल्ली पुत्र शौकीन निवासीगण बिशनपुर धूंधली थाना स्योहारा जनपद बिजनौर व कार्तिक उर्फ कशिश पुत्र रवि कुमार निवासी खानपुर बिल्लौच थाना नूरपुर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो बदमाशों द्वारा पुसिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस पार्टी द्वारा सूझबझ से अभियुक्तगणों की घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। बदमाशों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे 315 बोर 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस, 02 चाकू नाजायज, 03 मोटरसाइकिल 35,400 रुपये की नगदी, लैपटॉप, थम मशीन, 02 मोबाइल फोन, रजिस्टर आदि बरामद किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की कार्यकारिणी का विस्तार



संभल, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ब्लॉक रजपुरा में बैठक की गई। जहां संगठन का विस्तार करते हुए दुर्गेश सिंह यादव ग्राम चंदूनगला को युवा ब्लॉक अध्यक्ष रजपुरा व यादवेंद्र सिंह यादव को युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष रजपुरा की जिम्मेदारी सौंपी गई। युवा मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद वीरेश यादव ने दोनो नवयुक्त पदाधिकारियो को संगठन के संविधान के स्वरूप चलते हुए संगठन को मजबूत करने की शपथ दिलाई। तहसील अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा सदस्यता अभियान के तहत हर एक तहसील में गांव गांव जाकर कमेटी गठित करेंगे। ताकि आने वाली समय में किसान आंदोलन के लिए तैयार रहें। मंडल महासचिव मुकेश यादव ने बताया बताया सरकार द्वारा लाई गई नई सेना भर्ती अग्निपथ योजना का विरोध हम पुरजोर तरीके से करेंगे और गांव गांव जाकर युवाओं को समझाएंगे की सरकार आपके भविष्य खिलवाड़ कर रही है शांतिप्रिय ढंग से युवा आंदोलन करें हम सभी लोग युवाओं के साथ हैं। इस मौके पर नीरज यादव युवा जिला प्रभारी संभल यशपाल यादव ऋषिपाल सिंह यादव धर्मपाल कुशवाहा दुर्गेश छोटे सोनू सिंह सहित बहुत से साथी मौजूद रहे।

## कुमाऊनी सांस्कृतिक भ्रातृ मण्डल की बैठक आयोजित

**बिजनौर।** रविवार को धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के निवास स्थान बुखारा गवर्नमेंट कॉलोनी बिजनौर में कुमाऊनी सांस्कृतिक भ्रातृ मण्डल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मन्डल के सभी सदस्यों की सहमति से पूर्व कार्यकारिणी गठन पदाधिकारियों को सोपे गये दायित्यों को भंग करते हुए नये पदाधिकारियों का गठन निम्न प्रकार किया गया। जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में भुवन चंद्र जुयाल नये संरक्षक की अध्यक्षता में मनोनीत पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को मनोनीत किया गया। कुमाऊनी सांस्कृतिक भ्रातृ मण्डल के नवागत अध्यक्ष नारायण सिंह रावत, उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत, सचिव महेश चन्द्र जोशी, उपसचिव दीपक प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार शर्मा, उप कोषाध्यक्ष शंकर दत्त खुल्वै, ऑडिटर लक्ष्मी कान्त जोशी, प्रचार मंत्री गोविन्द बल्लभ नैलवाल, अर्जुन सिंह विष्ट उप प्रचार मंत्री सहित नए कार्यकारिणी सदस्य हीरा सिंह नेगी, कमल सिंह राणा, सुरेश रावत, विकास भन्डारी, संदीप जोशी को नियुक्त करते हुए उपस्थित सभी ने उपरोक्त नए नियुक्त सभी का हार्दिक अभिनंदन कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

# डंपर मालिकों ने मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा



नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

क्षेत्र के डंपर मालिकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें अन्य राज्यों से आने वाले ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने एवं डंपर में मानकों के अनुरूप सामग्री भरने आदि की मांगे रखी। सोमवार को तहसील परिसर मैं एकत्रित हुए डंपर ट्रांसपोर्टरों ने उप जिलाधिकारी विजय वर्धन तोमर को ज्ञापन सौंपते हुए कहां कि सभी डंपर स्वामियों ने निर्णय लिया है कि वे अपने डंपरों में मानकों के अनुरूप माल का ढुलान करेंगे। उन्होंने मांग की के नदियों एवं क्रेशर स्वामियों द्वारा उनके वाहनों को ओवरलोड माल भरने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। डंपर मालिकों ने जनपद की सीमाओं के अंदर चलने वाले अन्य राज्यों के ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की प्रशासन से मांग की। उन्होंने पट्टा धारकों को पट्टे पर कांटा लगवा कर मानकों के अनुसार वाहनों में माल देने की भी मांग रखी। ज्ञापन देने वालों में मौ०जावेद, संदीप, देवेन्द्र चैधरी, गुरमीत सिंह, बृजमोहन, मौ०अकरम, अशरफ अली, विक्रम सिंह, लवी, जीशान अहमद, हिफजुर्रहमान, अशोक कुमार, आदि मौजूद थे।

# अग्निपथ योजना के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने किया सत्याग्रह

सम्भल, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सशस्त्र बलों की भर्ती हेतु गलत नियोजित अग्निपथ योजना के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने नई तहसील पर भर्ती का ख्वाब देख रहे युवाओं एवं राष्ट्रहित हेतु शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस के विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत नई तहसील पर अग्नीपथ योजना के विरोध में सत्याग्रह किया जैसा की सर्वविदित है कि हाल ही में घोषित अग्नीपथ योजना से सशस्त्र बलों की लंबे समय से चली आ रही परंपराओं और लोकाचार को नष्ट करने और उनके मनोबल का अवमूल्यन करने के कारण पूरे देश में व्यापक गुस्सा और विरोध हो रहा है बिना किसी व्यापक परामर्श के केंद्र सरकार द्वारा इस गलत नीति को जिस




तरह थोपा गया उससे बड़ी संख्या में वे तमाम युवक नाराज हैं जो सशस्त्र बलों में शामिल होने का सपना देख रहे हैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए लड़ने की अपनी गौरवपूर्ण विरासत को लेकर पहले ही दिन से इस योजना का विरोध किया राष्ट्रीय सुरक्षा वह हमारे सशस्त्र बलों के मनोबल पर पड़ने वाले दूरगामी प्रभावों को भी उजागर किया पार्टी ने इसके विरोध में 20 जून को जंतर मंतर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था हमारे सांसदों ने अग्निपथ के खिलाफ संसद में शांतिपूर्ण मार्च निकाला और वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत के माननीय राष्ट्रपति महोदय को विस्तृत ज्ञापन सौंपा जिसमें विवादास्पद योजना को वापस लेने और उस पर व्यापक विचार विमर्श करने का अनुरोध किया गया था इस अवसर पर शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, एआईसीसी सदस्य शिव किशोर गौतम , अल्पसंख्यक चेयरमैन आरिफ खान तनवीर, सुभानी, मोहम्मद हसन, वरीद वारसी, इस्तेखार कुरैशी, नजरुल हसन, अभिषेक कुमार, अकील अहमद, मोहम्मद नासिर, आदि शामिल रहे।

# माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की बैठक आयोजित

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शासन में लंबित संगठन की मांगों को अनदेखा करने पर नाराजगी जाहिर की गई। बैठक में संगठन की ओर से आगामी माह में लंबित मांगों को लेकर आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। एमडीएस इंटर कालेज नजीबाबाद में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता तथा जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा के संचालन में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षणेत्तर वर्ग की लंबित मांगों को लेकर उपेक्षित रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन,धरना प्रदर्शन, मांगपत्र देने के बाद भी शासनादेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री संजय पुंढीर ने कहा कि प्रदेश



सरकार उनकी मांगों को ताक पर रख रही है इसलिए संघ द्वारा एकजुटता, संघर्ष, तथा आंदोलन के रास्ते से ही सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। प्रदेश कोषाध्यक्ष अनूप द्विदी ने प्रदेश के सभी विद्यालयों में शिक्षणेत्तर संघ के गठन पर जोर दिया। वक्ताओं ने विकर्षक पर पदोन्नति,300दिन के अवकाश नकदीकरण, पुरानी पेंशन बहाली, चिकित्सा सुविधा, भर्ती पर रोक हटाने, पदोन्नति में 22बी का लाभ देने, प्रबंध समिति में भागेदारी,वेतन विसंगति दूर करने आदि मांगों का शासनादेश जारी करने की मांग की।

# प्रयागराज हिंसा के मामले में फरार पांच आरोपितों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

प्रयागराज, एजेंसी

जुमे की नमाज के बाद संगमनगरी प्रयागराज में दस जून को हिंसा के मामले में आरोपितों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। मुख्य आरोपित जावेद मोहम्मद उर्फ पंप के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई के बाद अब फरार पांच आरोपितों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

प्रयागराज में दस जून को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपया का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस ने उमर खालिद, पार्षद फजल खां, शाह आलम, आशीष मित्तल तथा जीशान रहमानी पर शिकंजा कस दिया है। यहां हिंसा के मामले में खुल्दाबाद थाना से इनाम घोषित किया है। जावेद का कानपुर कनेक्शन : प्रयागराज में



अटाला मस्जिद में दस जून को जुमे की नमाज के बाद उपद्रवियों के मास्टर माइंड जावेद मोहम्मद उर्फ पंप का तीन जून को कानपुर हिंसा से कनेक्शन सामने आ रहा है।

अटाला बवाल के मास्टरमाइंड जावेद मोहम्मद उर्फ जावेद पंप जेल में बंद है। उसके खिलाफ पुलिस की पड़ताल तेज होने के बाद कानपुर से कनेक्शन सामने आ रहा है। पुलिस की जांच में पता चला है कि तीन जून को कानपुर में घटना होने के बाद जावेद ने चार जून को फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट की थी।

इसके बाद कानपुर के एक युवक से भी जावेद मोहम्मद उर्फ पंप लगातार फोन पर संपर्क में था। प्रयागराज की हिंसा तथा उपद्रव के मामले में जावेद मोहम्मद की बेटी आफरीन की भूमिका को लेकर भी पड़ताल चल रही है। गुस्से में की थी आपत्तिजनक पोस्ट : प्रयागराज में अटाला में हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद मोहम्मद उर्फ पंप को प्रयागराज से देवरिया जेल शिफ्ट किया गया है।

उसने प्रयागराज से देवरिया जाने से पहले पुलिस से कहा कि कानपुर की घटना के बाद वह काफी गुस्से में था। इसी कारण उसने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट की थी। चार जून को फेसबुक पर लिखा था कि उसे न्यायालय पर विश्वास नहीं है। सरकार मुस्लिम विरोधी कार्य कर रही है। उसने घर से बरामद तमंचा और कारतूस के बारे में कुछ नहीं बताया। सिर्फ इतना ही कहा कि उसे मालूम नहीं है कि उसके घर में किसने असलहा रखा। जब उसके मकान से तमंचा बरामद किया गया था, तब वह जेल में बंद था। दो दिन की पूछताछ के बाद पुलिस ने जावेद को रविवार रात देवरिया जेल भेज दिया। उसे पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही थी।

## राशन डीलर द्वारा अनियमितताओं की शिकायत पर पूर्ति अधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

**नजीबाबाद।** राशन डीलर द्वारा मृतकों के नाम अपने परिवार के राशनकार्डो में दर्ज कराकर नफा नाजायज उठाने की शिकायत पर पूर्ति अधिकारी नजीबाबाद ने जांच के बाद राशन डीलर को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। किरतपुर ब्लाक के ग्राम सुल्तानपुर सादात के राशन डीलर द्वारा मृतक एंव अपात्रों के खाद्यान पर डाका डाले जाने व अपात्रों के नाम राशन कार्ड में जोड़कर उनका लाभ ले रहें राशन डीलर का मामला प्रकाश में आया था। ग्रामीणो ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर राशन डीलर मनोज कुमार के ऊपर कई राशन कार्डो में अपने परिवार के नाम सम्मलित करने और उनका लाभ भी स्वंय लेने समेत कई आरोप लगाए थे। डीएम ने पूर्ति अधिकारी नजीबाबाद कों जांच के आदेश दिये थे। पूर्ति निरीक्षक अमित कुमार ने 8 जून को मौके पर जाकर जांच करते हुए ग्रामीणो के बयान भी लिये थे। उन्होने इस सम्बंध में राशन डीलर मनोज कुमार को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

# कांग्रेसियों ने की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर के सामने बैठकर कांग्रेस जनो ने सत्याग्रह किया ओर केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बिजनौर को दिया। ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को दिया।

गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा घोषित अग्निपथ योजना से सशस्त्र बलों की लंबे समय से चली आ रही परम्पराओ ओर लोकाचार को नष्ट करने और उनके मनोबल का अवमूल्यन करने के कारण पूरे देश मे व्यापक गुस्सा ओर विरोध हो रहा है



- राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

केंद्र सरकार द्वारा बिना किसी व्यापक परामर्श के इस गलत नीति को जिस तरह से थोपा गया है उससे बड़ी संख्या में वे तमाम युवक नाराज है जो सशस्त्र बलों में शामिल होने का सपना देख रहे थे।

भारतीय राष्टीय कांग्रेस ने हमारे राष्टीय हितों की रक्षा के लिए लड़ने की अपनी गौरव पूर्ण विरासत को लेकर पहले दिन से ही इस योजना का विरोध किया। राष्ट्रीय सुरक्षा व हमारे सशस्त्र बलों के मनोबल पर पड़ने वाले दूरगामी प्रभावो को भी उजागर किया। पार्टी ने इसके विरोध में 20 जून को जंतर मंतर में शान्ति पूर्ण सत्याग्रह किया था। हमारे सांसदों ने अग्निपथ के खिलाफ संसद से शांतिपूर्ण मार्च निकाला और वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति को विस्तृत ज्ञापन सौंपा था। जिसमे विवादास्पद योजना को वापस लेने और उस पर व्यापक विचार विमर्श करने का अनुरोध किया गया था। इसीलिये उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर प्रदेश की प्रतियक विधानसभा मुख्यालय पर कांग्रेस का शान्ति पूर्ण सत्याग्रह कार्यक्रम किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर राष्ट्रपति से इस ज्ञापन के माध्यम से जन हितमे मांग करती है कि अग्निपथ योजना को तत्काल बंद किया जाये और सशस्त बलो की पुरानी योजना को ही लागू किया जाये ओर केंद्र की जन विरोधी सरकार को बर्खास्त किया जाये।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 28 जून, 2022



## संक्षिप्त खबरें

### रिहैबिलिटेशन ट्रेनिंग सेंटर में वितरित की खाद्य सामग्री

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था ऑल पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने रेलवे रोड स्थित जनता रिहैबिलिटेशन ट्रेनिंग सेंटर (अन्ध विद्यालय) में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की। संस्था के अध्यक्ष यदुवंश कुमार चुघ ने कहा कि किसी भी प्रकार की दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, अपितु भगवान ने उन्हें स्पेशल बनाकर दिव्य शक्ति दी है। जिसके कारण सामान्य लोगों की अपेक्षा दिव्यांगों का हौसला बुलंद है। हमें उनकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के उप प्रधान एमआर कुमार, संयुक्त सचिव गौरव चुघ, प्रेम चावला, मानव चावला, करण चावला आदि ने संस्था के कार्यों की जानकारी ली।

### मतदाता सूची में 30 जून तक शामिल कराएं अपना नाम

होडल। हरियाणा एक्स सर्विसेज लीग के पलवल जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर ने सभी सदस्यों को सूचित किया है कि हरियाणा एक्स सर्विसेज लीग के आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची 30 जून तक पूरी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी सदस्य, जिसका नाम पिछली मतदाता सूची में गायब था, वह अपना नाम वर्तमान मतदाता सूची में 30 जून तक शामिल करवा लें।

### अग्निपथ योजना युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है : विजय प्रताप सिंह

फरीदाबाद। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर सोमवार को बडखल विधानसभा में अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग को विधायक नीरज शर्मा एवं कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके नेता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बडखल तहसील पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अग्निपथ एक ऐसी योजना है- जो न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है, बल्कि देश की सुरक्षा, सेना से भी खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न तो देश की सेना की मूल भावना से खिलवाड़ होने देगी और न ही युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने की इजाजत भाजपा सरकार को देगी। इसी को ध्यान में रखते हुए आज कांग्रेस देशभर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह कर रही है और हमारी मांग है कि भाजपा सरकार इस अग्निपथ योजना को वापस ले और उसको लेना पड़ेगा- ठीक किसान विरोधी काले कानूनों की तरह। उन्होंने कहा कि यह कानून लाकर भाजपा सरकार ने सेना का भी बेडा गर्क कर दिया है। राष्ट्रवाद की चासनी में युवाओं को डुबो-डुबोकर मारने का प्रयास भाजपा सरकार कर रही है। मोदी सरकार ने देश के जवानों से वन रैंक-वन पैंशन देने का वादा किया था, मगर वह जवानों को नो रैंक-नो पैंशन देने का काम कर रहे हैं। अग्निपथ योजना एक छलावा है, जब सरकार सेना से रिटायर जवानों को ही नौकरी नहीं दे पा रही है, तो इन युवाओं का कहां से रोजगार देंगे। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा बेरोजगारी में सबसे ऊपर है मोदी और मनोहर केवल झूठ बोलने का काम कर रहे हैं और रोजगार के नाम पर देश के युवाओं को भ्रमित कर रहे हैं। विजय प्रताप ने कहा कि देश की बीजेपी सरकार ने सभी कुछ तो प्राइवेट कर दिया है।

# भारत विकास परिषद की 9वीं सरस्वती शाखा का स्थापना समारोह सम्पन्न

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



भारत विकास परिषद गुरुग्राम में सरस्वती नाम से गठित की गई9वीं शाखा का स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें इस शाखा के पदाधिकारियों को सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण की शपथ दिलाई गई। सभी ने देश, समाज के लिए सदैव सकारात्मक कार्य करने में खुद को आगे रखने की बात कही। इस अवसर पर महेंद्र शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष, डा. आरबी यादव प्रांतीय महासचिव, सीए अनिल बंसल प्रांतीय वित्त सचिव, अरुण अग्रवाल प्रांतीय संगठन सचिव, रिषी अग्रवाल जिला अध्यक्ष, डीपी गोयल सचिव, सरस्वती शाखा अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, वीएन तिवारी, सुभाष गुप्ता, देवेश गुप्ता, अनु आनंद, शीतल गुप्ता आदि मौजूद रहे। लोकेश नारंग ने मंच संचालन किया। परिषद की 9वीं सरस्वती शाखा में संजीव अग्रवाल को अध्यक्ष, आरसी गुप्ता को महासचिव, सुरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, उमेश मुद्गिल को (सम्पर्क) उपाध्यक्ष, अमित अग्रवाल को (सेवा) उपाध्यक्ष, पवन अग्रवाल को (संस्कार) उपाध्यक्ष, एचएस भोला को संयुक्त सचिव, सुशील गोयल को संयुक्त सचिव, श्रीमती नारंग को महिला कॉर्डिनेटर बनाया गया है।

**समाजसेवा के साथ राष्ट्रीयता भी है ध्येय : महेंद्र शर्मा**

प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि सेवा, संस्कार के कार्यों को बेहतरी से करने में परिषद के सभी पदाधिकारी, सदस्य सदा अग्रणी रहते हैं। सिर्फ समाजसेवा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीयता के कार्य भी परिषद की ओर से समय-समय पर किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद एक सेवा एवं संस्कार-उन्मुख अराजनैतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है जो स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाते हुए मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के सर्वांगीण विकास के लिये समर्पित है।

**वंचितों को डिजिटल माध्यम से पहुंचाएंगे शिक्षा : ऋषि अग्रवाल जिला अध्यक्ष**

ऋषि अग्रवाल ने कहा कि चार महीने पूर्व जिला की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ था। तब से लेकर अब तक भारत विकास परिषद गुरुग्राम की शाखा चौथी से नौवीं शाखा तक पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर-12ए में विवेकानंद आरोगय केंद्र चल रहा है।

लाखों लोग वहां से चिकित्सा सेवाओं का लाभ ले चुके हैं और लगातार ले रहे हैं। सेक्टर-10ए के नागरिक अस्पतालों में मरीजों को तीनों समय का भोजन निशुल्क दिया जाता है। भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कार्य करने जा रहे हैं। जो बच्चे शिक्षा से वंचित हैं, उन्हें डिजिटल माध्यम से शिक्षा पहुंचाएंगे। गुरुग्राम से इसकी शुरूआत होगी। फिर पूरे हरियाणा और भविष्य में देशभर में यह मॉडल लागू किया जाएगा।

**पांच सूत्रों पर काम करता है परिषद : डीपी गोयल**

भारत विकास परिषद के जिला सचिव डीपी गोयल ने कहा कि सेवा, संस्कार के काम परिषद गुरुग्राम सहित देशभर में करती है। परिषद लगातार रक्तदान शिविर, स्कूलों में संस्कार के कार्यक्रम गुरू वंदन छात्र अभिनंदन, राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता, भारत को जानो आदि कार्यक्रम आयोजित करता है। उन्होंने कहा कि परिषद की संपूर्ण गतिविधियां पांच सूत्रों के आधार पर चलती है। ये हैं संपर्क, सहयोग-संस्कार-सेवा व समर्पण। सेवा के तहत दिव्यांग सहायता एवं पुनर्वास, वनवासी सहायता, ग्राम बस्ती विकास, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, स्वास्थ्य, सामूहिक सरल विवाह, जरूरतमंद महिलाओं व बच्चो के लिए कानूनी सहायता तथा प्राकृतिक आपदाओं समय रहते कार्य किये जाते हैं। जनसम्पर्क के तहत संस्कृति सप्ताह, अलग-अलग विषयों पर सेमीनार किए जाते हैं।

# कूंए की सफाई करने उतरे चाचा-भतीजे की हुई मौंत

होडल, प्रात: किरण संवाददाता

होडल उपमंडल के गांव भुलवाना में रविवार देर शाम कुएं की सफाई करने के लिए कुएं में उतरे चाचा भतीजे की कुएं में बनने वाली जहरीली गैस के कारण मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों को एक गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कुएं पर एकत्रित हो गए। कुएं में से दोनों चाचा भतीजे के शव को निकालने के लिए कुएं में उतरे व्यक्ति की भी जहरीली गैस के कारण हालत खराब हो गई जिसे उपचार के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने दोनों चाचा भतीजे के शव के शव का

पलवल स्थित सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। होडल कार्यवाहक इंचार्ज संदीप सिंह में जानकारी बताएं गांव भूलवाना में बड़े मंदिर के निकट एक निजी कुआं बना हुआ है। उन्होंने बताया कि वह हुए कि पिछले काफी समय से सफाई नहीं हुई थी। रविवार साय गांव भुलवाना निवासी 52 वर्षीय हरकेश अपने भतीजे 25 वर्षीय सत्तू के साथ कुएं की सफाई करने के लिए कुएं में उतरे थे। उन्होंने बताया कि वह कि काफी दिनों से सफाई न होने के कारण वह मैं जहरीली गैस बन गई और यह दोनों चाचा भतीजे हाउस गैस के कारण दम घुटने लगा और जहरीली गैस के कारण कुछ ही देर में दोनों चाचा भतीजे की मौत हो गई। काफी देर बाद भी दोनों चाचा भतीजे कुएं में से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने कुएं में जाकर देखा तो वह दोनों मृत अवस्था में हुए में पड़े थे। परिजनों से शोर मचाना शुरू कर दिया।

परिजनों का शोर सुनकर आस पास के ग्रामीण काफी संख्या में घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। कुएं मैं दोनों चाचा भतीजे के शव को निकालने के लिए उतरे ग्रामीण धर्मेंद्र की भी जहरी गैस के कारण हालत गंभीर हो गई। जिसे उपचार के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने दोनों चाचा भतीजे के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया है। गांव में हुई इतनी बड़ी घटना के बाद से गांव में मातम छाया हुआ है।

# सुरेंद्र बबली ने मुख्यमंत्री के सामने रखी ब्राह्मणों की मांगें



फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से विभिन्न प्रकार के सामाजिक विषयों को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने सांसद पंडित रमेश कौशिक, सांसद संजय भाटिया, सांसद हरविंदर कल्याण, विधायक पंडित जीएल शर्मा, पूर्व चेयरमैन पडितं वीरेंद्र शर्मा, पं मुकेश शर्मा, पं सुरेश शर्मा सहित सभा के सम्मानित लोगों के साथ मुलाकात की। जहां रोहतक में ब्राह्मणों को दी जाने वाली जमीन,ब्राह्मणों को अन्य समाज की तरह विशेष स्थान, राज्य सरकार द्वारा परशुराम जयंती को सम्मान दिवस के रूप में मनाए जाने की मांग की। इस सभी मांगों को सुन की मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारी सरकार में ब्राह्मणों के मान-सम्मान का विशेरू ध्यान रखा गया है। इसके अलावा उनकी मांगों को लेकर कहा कि इन सब पर जल्द ही विचार विर्मश में आगे बढ़ाय जाएगा। इसके क्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने सभी सम्मानित महानुभावों का आभार व्यक्त करते हुए कहा भाजपा सरकार में सबसे अधिक ब्राह्मणों को मान-सम्मान मिला है। इसके अलावा बबली ने कहा कि इस सरकार में सभी योजनाओं का लाभ बराबर दिया जा रहा है।

# संतोष श्रीपाल शर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुकेश पहलवान

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



वार्ड नंबर 10 के लक्ष्मण विहार में संतोष श्रीपाल शर्मा ने कुछ समस्याओं को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री श्याम परिवार महासंघ के अध्यक्ष व भाजपा नेता मुकेश पहलवान का फूल माला गुलदस्ता व समाज के प्रतिशिष्ट लोगों ने पगड़ी बांधकर उनका सम्मान किया। साथ में कादीपुर इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक पूर्ण यादव को सरकार द्वारा गौ सेवा आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त करने पर उनको भी फूल माला व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। कादीपुर इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष राष्ट्रीय परशुराम परिषद गुरुग्राम जिला अध्यक्ष व शहीद यादगार मंच हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष संतोष श्रीपाल शर्मा ने कुछ समस्याओं पर ध्यान दिलाया जैसे पानी की सही निकासी न होने की वजह से बारिश होते ही सैकड़ों घरों में पानी भर जाता है। बिजली की तारे जर्जर हैं ट्रांसफार्मर जमीन लेवल पर हैं। सीवर लाइन बार-बार चौक होती हैं क्योंकि सही समय पर सफाई नहीं होती और पिछले चुनाव में कम्युनिटी सेंटर का मुद्दा हावी था।

इस बार भी कंडीशन वही है क्योंकि चालाक लोग ऐसे ही करते हैं खाली घोषणा हुई लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ भाई मुकेश पहलवान ने सभी बुजुर्गों और सामाजिक लोगों को अपने हाथों से फूल माला पहनाकर सम्मानित किया जिसमें सनटेक इंडिया लॉजिस्टिक के चेयरमैन खुशी राम कांट्रेक्टर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद सुप्रिडेंट एस एन कौशिक जी आरडब्ल्यूए प्रधान मुकेश नवीन कोरोना योद्धा समाजसेवी ललित पाराशर पूर्व कमिश्नर कल्याण शर्मा मारुति के प्रधान नरेंद्र हरि प्रकाश सुशील पूर्ण रोशन लाल आचार्य गौरी शंकर महेंद्र चौधरी विकास दीपक नरेश आदि ने मुकेश पहलवान व श्रीपाल शर्मा ने फूल माला पहनाते हुए सभी का धन्यवाद सहित दिल से आभार व्यक्त किया और निवेदन सहित सभी से समर्थन व आशीर्वाद लिया।

# स्वामित्व योजना के तहत हुई रजिस्ट्रियों की जाँच सीबीआई से कराने की माँग

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

तरविंदर सैनी (माईकल) आम आदमी पार्टी नेता गुरुग्राम ने हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना की आड़ में नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों ने जो बड़े स्तर पर रकम वसूल कर रजिस्ट्रियां की हैं उस अनैतिक कार्य में लिप्त तमाम लोगों व एक निगम अधिकारी की सम्पत्ति की जाँच उपरांत कार्यवाही के लिए उपराज्यपाल महोदय के नाम एक ज्ञापन मार्फत डीसी के बतौर प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट साहब को सौंपा, जिसमें पूरे मामले की जाँच सीबीआई, एसआईटी और ईडी से कराने की माँग की गई। माईकल सैनी ने बताया कि पिछले गत माह से चले आ रहे बेईमानी के इस खेल में पर्दे के पीछे कुछ बड़े किरदार छिपे हैं जिनकी शह पर ही यह सारा खेल खेला जा रहा था मगर पहले की तरह इस बार भी बच निकलने में माहिर लोगों ने अपनी ढाल आउटसोर्सिंग पर लगे कर्मचारियों को ही बनाना चाहा है और उन्हें नोकरी से हटाकर लेन देन का सारा आरोप उन्हीं के सरमढ़ कठघरे में खड़ा कर दिया परन्तु जिसका खण्डन करते हुए दो कर्मचारियों ने सामने आकर अपने आप को बेकसूर बताया है और अपने अधिकारियों की शिकायतें दर्ज कराई उसके बाद मामला मीडिया, सोशल मीडिया पर भी उछला। इस बार गुरुग्रामवासियों ने भी मामले की तह तक जाने का विचार बनाया और सामाजिक कार्यकर्ता माईकल सैनी के साथ अधिवक्ताओं की टीम में दा पावर ऑफ ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट रोहित मदान, के के अरोड़ा, एडवोकेट कमल कुमार, एडवोकेट ललित सैनी, एडवोकेट नवीन ने सीटीएम साहब द्वारा साक्ष्यों के विषय में पूछे जाने पर बताया कि हम जांच कमेटी को हरसंभव मदद करने को तैयार है और जो भी साक्ष्य हमारे पास होंगे उपलब्ध करा दिए जाएंगे और साथ ही मांग करते हुए कहा कि जांच निष्पक्षता से की जानी चाहिए और तीव्रता से हो।

# किसान बिल की तरह अग्नि पथ योजना भी लेनी होगी वापस : शारदा राठौर

बल्लभगढ़, प्रात: किरण संवाददाता

पंचायत भवन के बाहर कांग्रेस कार्यकताओं ने सोमवार को केंद्र सरकार की अग्नीपथ योजना के विरोध में धरना दिया। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस धरने में बड़ी संख्या में बल्लभगढ़ व पृथला विधानसभा क्षेत्र

के लोगों ने भाग लिया। इस धरने में कई सेवानिवृत्त फौजियों ने भी भाग लिया। कांग्रेसी कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पृथला के पूर्व विधायक रघुवीर तेवतिया ने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं के हितो पर कुठाराघात है। देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी पर तो केंद्र सरकार कोई कदम नहीं उठा रही अपितु रोजगार छीनने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने से पहले हर साल युवाओं को 2 करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था और अब अग्निपथ जैसी योजनाएं लाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। अग्नीपथ योजना का सेवानिवृत्त फौजी भी विरोध कर रहे हैं। देश में कई नौजवानों ने आत्महत्या जैसे कदम उठाए हैं फिर भी मोदी सरकार आंखें मूंदे बैठी है। सरकार इस योजना को वापिस लेकर पुरानी व्यवस्था से तुरंत भर्ती शुरू करे

अन्यथा देश का युवा उन्हें कभी माफ नहीं करेगा और युवावर्ग भाजपा सरकार का सिंहासन हिला देगा। वहीं धरने पर बैठे कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बल्लभगढ़ की पूर्व विधायक शारदा राठौर ने कहा की देशव्यापी बेरोजगारी मोदी सरकार की विफलता का जीता जाता उदाहरण है। जिन युवाओं ने भाजपा को वोट दिया उन्ही युवाओं के साथ भाजपा सरकार ने धोखा किया है। अग्नीपथ योजना के तहत युवाओं को न तो रैंक न पेंशन न मेडिकल सुविधा और न ही कैंटीन की सुविधा मिलेगी और युवा 4 साल में ही रिटायर होकर अपने घर आ जाएंगे। जो युवा बरसों से सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहे हैं, उनकी कुंठा और निराशा को मोदी सरकार कैसे दूर करेगी। फौजी कहलाना युवाओं का सपना होता है जिसे मोदी सरकार ने चकनाचूर कर दिया है। किसान बिल की तरह अग्नि पथ योजना भी सरकार को वापिस लेनी पड़ेगी। कांग्रेस पार्टी इस युवा विरोधी अगनिपथ योजना का लगातार विरोध करती रहेगी।

# अग्रिपथ योजना के विरोध में कांग्रेसियों ने किया लघु सचिवालय पर सत्याग्रह

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

- कांग्रेसी नेता एक स्वर में बोले युवाओं के हित में भाजपा सरकार तुरंत वापस ले अग्नीपथ योजना

केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई अग्रिपथ योजना एवं व्यापक बेरोजगार के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस द्वारा सोमवार को प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर समूचे देश के युवाओं के समर्थन में सेक्टर-12 स्थित जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सत्याग्रह किया गया। कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकताओं ने सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शांतिपूर्वक धरना दिया और भाजपा सरकार की इस योजना का डटकर विरोध करते हुए इस तुगलकी फरमान को तुरंत वापस लेने का आह्वान किया।

इस मौके पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला एवं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार कुरेशी, वेदपाल दायमा, रोहित सिंगला, नीरज गुप्ता, महेश नागर मुख्य रूप से मौजूद थे। सत्याग्रह पर बैठे कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर व लखन सिंगला ने संयुक्त रूप से कहा कि अग्रिपथ योजना के लागू होने से भयंकर बेरोजगारी इस देश में आएगी। चार साल के बाद जब जवान को फौज से निकाला जाएगा तो वह कहां जाएगा, मात्र 21 साल की उम्र में नौजवान भूतपूर्व सैनिक का तमगा लेकर कहां से रोजगार प्राप्त करेगा। इस योजना से नौजवानों के भविष्य के साथ-साथ देश की सुरक्षा को भी बहुत भारी खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्रिपथ जैसी बहुत ही अपरिपक्व योजना लाकर केंद्र सरकार ने देश की सुरक्षा के साथ उपयोग करना बेहद खतरनाक साबित होगा, एक तरफ जहां दुश्मन देश को आए दिन आंख दिखा रहे है वहीं दूसरी ओर इस तरह की योजना लेकर आना केंद्र सरकार का देश सुरक्षा के प्रति असंवेदनशील रवैया खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे फौजी को तैयार होने में सात से आठ साल का समय लगता है, जबकि सरकार चार साल में ही उन्हें रिटायर करना चाहती है।

चार साल वाले फौजी बड़े- बड़े अत्याधुनिक हथियारों का प्रयोग करने कैसे सिखेंगे, यह देश की रक्षा के साथ समझौता होगा। उन्होंने कहा कि पहले किसानों ने संघर्ष करके सरकार के घुटने टिकवाए और बिल वापिस करवाए, अब ये सरकार देश के जवान को मारना चाहती है, लेकिन देश का नौजवान सरकार की इस योजना का मुंहतोड़ जवाब देगा और किसी भी हालत में यह योजना को लागू होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के नौजवानों से आह्वान किया कि वे अपने वजूद की लड़ाई में, अपने भविष्य की लड़ाई में कांग्रेस के साथ इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग दें ताकि केंद्र सरकार को इस अग्रिपथ जैसी युवाविरोधी योजना को वापिस लेने के लिए विवश होना पड़े। इस अवसर पर संजय कौशिक पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, बालकिशन वशिष्ठ पूर्व चेयरमैन, जिला युवा (शहरी) अध्यक्ष नितिन सिंगला, जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष अभिलाष नागर, अनिल चेची, रचना भसीन, गुलाब सिंह गुड्डा, कमल चंदीला, गंगाराम नरवत, विजय कुमार, योगेश तंवर, टीकाराम नागर, लाला शर्मा, खुशबू खान, हरिलाल गुप्ता, मोहन चौहान, तुलसी प्रधान, रवि कुमार, रहमान, निशांत, नरेंद्र सैनी, ललित शर्मा, कृष्ण अत्री, कृष्ण चौहान, सूरज ढेडा, बाबूलाल रवि, सुंदर नेताजी, रोहताश चौधरी सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अग्रवाल महाविद्यालय एसडीजी क्लब द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

बल्लभगढ़, प्रात: किरण संवाददाता



अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के एसडीजी क्लब द्वारा सोमवार को प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। क्लब का उद्घाटन 30 मई 2022 को हुआ था। यह संयुक्त राष्ट्र के 17 लक्ष्यों पर निर्धारित किया गया। जिनमें से महाविद्यालय ने 4 लक्ष्यों को अपनाया है। यह व्याख्यान संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्य 5 लैंगिक समानता के तहत आयोजित किया गया। व्याख्यान का विषय समानता को खिलने दो था। जहां डॉ पुनीता हसीजा, अध्यक्ष, आईएमए, हरियाणा कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रही। डॉ. रेखा सैन, (कार्यक्रम की संयोजक) ने उनका स्वागत किया और उनका परिचय दिया। डॉ पुनीता हसीजा ने छात्राओं को लैंगिक समानता का अर्थ समझाया व उन्हें खुद को शिक्षित कर अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान से कुल 55 छात्र लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का समापन सुश्री प्रिया अरोड़ा, समन्वयक, एसडीजी क्लब के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के अंग्रेजी विभाग में स्नातकोत्तर में अंग्रेजी विषय करियर गाइडेंस एवम ऑपर्च्युनिटीज विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी साहित्य व भाषा के महत्व से रूबरू करवाना था। विभागाध्यक्षया श्रीमती कमल टंडन ने अंग्रेजी विषय के रूप में अपना करियर चुनने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। वेबिनार की होस्ट श्रीमती विजया रानी ने विधार्थियों को बताया कि इंग्लिश लिटरेचर में नौकरी की अपार संभावनाएं हैं। डॉ. ईनायत चौधरी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में अंग्रेजी विषय के माध्यम से रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

# बल्लभगढ़ के कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक शारदा राठौर के कार्यक्रम का किया बहिष्कार

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भाजपा सरकार द्वारा लाए गए अग्निपथ योजना के विरुद्ध बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के साथ मिलकर चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया।

सत्याग्रह के सभा को संबोधित करते हुए बल्लभगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व हरियाणा कांग्रेस के स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज मनोज अग्रवाल ने पूर्व विधायक शारदा राठौर द्वारा की गई अनुशासनहीनता पर तंज कसते हुए कहा की आज जिस जिनके पास कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता तक नहीं है, वो लोग हमारे नेता राहुल गांधी और एआईसीसी के दिशा-निर्देशों का सरेआम उल्लंघन कर रहे हैं। आज का सत्याग्रह कांग्रेस पार्टी के सामुहिक नेतृत्व में होना था लेकिन पूर्व विधायिका ने पार्टी प्रोटोकॉल तोड़ते हुए धरना स्थल पर लगाए गए टेंट में अपनी तस्वीर लगाने का शर्मनाक काम किया है। हमें उनकी तस्वीर से नहीं बल्कि उनकी विचारधारा से आपत्ति है।

कांग्रेस पार्टी द्वारा यह निर्धारित किया गया था कि धरना पर सिर्फ और सिर्फ राहुल गांधी की तस्वीर लगेगी लेकिन पूर्व विधायिका ने अहकार की पराकाष्ठा को पार करते हुए पार्टी के अनुशासन को तार-तार करने का काम किया है। पूरी बल्लभगढ़ कांग्रेस एकजुटता से इसकी शिकायत पार्टी आलाकमान से करेगी और हम यह मांग करेंगे की पार्टी को बार-बार धोखा देने वाली इस नेत्री पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो। हम कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही हैं और पार्टी हित में हम आवाज उठाते रहेंगे। अग्निपथ योजना पर मनोज अग्रवाल ने कहा की जब से भाजपा हुकूमत देश में आई है, देश की युवा रीढ़ को तोडने.में लगी हुई है। भाजपाई हुकूमत में एक तरफ जहाँ देश के युवाओं को 45 साल की सबसे भयावह बेरोजगारी का सामना करना पड़ा, वहीं अब अग्निपथ योजना के जरिए सरकार उनकी न केवल उम्मीदों, बल्कि देश सेवा की भावना पर वार कर रही है। अग्निपथ एक ऐसी योजना है- जो न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है, बल्कि देश की सुरक्षा, सेना से भी खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस न तो देश की सेना की मूल भावना से खिलवाड़ होने देगी और न ही युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने की इजाजत भाजपा को सरकार को देगी। इसी को ध्यान में रखते हुए आज कांग्रेस देशभर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह कर रही है और हमारी मांग है कि भाजपा सरकार इस अग्निपथ योजना को वापस ले और उसको लेना पड़ेगा- ठीक किसान विरोधी काले कानूनों की तरह। इस दौरान कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय त्यागी, महिला कांग्रेस सचिव प्रियंका अग्रवाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी, सेवादल सचिव सगीरन खान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सन्नी बादल, युवा कांग्रेस नेता शुभम कसाना, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिता शर्मा, महिला कांग्रेस सचिव नसीमा खान, प्रताप शर्मा, जयकिशन पंडित, राजकुमार नेताजी, धर्मवती, राहुल गुप्ता, राजेश शर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# 'अग्निपथ' 4 साल की नौकरी उद्योगपतियों को बेचने का काम कर रही है: आनंद कौशिक

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता




फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनन्द कौशिक व उनके अनुज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव बलजीत कौशिक के नेतृत्व में सेक्टर 9 कार्यालय पर अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग को कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आनंद कौशिक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा लाई गई अग्निपथ योजना के तहत युवाओं को मात्र 4 साल की नौकरी करा कर बड़े उद्योगपतियों को बेचने का काम करने जा रही है, जिसका वे कड़ा विरोध करते हैं। जब भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय इस योजना का लाभ बता रहे थे, तो उनके द्वारा अग्निवीरों को भाजपा कार्यालय में सुरक्षा गार्ड की नौकरी दिए जाने की बात कही गई थी, जो भारतीय सैनिकों का अपमान है. उन्होंने मांग की कि पीएम मोदी और भाजपा कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहाकि कांग्रेस अग्निपथ योजना का खुलकर विरोध कर रही है. क्योंकि यह देश के युवाओं के लिए काफी नुकसानदेय साबित हो सकती है. दूसरा कैलाश विजयवर्गीय द्वारा जिस तरह अग्निपथ योजना से रिटायर हुए अग्निवीरों को भाजपा कार्यालय में चौकीदार रखने की बात कही है, वो निंदनीय है. प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ऐसी बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं. हमारी मांग है कि ऐसे भाजपा नेता के खिलाफ देशद्रोह के साथ सेना के अपमान का भी मुकदमा दर्ज होना चाहिए। बलजीत कौशिक ने चेतावनी दी कि जब तक अग्निपथ योजना को वापस नहीं लिया जाता, तब तक कांगेस पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### कई देशों को रोटी खिला रहा भारत

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन के बीच इस साल फरवरी से जारी जंग के बाद दुनियाभर में खाने-पीने की चीजों की कमी का संकट उत्पन्न हो गया है. इस बदले हालात में भारत कई देशों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। कुछ खाद्य पदार्थों के निर्यात पर पाबंदियां लगाने के बाद भी भारत जरूरतमंद देशों को इनकी आपूर्ति कर रहा है। उदाहरण के लिए भारत ने घरेलू बाजार में उपलब्धता सुनिश्चित करने और खाद्य सुरक्षा बनाए रखने के लिए मई में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था. हालांकि इसके बाद भी भरत ने कई देशों को लाखों टन गेहूं का निर्यात किया है। अफगानिस्तान को मदद के तौर पर मिला गेहूंः फूड सेक्रेटरी सुधांशू पांडेय ने बताया कि 13 मई को लगाई गई पाबंदी के बाद से अब तक भारत ने करीब एक दर्जन देशों को 18 लाख टन गेहूं का निर्यात किया है. इनमें से बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देश सबसे बड़े लाभार्थी बनकर उभरे हैं।

### रोजाना 50 रुपये जमा कर एक बार में पाएं 35 लाख

नई दिल्ली। पोस्ट ऑफिस द्वारा कई तरह की सेविंग स्कीम्स चलाई जाती हैं. पोस्ट ऑफिस में पैसे लगाना रिस्क-फ्री माना जाता है. इसलिए बड़ी संख्या में लोग इसकी स्कीम्स में पैसा लगाते हैं. आप भी इस स्कीम में पैसा लगाकर बढ़िया मुनाफा कमा सकते हैं। भारतीय पोस्ट ऑफिस कई तरह की बचत स्कीम चलाती है. करोड़ों लोग पोस्ट ऑफिस की स्कीम्स में निवेश कर बढ़िया रिटर्न पा रहे हैं. इसलिए पोस्ट ऑफिस की स्कीम में लोग पैसा लगाते हैं. पोस्ट ऑफिस में पैसे लगाना रिस्क-फ्री माना जाता है. लोग अपनी रकम सुरक्षित और बेहतर रिटर्न वाली स्कीम में निवेश करना चाहते हैं. ऐसी पोस्ट ऑफिस की एक स्कीम है ग्राम सुरक्षा योजना इस स्कीम के लिए आप हर रोज सिर्फ 50 रुपये बचाकर 35 लाख रुपये का रिटर्न पा सकते हैं। कौन कर सकता है निवेश ? ग्राम सुरक्षा योजना रूरल पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस स्कीम्स प्रोग्राम का हिस्सा है. यह इंश्योरेंस पॉलिसी देश की ग्रामीण जनता के लिए साल 1995 में लॉन्च की गई थी. ग्राम सुरक्षा योजना में 19 साल से लेकर 55 साल तक के व्यक्ति निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम में 10 हजार रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकता है। प्रीमियम भरने के लिए इसमें कई सारे विकल्प उपलब्ध हैं. आप प्रीमियम का भुगतान मासिक, तिमाही, छमाही और सालाना आधार पर कर सकते हैं।

### कॉपर बिजनेस में अडानी ग्रुप की एंट्री

नई दिल्ली। गौतम अडानी लगातार अपने कारोबार का विस्तार करते जा रहे हैं और हाल ही में सीमेंट के क्षेत्र में दस्तक देने के बाद अब उन्होंने तांबा बाजार में एंट्री की तैयारी कर ली है. इसके लिए SBI, PNB समेत अन्य बैंकों ने अडानी ग्रुप को हजारों करोड़ रुपये का कर्ज दिया है। एशिया के पहले और दुनिया में छटे सबसे अमीर इंसान भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी एक नए क्षेत्र में जोरदार एंट्री करने जा रहे हैं. अडानी ग्रुप ने तांबे में बड़ा निवेश करने की तैयारी की है।

# एक साल में दोगुना हुआ यूपीआई से होने वाला लेन-देन

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑनलाइन और डिजिटल पेमेंट रोजमर्रा की जरूरत बनने के साथ अब अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी साबित होते जा रहे हैं। 'इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट' के अनुसार, जनवरी-मार्च 2022 के दौरान 10.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट माध्यमों के जरिए किया गया। इस दौरान डेबिट और क्रेडिट कार्ड, मोबाइल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड जैसे प्रीपेड भुगतान साधनों और वढक के जरिए 936 करोड़ लेन-देन किए गए।

**पहली पसंद यूपीआई**

रिपोर्ट में बताया गया है कि जनवरी से मार्च की तिमाही के दौरान यूपीआइ पी2एम लेनदेन, उपभोक्ताओं के बीच सबसे पसंदीदा भुगतान मोड के रूप में उभरा। बाजार में इसकी हिस्सेदारी 64 फीसद थी, जो मूल्य के मामले में 50 फीसद आंकी गई है। पेमेंट के लिए यूपीआइ का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए यह बात हैरान नहीं करती। जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही के दौरान, **यूपीआई** में 14.55 बिलियन से अधिक लेन-देन हुए। मूल्य में आंका जाए तो यह आंकड़ा 26.19 लाख करोड़ रुपये बैठता है। 2022 की पहली पहली तिमाही में,




स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक और पेटीएम पेमेंट्स बैंक लीड कर रहे थे। इसके अलावा, वॉल्यूम के मामले में शीर्ष यूपीआइ ऐप फोनपे, गूगल पे, पेटीएम पेमेंट्स बैंक ऐप, अमेजन पे और एक्सिस बैंक ऐप थे, जबकि शीर्ष पीएसपी (भुगतान सेवा प्रदाता) यूपीआइ सर्विस प्रोवाइडर यस बैंक, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और पेटीएम पेमेंट्स बैंक थे।

**दोगुना हुआ यूपीआइ से लेन-देन**

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में वढक से होने वाले लेन-देन की संख्या और उसका मूल्य लगभग दोगुना हो गया है। 2021 की पहली तिमाही की तुलना में मात्रा में इसमें लगभग 99 फीसद और मूल्य में 90 फीसद से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**क्रेडिट कार्ड का दबदबा कायम**

रिपोर्ट में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजैक्शन में 7 फीसदी लेन-देन क्रेडिट कार्ड के जरिए होता है, लेकिन यह कुल ट्रांजैक्शन वैल्यू का 26 फीसदी है। यह दर्शाता है कि ग्राहक अभी भी उच्च-मूल्य वाले लेन-देन के लिए अपने क्रेडिट कार्ड का उपयोग करना पसंद करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लेन-देन में डेबिट कार्ड का हिस्सा 10 फीसदी है, लेकिन इसका दबदबा घट रहा है और यूपीआइ में होने वाला लेन-देन बढ़ रहा है।

**कार्ड जारी करना**

वर्ल्डलाइन 'इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट' 2022 द1 के अनुसार, मार्च के अंत तक प्रचलन में शामिल क्रेडिट और डेबिट कार्ड की कुल संख्या 99 करोड़ से अधिक थी। जबकि क्रेडिट कार्डों पर बकाए लेन-देन की संख्या मार्च 2021 में 6.20 करोड़ से बढ़कर मार्च 2022 में 7.3.6 करोड़ हो गई। उसी अवधि के दौरान बकाया डेबिट कार्ड 898.20 मिलियन से 2 फीसद बढ़कर 917.66 मिलियन हो गए।

# सोने की कीमत में उछाल चांदी में भी आई तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने और चांदी की कीमतों में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातु की कीमतों में तेजी होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोना 302 रुपये की तेजी के साथ 50,822 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछले कारोबार सत्र में सोना 50,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी भी पिछले कारोबार के 59,450 रुपये प्रति किलोग्राम से 781 रुपये बढ़कर 60,231 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत बढ़कर 1,839 डॉलर प्रति औंस और चांदी सपाट होकर 21.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटीज) तपन पटेल ने कहा कि उम्मीद थी कि जी7 देश रूस से नए सोने के आयात पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

**सोना वायदा 262 रुपये प्रति 10 ग्राम चढ़ाः**

मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की, जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को सोना 262 रुपये की तेजी के साथ 50,885 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलीवरी के लिए सोने का अनुबंध 262 रुपये या 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,885 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार किया, जिसमें 11,936 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि प्रतिभागियों की ताजा पोजीशन से सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.55 फीसदी की तेजी के साथ 1,840.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

**चांदी वायदा कीमतों में तेजीः**

मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपना दांव बढ़ाया, जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को चांदी की कीमत 741 रुपये की तेजी के साथ 60,490 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी का जुलाई डिलीवरी का अनुबंध 7,066 लॉट में 741 रुपये या 1.24 प्रतिशत बढ़कर 60,490 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि चांदी की कीमतों में तेजी का मुख्य कारण सकारात्मक घरेलू रुख के बीच प्रतिभागियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करना था। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी 1.54 फीसदी की तेजी के साथ 21.49 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

# श्रीलंका में पाकिस्तान से भी महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक संकट के बीच श्रीलंका ने दो महीने में तीसरी बार ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि कर महंगाई की मार झेल रही देश की जनता पर और भार लाद दिया है। सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 50 व डीजल में 60 श्रीलंकाई रुपये की बढ़ोतरी की है। ताजा घोषणा से पेट्रोल की कीमत 470 श्रीलंकाई रुपये और डीजल की 460 श्रीलंकाई रुपये हो गई है। इस बीच, ईंधन की कमी से अगले सप्ताह तक सीमित फिलिंग स्टेशनों तक ही आपूर्ति होगी।

**19 अप्रैल से ईंधन की कीमतों में यह तीसरी वृद्धिः** सरकार नियंत्रित सीलोन पेट्रोलियम कारपोरेशन (सीपीसी) ने ईंधन की बढ़ी दरें रविवार से लागू होने की पुष्टि की है। वहीं, श्रीलंका आइओसी ने भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी की है। इससे पहले 24 मई को पेट्रोल की कीमतों में 24 प्रतिशत और डीजल में 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। 19 अप्रैल से



ईंधन की कीमतों में यह तीसरी वृद्धि है।

ऊर्जा मंत्री कंचन विजसेकरा ने ट्वीट कर कहा, मुझे खेद है कि सीपीसी ने मुझे बताया था कि आपूर्तिकताओं ने इसी सप्ताह तक पेट्रोलियम, डीजल पहुंचने की पुष्टि की थी, लेकिन बाद में लाजिस्टिक आदि कारणों का हवाला देते हुए समय पर आपूर्ति पूरा करने में असमर्थता व्यक्त की। मंत्री ने कहा कि अगली खेप पहुंचने तक सार्वजनिक परिवहन, बिजली उत्पादन और उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि अगले सप्ताह तक सीमित फिलिंग स्टेशनों को ईंधन की आपूर्ति होगी।

# आईआरसीटीसी के सस्ते टूर पैकेज से करें एक्सप्लोर

## नेपाल, काठमांडू-पोखरा जैसी कई खूबसूरत जगहों का लें मजा

नई दिल्ली,एजेंसी

भारत से सटे पड़ोसी देश नेपाल में भी कई खूबसूरत जगहें हैं, जिनको आप सस्ते में एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस आपको आईआरसीटीसी का एक सस्ता टूर पैकेज लेना होगा। जी हां, इस टूर पैकेज में आप नेपाल की वादियों का आनन्द ले सकते हैं। इस एयर टूर पैकेज में आपको नेपाल में काठमांडू, पोखरा, पशुपतिनाथ मंदिर, पाटन दरबार स्क्वायर, स्वयंभूनाथ स्तूप और मनकामना मंदिर जैसी कई जगह घूमने का मौका मिलेगा।

**कहां-कहां मिलेगा घूमने का मौका**

यह टूर पैकेज 5 रात और 6 दिन के हिसाब से डिजाइन किया गया है। टूर पैकेज का नाम बेस्ट ऑफ नेपाल है। इसका ओरिजिन पॉइंट दिल्ली है। पहले दिन की यात्रा आपकी दिल्ली से शुरू होती है। टूर पैकेज में आपको आईआरसीटीसी की ओर से फ्लाइट की टिकट दी जाती है, जिससे आप काठमांडू पहुंचते हैं। वहां पर आपके रात रुकने का प्रबंध रहता है। उसके



बाद अगले दिन आपको काठमांडू में घूमने का मौका मिलता है।

तीसरे दिन आप काठमांडू से पोखरा पहुंचते हैं। वहां पर आप पोखरा घूमें और रात में वहीं होटल में रुक सकते हैं। चौथे दिन आपको पोखरा में अर्ली मॉर्निंग हिमालय सनराइज देखने को मिलता है। साथ ही गुप्तेश्वर महादेव का दर्शन करने का मौका मिलेगा। पांचवें दिन आप पोखरा से काठमांडू पहुंच जाते हैं और वहां पर रात भर ठहरने का मौका और काठमांडू एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है। वहीं, छठवें दिन आपकी काठमांडू से दिल्ली वापसी होती है।

**टूर पैकेज में मिलने वाली फैसिलिटी**

इस टूर पैकेज में आपको थ्री स्टार होटल में 5 रात ठहरने की व्यवस्था मिलती है। इसमें आप 3 रात काठमांडू और दो रात पोखरा में बिताएंगे। आपको खाने में पांच ब्रेकफास्ट और पांच डिनर दिया जाएगा। आने-जाने और घूमने के लिए आपको एसी बस मिलती है। इसके अलावा आपको एक प्रोफेशनल गाइड दिया जाता है, जो आपको सभी जगहों को एक्सप्लोर करने में मदद करता है। टूर पैकेज में हवाई यात्रा का किराया, सभी तरह के टैक्स और ट्रैवल इंश्योरेंस भी शामिल है।

# लाल ईंट बनाने पर लगा बेन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रदूषण फैलाने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के चलते पारंपरिक लाल ईंटों का बिजनेस अब ढलान पर है। हाल ही में बिहार सरकार ने लाल ईंट बनाने वाली चिमनियों को अब लाइसेंस नहीं देने का फैसला किया है. इस फैसले से ईंटों के पारंपरिक बिजनेस में व्यापक बदलाव का रास्ता साफ हो गया है। बदलते हालात ने युवाओं के लिए नए बिजनेस के रास्ते भी खोले हैं। फ्लाई ऐश यानी राख से ईंटें बनाने का बिजनेस इनमें से एक है, जो बिहार सरकार के ताजा फैसले से सबसे ज्यादा फलने-फूलने वाला है. यह एक ऐसा बिजनेस है, जिसे छोटे इन्वेस्टमेंट से शुरू किया जा सकता है और कुछ ही सालों में करोड़पति बना जा सकता है।

आज हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे मामूली इन्वेस्टमेंट से इस बिजनेस को शुरू कर मोटी कमाई की जा सकती है. इससे पहले आपको बिहार सरकार के ताजा फैसले की जानकारी दे दें. बिहार सरकार ने मिट्टी की ऊपरी परत को बचाने के लिए लाल ईंट-भट्ठों को अब लाइसेंस नहीं देने का निर्णय पिछले ही महीने लिया है। अब नए लाल ईंट-भट्ठों को लाइसेंस नहीं मिलेगा. पुराने लाल ईंट-भट्ठे पहले की तरह काम कर सकते हैं. इसके अलावा सरकार ने यह भी फैसला किया है कि एनटीपीसी के थर्मल पावर प्लांट के 300 किलोमीटर के दायरे में ईंट बनाने वाले कारोबारियों को सरकार खुद ही फ्लाई ऐश मुहैया कराएगी। बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री नीरज कुमार सिंह ने पिछले महीने एक कार्यक्रम में कहा था कि एनटीपीसी के थर्मल पावर प्लांट के 300 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ईंट निमार्ताओं को मुफ्त में फ्लाई ऐश सरकार मुहैया कराएगी। दरअसल केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ऐसा करना अनिवार्य है. मंत्री ने कहा था कि कई ईंट कारोबारी फ्लाई ऐश नहीं मिल पाने की शिकायत कर रहे हैं. दूसरी ओर एनटीपीसी प्लांट से फ्लाई ऐश की आपूर्ति को लेकर धांधलियों की भी शिकायतें मिल रही हैं। अब राज्य सरकार इस पर लगाम लगाएगी और गाइडलाइन के दायरे में आने वाले कारोबारियों को खुद ही इसकी आपूर्ति करेगी।

# योगी सरकार का कारोबार सुगमता पर जोरः ब्रजेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने आज कहा कि राज्य में निजी क्षेत्र और विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यमःएमएसएमईः क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार का कानून एवं व्यवस्था बेहतर बनाये रखने के साथ साथ कारोबार सुगमता पर जोर रहा है।

श्री पाठक सोमवार को यहां उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन के उदघाटन सत्र में बोल रहे थे। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन देश के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम ने भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के साथ मिलकर किया है। कुटीर और लघ उद्योगों के विकास और उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता को बेहतर बनाने वाले इस सम्मेलन का आयोजन ऐसे समय किया जा रहा है जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

श्री पाठक ने देश विदेश से उद्यमियों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन के उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनउ



में आयोजन करने पर एसोचैम की सराहना की और उद्योग संगठन को राज्य में निवेश बढ़ाने के उसके प्रयासों में हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में निवेशकों के लिये बेहतर माहौल बनाने के लिये सबसे पहले कानून एवं व्यवस्था को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया। इससे पहले उद्यमी उत्तर प्रदेश में निवेश करने से कतराते थे लेकिन स्थिति में सुधार होने के बाद उनका राज्य की तरफ रूझान बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में कुशल श्रमबल उपलब्ध होने के साथ साथ बड़ा बाजार भी उपलब्ध है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने उद्यमियों की सुविधा के लिये एकल खिड़की प्रणाली की शुरूआत की ताकि एक ही स्थान पर उद्यमियों को सभी तरह की मंजूरियां मिल सकें। उन्हें अलग अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। वाणिज्यिक विवादों के त्वरित निपटारे के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले पांच साल में 13 नये वाणिज्यिक न्यायालय खोले हैं।

उन्होंने कहा कि देश के निर्यात क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र का 50 प्रतिशत के करीब योगदान है। वहीं देश के सकल घरेलू उत्पाद में इस क्षेत्र की लगभग 30 प्रतिशत भागीदारी है।

ऐसे में वैश्विक व्यापार में भारत को और अधकि मजबूत स्थिति में पहुंचाने में सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यमोंःएमएसएमईः की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। श्री पाठक ने इस अवसर पर राज्य को डायरिया, निमोनिया जैसी बिमारियों से मुक्त करने के लिये डेटोल डायरिया नेट जीरो अभियान की बटन दबाकर शुरूआत की।

# अगले 30 वर्षों में 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकती है भारतीय अर्थव्यवस्थाः पीयूष गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि आने वाले 30 वर्षों में इसके 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यदि भारत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि के आधार पर हर साल 8 प्रतिशत की दर से विकास करता है, तो अर्थव्यवस्था लगभग नौ वर्षों में दोगुनी हो जाएगी। वर्तमान में देश की अर्थव्यवस्था लगभग 3.2 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की है और आज से 9 वर्षों में यह लगभग 6.5 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर होगी।

पीयूष गोयल ने कहा कि अब से 18 साल बाद हमारी लगभग 13 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी। अब से 27 साल बाद हमारी 26 ट्रिलियन अमेरिकी



डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी। हम सभी उम्मीद कर सकते हैं कि आज से 30 साल बाद भारतीय अर्थव्यवस्था 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी।

उन्होंने कहा कि कुछ निंदा करने वालों ने इन नंबरों पर सवाल उठाए हैं, लेकिन उन्हें टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण उछाल देखने के लिए तिरुपुर जैसी जगहों पर आना चाहिए। गोयल ने यह भी कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध और कोविड-19 महामारी के कारण मौजूदा चुनौतीपूर्ण समय में भी देश की अर्थव्यवस्था स्वस्थ गति से बढ़ रही है। युद्ध ने वैश्विक बाजारों में कुछ वस्तुओं की कमी को जन्म दिया है और इसने वैश्विक रूप से महंगाई को बढ़ा दिया है, लेकिन भारत महंगाई को उचित स्तर पर बनाए रखने में कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश वस्तुओं के लिए हम विकसित देशों की तुलना में कीमतों को बेहतर बनाए रखने में सक्षम हैं।

कपड़ा उद्योग के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में उद्योग का साइज लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है और निर्यात लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये है। क्षमता को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि उद्योग का साइज अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये के निर्यात के साथ 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि तिरुपुर एक ग्लोबल एपरेल हब बन गया है और 37 साल पहले 15 करोड़ रुपये से 30,000 करोड़ रुपये से अधिक के सामान का निर्यात कर रहा है। गोयल ने कहा कि देश में ऐसे 75 टेक्सटाइल सिटीज बनाने की जरूरत है, जिनके पास कपड़ा पोर्टफोलियो है। मंत्री ने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार और निवेश के बड़े अवसर पैदा हो सकते हैं। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। कपड़ा उद्योग में रोजगार के बड़े अवसर हैं। यह सेक्टर 6 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार और 4 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है, इसलिए सामूहिक रूप से 10 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है। पूरे भारत में, लगभग 3.5-4 करोड़ लोग अकेले टेक्सटाइल सेक्टर की कुल वैल्यु चैन में लगे हुए हैं। गोयल ने कहा कि कपड़ा कृषि के बाद काम का दूसरा सबसे बड़ा प्रदाता है।

# दिखने लगा यूक्रेन युद्ध का असर, 104 साल बाद विदेशी कर्ज चुकाने में चूका रूस

नई दिल्ली, एजेंसी

फरवरी महीने से जारी यूक्रेन युद्ध का असर अब रूस की आर्थिक सेहत पर नजर आने लगा है। 1918 के बाद पहली बार रूस अपना विदेशी ऋण नहीं चुका पाया है। इसे पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए सख्त प्रतिबंधों का प्रभाव माना जा रहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी लेनदारों को लंबे समय तक इंतजार कराने के बाद भी रूस इस कर्ज को चुकाने में असफल रहा। रविवार, 27 जून को लगभग 100 मिलियन डॉलर के ब्याज भुगतान की छूट अवधि समाप्त हो गई। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कर्ज, उसकी किस्त या ब्याज की समय सीमा चूक जाने को 'डिफॉल्ट' की घटना माना जाता है।

**गहराता आर्थिक संकटः**

विदेशी ऋण का डिफाल्ट होना रूस की वित्तीय साख में तेजी से होने वाले बदलाव की और संकेत करता है। मार्च की शुरूआत के बाद से रूस के यूरोबॉन्ड ने निचले स्तरों पर कारोबार किया है। युद्ध के चलते केंद्रीय बैंक के विदेशी भंडार फ्रीज कर दिए गए हैं और वहां के बड़े बैंक वैश्विक वित्तीय प्रणाली से अलग हो गए हैं। लेकिन अर्थव्यवस्था



और बाजार को हुए नुकसान को देखते हुए विदेशी ऋण न चुका पाना 'कोढ़ में खाज' के सामान है।

**पैसे की कमी नहींः**

उधर रूस ने खुद को 'लोन डिफॉल्टर' मानाने से इनकार करते हुए कहा है कि उसके पास किसी भी बिल को कवर करने के लिए पर्याप्त पैसा है और उसे भुगतान न करने के लिए मजबूर किया गया है। रूस ने पिछले हफ्ते घोषणा की कि वह अपने 40 बिलियन डॉलर के बकाया संप्रभु ऋण को चुकाने की व्यवस्था रूबल में करेगा। उसने इसे 'एक अप्रत्याशित स्थिति' बताते हुए पश्चिमी देशों की आलोचना की और कहा कि यह सब उन्हीं का किया धरा है। वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने भविष्य की सभी आशंकाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वी यूक्रेन में संघर्ष के बावजूद, ऊर्जा निर्यात से राज्य के खजाने में अभी भी अरबों डॉलर आ रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि देश के पास भुगतान करने के लिए साधन और इच्छाशक्ति है। एक सरकार जिसके पास अपने देनदारियों को चुकाने के पर्याप्त साधन हैं, उसे बाहरी सरकारों द्वारा डिफॉल्ट स्टेटस स्वीकार करने को बाध्य किया जा रहा है।

**क्या करेंगे निवेशकः**

इसमें कोई दो राय नहीं कि यूरोपीय प्रतिबंधों ने रेटिंग एजेंसियों को रूसी संस्थाओं की रेटिंग को कम करने पर मजबूर किया है। जिन देनदारियों की छूट की अवधि रविवार को समाप्त हो गई है, उनके दस्तावेजों के अनुसार, यदि 25 फीसद बकाया बांड के मालिक सहमत हैं तो इसे डिफॉल्ट के रूप में कैटेगराइज किया जा सकता है। अंतिम समय सीमा बीत जाने के बाद अब निवेशक आगे क्या करते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा। बांड दस्तावेजों के अनुसार, भुगतान की तारीख से तीन साल बाद ही सभी दावे शून्य हो जाएंगे।

### ब्लिंकइट से डील के बाद जोमेटो के शेयरों का बुरा हाल

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में ऑनलाइन फूड कारोबार तेजी से बढ़ा है और अब ऑर्डर किए गए खाने के साथ ही अन्य घरेलू सामानों की झटपट डिलीवरी डिमांड बढ़ी है। यही कारण है कि जोमेटो अब इस कारोबार पर अपना फोकस बढ़ा रही है और 4,447 करोड़ रुपये में ब्लिंकइट का अधिग्रहण करने जा रही है। लेकिन इस डील का कंपनी के शेयरों पर बुरा असर दिखाई दे रहा है. बीते दिनों की तेजी के बाद सोमवार को कंपनी के शेयर 6 फीसदी से ज्यादा टूट गए। जोमेटो-ब्लिंकइट डील का ऐलान बीते शुक्रवार को किया गया था। इसके बाद आज जब शेयर बाजार खुला, तो शुरूआती कारोबार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर जोमेटो का शेयर 3.7 फीसदी की बढ़त लेते हुए 73 रुपये पर खुला था। लेकिन कुछ दी देर बाद इसके भाव में गिरावट शुरू हो गई और देखते ही देखते जोमेटो का शेयर धराशायी हो गया. दोपहर 12.30 बजे तक कंपनी के शेयर 6.24 फीसदी तक टूटकर 66.10 रुपये पर आ गए थे। लंबे समय तक गिरावट देखने के बाद हाल ही में इसके शेयरों में सुधार देखने को मिला था।

# क्रिप्टोकरेंसी में, निवेशकों ने कभी ना निवेश करने की खाई कसम

नई दिल्ली, एजेंसी

जेरेमी फोंग यूएस क्रिप्टो लोनदाता कंपनी सेल्सियस में अपनी डिजिटल करेंसी होल्डिंग्स से डबल डिजिट की ब्याज दरों के साथ अच्छी अर्निंग कर रहे थे। सेंट्रल इंग्लिश शहर डर्बी में रहने वाले 29 वर्षीय सिविल एयरोस्पेस में काम करने वाले जेरेमी फोंग ने कहा कि मैं प्रति सप्ताह 100 डॉलर की अच्छी कमाई कर रहा था, उस कमाई से मैं अपने कई खर्च निकाल लेता था। लेकिन, क्रिप्टोकरेंसी में आई गिरावट के बाद उनका पोर्टफोलियो लगभग एक चौथाई हो गया है। न्यू जर्सी स्थित क्रिप्टो लोनदाता ने पिछले हफ्ते अपने 1.7 मिलियन निवेशकों को बाजार की स्थितियों का हवाला देते हुए पैसा निकालने से रोक दिया था। इस साल हुए क्रिप्टो के उतार-चढ़ाव ने निवेशकों को बिकवाली करने के लिए और बढ़ावा दिया है। क्रिप्टोकरेंसी की पेपर वैल्यू कम होने के बाद फोंग की लॉन्ग टर्म क्रिप्टो होल्डिंग्स अब लगभग 30



फीसद से कम हो गई है। निश्चित रूप से यह एक बहुत ही असहज स्थिति है। उन्होंने रायटर को बताया कि मेरा मन सेल्सियस से सारा निवेश निकाल लेने का है। दिसंबर 2020 के बाद पहली बार आई ऐसी गिरावटः सेल्सियस को यह झटका पिछले महीने दो अन्य प्रमुख कारणों के बाद लगा, जब उच्च दर महंगाई और बढ़ती ब्याज दरों के बाद स्टॉक्स और अन्य असेट्स में बिकवाली तेज हो गई। इसका बुरा असर क्रिप्टोकरेंसीज पर भी पड़ा। दिसंबर 2020 के बाद पहली बार 18 जून को बिटकॉइन 20,000 डॉलर से नीचे गिर गया। इस साल बिटकॉइन लगभग 60 फीसद के नीचे है। कुल क्रिप्टो बाजार नवंबर में रिकॉर्ड 3 ट्रिलियन डॉलर से घटकर लगभग 900 बिलियन डॉलर तक गिर गया है, जो एक रिकॉर्ड गिरावट है। इससे क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने वाले लोगों को बड़ा झटका लगा है। इस गिरावट ने दुनिया भर के निवेशकों को एक बड़ा सदमा लगा है। कई निवेशक सेल्सियस कंपनी पर भी नाराज हैं। कई लोग तो ऐसे हैं, जिन्होंने फिर कभी क्रिप्टो में निवेश न करने की कसम खाई है। कुछ लोग फोंग की तरह फ्रीव्हीलिंग सेक्टर की मजबूत निगरानी चाहते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## रोच के 250 विकेट, बांग्लादेश के छह विकेट पर 132 रन

ग्रोस आइलेट। केमार रोच के 250 टेस्ट विकेट पूरे हो गए और इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट में पारी से हार को टालने के लिये जूझ रही बांग्लादेश पर तीसरे दिन शिकंजा भी कस लिया है। बांग्लादेश ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर दूसरी पारी के छह विकेट 132 रन पर गंवा दिये थे। अभी भी वह मेजबान के पहली पारी के स्कोर से 42 रन पीछे है। रोच ने पहले दिन विकेट लिये और दूसरी पारी में 10 ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उनके 73 टेस्ट में अब तक 252 विकेट हो गए हैं। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तामिम इकबाल (चार) उनका 250वां शिकार बने जिन्होंने विकेट के पीछे कैच थमाया। रोच अब वेस्टइंडीज के लिये सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में छठे स्थान पर है। महान तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श 132 मैचों में 519 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। रोच ने सलामी बल्लेबाज महमूदुल्लाह हसन जॉय (13) और अनामुल हक (चार) को भी पवेलियन भेजा नजमुल हुसैन शंटो ने बांग्लादेश के लिये 91 गेंद में 42 रन बनाये और वह अलजारी जोसेफ का शिकार हुए।

## इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेंगे इयोन मॉर्गन?

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा वनडे व टी20 टीम के कप्तान इयोन मॉर्गन जल्द ही संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। ऐसी खबरें कई मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से चल रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि मॉर्गन के बाद व्हाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड की टीम की कमान मोईन अली या फिर जोस बटलर को सौंपी जा सकती है। हालांकि अभी इस पर मॉर्गन की तरफ से कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है। लेकिन हाल ही में नीदरलैंड सीरीज से पहले एक इंटरव्यू में उन्होंने इसके संकेत जरूर दिए थे। इयोन मॉर्गन ने नीदरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले कहा था कि, अगर मुझे नहीं लगता कि मैं काफी अच्छा हूं या मुझे नहीं लगता कि मैं टीम में योगदान दे पा रहा हूं, तो मैं संन्यास ले लूंगा। मॉर्गन की उम्र भी बढ़ती जा रही है और पिछले कुछ समय से उनका व्यक्तिगत प्रदर्शन लगातार शून्य साबित हो रहा है। उन्हें आईपीएल 2022 के लिए भी नहीं खरीदा गया था। जबकि उनकी कप्तानी में 2021 में केकेआर रनर अप बनी थी। उनकी कप्तानी में टीम तो जीत रही है लेकिन वह संघर्ष करते नजर आ रहे हैं।

## युगांडा के 41 साल के खिलाड़ी ने लिया मुश्किल कैच

नई दिल्ली। क्रिकेट के मैदान पर यूं तो हमने नामी क्रिकेटरों द्वारा लिए गए ऐसे-ऐसे कैच देखें हैं जिसे देखकर हम हैरान रह जाते हैं। लेकिन कभी-कभी अनजान क्रिकेटर भी ऐसे कमाल के कैच लपक लेते हैं जिसके बारे में खुद आईसीसी को सोशल मीडिया पर जानकारी देनी पड़ती है। ऐसा ही कुछ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग बी में हुआ है जिसके देखने के बाद आईसीसी ने सोशल मीडिया पर अनोखे कैच का वीडियो शेयर किया। दरअसल रविवार को केन्या के खिलाफ मैच के दौरान युगांडा के फ्रैंक न्सुबुगा ने एक मुश्किल कैच लिया जिसकी अब खूब तारीफ हो रही है। आईसीसी ने कैच के वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'एक बेहतरीन कैच जो आपने इससे पहले कभी नहीं देखी होगी।' दरअसल आईसीसी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में आप देखेंगे कि केन्या के बल्लेबाज कोलिन्स ओबुया ने गेंदबाज के खिलाफ लेग साइड में हवाई शॉट मारता है, इसके बाद लेग साइड पर मौजूद फील्डर न्सुबुगा कैच लेने के लिए उसके पीछे भागते हैं। भागते-भागते युगांडा के 41 साल के खिलाड़ी गेंद को धरती पर गिरने से पहले ही हवा में छलांग लगाकर अपने हाथ में लपक लेते हैं।

# श्रीलंका ने तीसरा टी20 मुकाबले में भारत को 7 विकेट से हराया

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2-1 से अपने नाम की सीरीज

नई दिल्ली, एजेंसी





**बल्लेबाजी**

● श्रीलंका के लिए कप्तान चामरी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 80 रन का योगदान दिया और नाबाद लौटीं

कप्तान चामरी अटापट्टू की 80 रन की अविजित पारी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को 7 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने इस तरह 3 मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 138 रन बनाए। इसके बाद श्रीलंका ने 17 ओवर में 3 विकेट पर 141 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका के लिए कप्तान चामरी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 80 रन का योगदान दिया और नाबाद लौटीं। उन्होंने 48 गेंदों की अपनी पारी में 14 चौके और 1 छक्का जड़ा। उन्होंने राधा यादव की गेंद पर विजयी चौका लगाया और मेजबान टीम को जश्न मनाने का मौका मिला। ऐसा पहली बार हुआ कि श्रीलंकाई महिला टीम ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर भारत को मात दी।

139 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका के 2 विकेट 37 रन तक गिर गए। विशमी गुणारत्ने (5) को रेणुका सिंह ने शिकार बनाया जबकि हर्षिता (13) को राधा यादव ने स्मृति के हाथों कैच करा दिया। अटापट्टू जमी रहीं और उन्होंने नीलाक्षी डि सिल्वा (30) के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। नीलाक्षी ने 28 गेंदों पर 4 चौके जड़े। इससे पहले भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम को शुरूआती झटका पहले ओवर की अंतिम गेंद पर लगा, जब शेफाली वर्मा (5) को सुगंधिका कुमारी ने पवेलियन भेजा। फिर स्मृति मंधाना (22) और एस मेघना (22) ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। हालांकि मंधाना को राणासिंघे और मेघना कको रणवीरा ने लगातार ओवरों में आउट कर भारतीय टीम का स्कोर 3 विकेट पर 51 रन कर दिया। जेमिमा रोड्रिग्ज ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की। रोड्रिग्ज 30 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 33 रन बनाकर कंचना का शिकार बनीं। हरमनप्रीत 39 रन बनाकर नाबाद लौटीं। उन्होंने 33 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्का जड़ा। पूजा वस्त्रकार ने 13 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए सुगंधिका, एमा कंचना, ओ राणासिंघे और रणवीरा को 1-1 विकेट मिला।

# रोहित शर्मा को टी20 की कप्तानी से फारिग किया जा सकता है : सहवाग

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि रोहित शर्मा को टी20 टीम की कप्तानी से आराम दिया जा सकता है ताकि वह अपने कार्यभार का बेहतर प्रबंधन कर सकें। रोहित कप्तान बनने के बाद से चोटों और कार्यभार प्रबंधन के कारण खेल नहीं सके हैं। सहवाग ने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा, यदि भारतीय टीम प्रबंधन के जेहन में टी20 कप्तान के तौर पर किसी और का नाम है तो रोहित को उससे फारिग किया जा सकता है। उन्होंने कहा, इससे वह कार्यभार प्रबंधन और मानसिक थकान से बेहतर ढंग से निपट सकेगा। खासकर उसकी उम्र को देखते हुए।

उन्होंने भारत . इंग्लैंड श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोटर्स द्वारा कराये गए इंटरव्यू में कहा, टी20 में नये कप्तान के होने से रोहित ब्रेक लेकर टेस्ट और वनडे के लिये तरोताजा हो सकेगा। सहवाग ने हालांकि कहा कि अगर टीम प्रबंधन तीनों प्रारूपों में एक ही कप्तान चाहता है तो रोहित सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। उन्होंने कहा, अगर भारतीय टीम प्रबंधन चाहता है कि तीनों प्रारूपों में एक ही कप्तान रहे तो मुझे लगता है कि रोहित शर्मा सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत ने कई संयोजन आजमाये हैं लेकिन सहवाग का कहना है कि बल्लेबाजों में शीर्ष तीन के लिये उनकी पसंद रोहित शर्मा, ईशान किशन और केएल राहुल हैं। इस समय विराट कोहली तीसरे नंबर पर उतरते हैं। सहवाग ने कहा, भारत के पास टी20 में कई आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन मैं शीर्ष तीन क्रम पर रोहित शर्मा, ईशान किशन और केएल राहुल को देखता हूं। रोहित और ईशान का दायां . बायां संयोजन है और टी20 विश्व कप में ईशान और राहुल भी अच्छी जोड़ी होंगे। उन्होंने तेज गेंदबाज उमरान मलिक की तारीफ करते हुए कहा कि वह भी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के साथ भारतीय आक्रमण का हिस्सा होंगे।

# ड्रैग फ्लिक में विकल्प के कारण विश्व कप में भारतीय हॉकी टीम बेहतर स्थिति में: संदीप सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी



ड्रैग फ्लिक की मुश्किल कला के महारथी माने जाने वाले पूर्व कप्तान संदीप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय टीम में पेनल्टी कार्नर के कई विशेषज्ञों के उभरने से आने वाले अहम टूनामेंटों में भारतीय टीम बेहतर स्थिति में है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम में हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार और अमित रोहिदास जैसे बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हैं।

तो वहीं संजय, अरिजीत सिंह हुंदल और सुदीप चिरमाको जैसे जूनियर प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे हैं। संदीप ने कहा, ड्रैग-फ्लिक मुश्किल कौशल है जिसमें में महारत हासिल करने के लिए कई वर्षों के अभ्यास की जरूरत होती है। यह काफी तकनीकी चीज है, जहां आपको शारीरिक ताकत के साथ आपके हाथ तेज चलने चाहिये। उन्होंने कहा, ड्रैग-फ्लिक में विकल्प होने से किसी भी टीम को फायदा होता है और हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास अब टीम में कई पेनल्टी कार्नर विशेषज्ञ हैं। इससे टीम में विविधता आती है। हरमनप्रीत एक विश्व स्तरीय ड्रैग-फ्लिकर है। अपने समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में शामिल संदीप ने कहा कि मनप्रीत की अगुवाई वाली मौजूदा टीम के पास बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) में स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म करने का माद्दा है। कुआलालंपुर (1998) राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी को शामिल करने के बाद से ऑस्ट्रेलिया ने सभी छह स्वर्ण पदक अपने नाम किये है। भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों और 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतना है। संदीप ने इंडियन स्पोर्ट्स फैन अवार्ड 2022 के कार्यक्रम में कहा, भारतीय हॉकी ने काफी विकास किया है। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर टीम ने पुरानी साख को फिर से हासिल किया। उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे पूछे तो मैं मानता हूं कि हम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीत सकते हैं।

# रोहित शर्मा के कवर के तौर पर इंग्लैंड में भारतीय टेस्ट टीम से जुड़ेंगे मयंक

नई दिल्ली, एजेंसी



सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को कप्तान रोहित शर्मा के कवर के तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ एडबस्टन टेस्ट के लिये भारतीय टीम में शामिल किया गया है। कोरोना पॉजिटिव पाये जाने के कारण रोहित का इस टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। लीसेस्टरशर के खिलाफ ड्रॉ रहे अभ्यास मैच में रोहित पहले दिन खेले थे लेकिन उसके बाद से पृथकवास पर है। रैपिड एंटीजेन टेस्ट में उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। मयंक को एक जुलाई से शुरू हो रहे टेस्ट में 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से पहले केएल राहुल के चोटिल होने और अब रोहित के कोरोना संक्रमित होने के कारण उन्हें मौका मिला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, मयंक आज रोहित के कवर के तौर पर रवाना हो रहे हैं और जरूरत पड़ने पर टेस्ट मैच के लिये उपलब्ध रहेंगे। ब्रिटेन के कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार आरटी पीसीआर टेस्ट नेगेटिव आने पर पृथकवास में रहने की जरूरत नहीं है। पांचवां टेस्ट पिछले साल अधूरी रह गई श्रृंखला का निर्णायक टेस्ट भी है। भारतीय खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आने के कारण पांचवां टेस्ट स्थगित कर दिया गया था। भारत श्रृंखला में 2.1 से आगे है। मयंक ने अभी तक 21 टेस्ट में 41 . 33 की औसत से 1488 रन बनाये हैं। उन्होंने आखिरी बार मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेला था।

# खेल से ज्यादा खिलाड़ी का स्वास्थ्य जरूरी : हार्दिक पांड्या

डबलिन, एजेंसी



आयरलैंड के खिलाफ मलहाइड में जब भारत पहले टी20 मैच में 109 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरा, तो रुतुराज गायकवाड़ ने पारी की शुरूआत नहीं की। उनकी जगह ईशान किशन के साथ दीपक हुड्डा क्रीज पर आए, जहां हुड्डा एक शानदार पारी खेलकर टीम को जीत की ओर ले गए। मैच खत्म होने के बाद, कप्तान हार्दिक पांड्या ने खुलासा किया कि गायकवाड़ ने पैर में समस्या होने के कारण पारी की शुरूआत नहीं की। पांड्या ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, गायकवाड़ को पैर में थोड़ी समस्या थी, इस वजह से वे पारी की शुरूआत नहीं कर पाए। भारतीय टीम गायकवाड़ के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती। खिलाड़ी का स्वास्थ्य अधिक महत्वपूर्ण है। हालांकि, निर्णय लेने में ज्यादा समय नहीं लगा क्योंकि हमारे पास मैच की शुरूआत करने के लिए और विकल्प भी मौजूद थे। वरिष्ठ तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने क्रमशः 1/16 और 1/11 के शानदार स्पैल के माध्यम से भारतीय टीम आयरलैंड को 108 रन पर रोकने में कामयाब रही। युवा हैरी टेक्टर ने 33 गेंदों में 64 रनों की शानदार पारी खेली। भुवनेश्वर कुमार ने मैच की अच्छी शुरूआत की। उन्होंने दूसरे ओवर में पहला विकेट झटका। साथ ही हार्दिक ने पॉल स्टर्लिंग को आउट किया, जिससे आयरलैंड पर दबदबा बना।

# खराब मौसम के बीच भारत को अपने युवा सितारों के चमकने की उम्मीद

मालहिडे, एजेंसी



**गेंदबाज**

● तेज गेंदबाज उमरान इस मौके को जरूर भुनाना चाहेंगे

आयरलैंड के खिलाफ आज दूसरे और आखिरी टेस्ट में भारत को उमरान मलिक जैसे अपने युवा खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन और मौसम के साफ रहने की उम्मीद होगी। बारिश के कारण पहला मैच 12 . 12 ओवर का ही कर दिया गया था। कल भी मौसम खराब रहने का अनुमान है जिसका असर इस मैच पर भी पड़ सकता है।

चोट के कारण रूतुराज गायकवाड़ रविवार को बल्लेबाजी नहीं कर सके और उनके पूरी तरह से फिट नहीं होने पर टीम में यही बदलाव होगा। अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में पूरी मजबूत टीम उतारी जानी है लिहाजा आयरलैंड के खिलाफ यह मैच युवा खिलाड़ियों के पास अपनी क्षमता दिखाने का अवसर है। तेज गेंदबाज उमरान इस मौके को जरूर भुनाना चाहेंगे। उनका आकलन रविवार के मैच में महंगे रहे एक ओवर के दम पर करना सही नहीं होगा। वह पारी का छठा ओवर था और हैरी टेक्टर ने उमरान की रफ्तार का पूरा फायदा उठाया। कप्तान हार्दिक पंड्या पहले ही कह चुके हैं कि उमरान पुरानी गेंद से बेहतर गेंदबाजी करता है लिहाजा उसे पावरप्ले के बाद मौका दिया गया। भुवनेश्वर कुमार गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराने के अपने हुनर के कारण आयरलैंड के बल्लेबाजों को परेशान करने में कामयाब रहे। आवेश खान डैथ ओवरों में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे। भारतीय गेंदबाजों को टेक्टर के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा जो टी20 क्रिकेट में बेखौफ बल्लेबाजी के लिये मशहूर हो रहे हैं। एक और शानदार पारी उन्हें आईपीएल का अनुबंध दिला सकती है। हार्दिक ने सात विकेट से पहला मैच जीतने के बाद कहा था, उसके कुछ शॉट्स दर्शनीय थे। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने तो निराश नहीं किया लेकिन उसके गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज लय हासिल करने के लिये जूझते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों ने मनचाही दिशा में चौके छक्के लगाये। आयरलैंड जैसी टीम को भारत जैसी टीम के खिलाफ खेलने का मौका बार बार नहीं मिलता और वे इस मौके को भुनाने की फिराक में जरूर होंगे। हार्दिक और हुड्डा ने पारी की शुरूआत करते हुए आफ स्पिनर एंडी मैकब्रायन की जमकर धुनाई की और अब वह बेहतर होमवर्क के साथ इन बल्लेबाजों के सामने उतरेंगे।

टीमें : भारतः हार्दिक पंड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, हर्षल पटेल, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

आयरलैंडः एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), मार्क अडायर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, स्टीफन डोहेनी, जोश लिटिल, एंड्रयू मैकब्राइन, बैरी मैकार्थी, कॉनर ओल्फर्ट, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, क्रेग यंग। मैच भारतीय समयानुसार रात नौ बजे से शुरू होगा।

# कोहली किसी के दबाव में नहीं : राजकुमार शर्मा

नई दिल्ली, एजेंसी



विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने खुलासा किया है कि बल्लेबाज किसी के दबाव में नहीं है। वह एक शानदार बल्लेबाज हैं, जहां भारत की जीत में योगदान देना उनके लिए महत्वपूर्ण है।

समारोह के दौरान, प्रो स्पोर्टिफाई के संस्थापक और हरियाणा से निर्वाचित सांसद (राज्य सभा) कार्तिकेय शर्मा को हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह, ओलंपिक पदक विजेता कर्णम मल्लेश्वरी, पहलवान योगेश्वर दत्त की उपस्थिति में इंडियन स्पोर्ट्स फैन अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। समारोह में राजकुमार शर्मा भी मौजूद थे। र

ाजकुमार ने एक साक्षात्कार में आईएएनएस को बताया, कोहली बिल्कुल भी दबाव में नहीं है। टीम में योगदान देना और भारत की जीत उनके लिए शतक बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। वह कभी रिकॉर्ड के पीछे नहीं भागते। ब्रिमिंगटन टेस्ट के लिए नामित भारत के कप्तान रोहित शर्मा कोविड-19 से संक्रमित पाए गए थे, जहां वे क्वारंटीन में हैं। साथ ही कोहली को इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित टेस्ट मैच के लिए कप्तान के रूप में नियुक्त करने के बारे में सोशल मीडिया पर बहुत कुछ है। विशेष रूप से, विराट की कप्तानी में भारत पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा था, इससे पहले पांचवां और आखिरी टेस्ट कोविड-19 की बढ़ती लहर के कारण स्थगित कर दिया गया था। कोहली के अधिकांश प्रशंसक दिल्ली में जन्मे क्रिकेटर को इस दौरे पर एकमात्र टेस्ट के लिए टीम का नेतृत्व करते हुए देखना चाहते हैं। हालांकि, राजकुमार शर्मा ऐसा होता नहीं देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, उन्हें बर्खास्त या हटाया नहीं गया था, उन्होंने खुद कप्तानी छोड़ दी थी।

इसलिए, मुझे नहीं लगता कि वे फिर से नेतृत्व करेंगे। मुझे यकीन नहीं है कि चयनकर्ता या बीसीसीआई क्या फैसला करेगा? विराट एक टीम-मैन है और चाहते हैं कि भारत अच्छा करे और वे टीम में अपना योगदान दें, जहां मुझे लगता है कि कोहली बहुत अच्छा कर रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित टेस्ट एक जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा।

# ठंड में गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल : युजवेंद्र चहल

डबलिन, एजेंसी

भारत और आयरलैंड के बीच मैलहाइड में खेला जाने वाला टी20 का पहला मैच भारी बारिश और फील्ड गीला होने के कारण दो घंटे की देरी से शुरू हुआ। ऐसी स्थिति में पिच तेज गेंदबाजों के लायक थी लेकिन इसके बावजूद लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शानदार गेंदबाजी के दम पर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। चहल ने अपने तीन ओवरों में 3.66 की इकॉनमी रेट से सिर्फ 11 रन दिए और लोर्कन टकर का विकेट झटक लिया और 12 ओवरों के मैच में भारतीय टीम ने सात विकेट से जीत सुनिश्चित की। मैच के बाद चहल ने कहा, मौसम के हिसाब से मुझे यहां गेंदबाजी करने में थोड़ी समस्या हुई, लेकिन मैंने मौसम के हिसाब से यहां ढलने की कोशिश की, जिससे मुझे गेंदबाजी में फायदा मिला। मैंने एक उंगली से स्पिन कराने की कोशिश की। मैन ऑफ द मैच चुने गए चहल ने टीम के कप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को अपने तरीके से गेंदबाजी कराने की आजादी देने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, हार्दिक ने मुझसे कहा कि आप अपने हिसाब से गेंदबाजी कीजिए। यहां काफी ठंड है। सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, जिन्होंने आयरलैंड के कप्तान एंड्रयू बालबर्नी को क्लीन बोल्ड किया। पिच भुवनेश्वर कुमार की गेंदबाजी शैली के अनुकूल थी, जिसे देखकर चहल काफी खुश थे।

# खिलाड़ियों का चयन सिर्फ स्कोर की तुलना करना जितना सामान्य नहीं: दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



**अदालत ने कहा**

● चयन प्रक्रिया को लेकर दायर होने वाले मामलों से खिलाड़ियों की तैयारी और प्रदर्शन बाधित और प्रभावित हो सकता है

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए खिलाड़ियों का चयन कई कारकों पर निर्भर करता है और यह व्यक्तिगत प्रदर्शन के स्कोर की तुलना करना जितना सामान्य नहीं है। अदालत ने कहा कि चयन प्रक्रिया को लेकर दायर होने वाले मामलों से खिलाड़ियों की तैयारी और प्रदर्शन बाधित और प्रभावित हो सकता है। देश की राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में जगह नहीं मिलने के खिलाफ टेबल टेनिस खिलाड़ियों मानुष शाह और स्वस्तिका घोष की याचिका खारिज कर अदालत ने जोर देते हुए कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करने और भाग लेने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक खिलाड़ी के पास शारीरिक और साथ ही मानसिक और भावनात्मक मजबूती और चपलता होनी चाहिए और इस प्रकार यह महत्वपूर्ण है कि उनके दिमाग में कोई अनिश्चितता नहीं होनी चाहिए। याचिकाकताओं ने आग्रह किया था कि राष्ट्रमंडल खेल 2022 के लिए टेबल टेनिस टीम के लिए चार चयनित खिलाड़ियों की सूची में उनके नाम शामिल करने का भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) को निर्देश दिया जाए। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में संबंधित अधिकारियों ने पूरे मामले पर गौर किया और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने के लिए भेजे जाने वाले नामों को अंतिम रूप दिया और वे प्रशासकों की समिति (सीओए) और चयन समिति के नजरिए पर अपने विचार को नहीं थोप सकते और सुपर चयनकर्ता नहीं बन सकते।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने पिछले सप्ताह पारित आदेश में कहा, एक राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने और अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग लेने, प्रदर्शन करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक खिलाड़ी के पास न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती और चपलता होनी चाहिए। इस प्रकार यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ियों के मन में कोई अनिश्चितता नहीं होनी चाहिए।

# श्रीलंका क्रिकेट दिवंगत शेन वार्न को देगा श्रद्धांजलि

गॉल, एजेंसी

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) दिवंगत स्पिन जादूगर शेन वार्न को श्रद्धांजलि देगा, जब टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में (29 जून को) गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में शिरकत करेगी। वार्न का 52 साल की उम्र में इस साल 4 मार्च को थाइलैंड में छुट्टियां बिताने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। एसएलसी वार्न को श्रीलंका के एक सच्चे दोस्त के रूप में मान्यता दे सकता है, जो 2004 की सुनामी तबाही के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में उड़ान भरकर और विशेष रूप से बेघर क्रिकेटरों के परिवारों को मदद की थी। एसएलसी की वेबसाइट पर सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा गया, उन्होंने आवाज उठाई कि वह प्रभावित श्रीलंकाई लोगों के कल्याण के बारे में चिंतित हैं और गॉल स्टेडियम की तबाही से बहुत दुखी हैं। गॉल वह स्थान था, जहां ऑस्ट्रेलियाई महान खिलाड़ी टेस्ट इतिहास में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। एसएलसी ने कहा कि यह 29 जून वार्न की यादों को ताजा करेगा, जो संकट के समय में मैदान से बाहर अपने विरोधियों के लिए एक सच्चे दोस्त रहे थे। एसएलसी ने देश के पर्यटन और खेल मंत्रालयों के साथ कथित तौर पर वार्न के परिवार के सदस्यों को शुरूआती टेस्ट के लिए आमंत्रित किया है और हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने भाग लेने के लिए अपनी सहमति दे दी है। दोनों टेस्ट गॉल में खेले जाएंगे, 29 जून से 3 जुलाई और 8 से 12 जुलाई।

## संक्षिप्त खबरें

### जापान के ओकिनावा में घट रही लोगों की उम्र

टोक्यो। ओकिनावा...यानी जापान का सबसे दक्षिणी प्रांत। इसकी पहचान यह है कि यहां के लोग दुनिया में सबसे ज्यादा जीते हैं। हालांकि, अब आधुनिक जीवनशैली ने यहां के लोगों को जकड़ लिया है और उनकी उम्र गिर रही है। बीते दशकों में यहां पुरुषों की औसत उम्र 84 और महिलाओं की 90 साल थी। प्रति लाख आबादी पर 68 शतायु थे, जो अमेरिका की तुलना में तीन गुना अधिक थे। लेकिन, अब जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक ओकिनावा में पुरुषों की औसत उम्र 80.27 और महिलाओं की 87.44 रह गई है। इस ट्रेंड पर नाहा स्थित ओकिनावा रिसर्च सेंटर फॉर लॉन्जिविटी साइंसेज के फाउंडर 89 वर्षीय माकोटो सुजुकी कहते हैं युवा पीढ़ी ने पुरखों के पदचिह्नों पर चलना छोड़ दिया है। वे दूसरे समाजों, खासकर अमेरिकी जीवनशैली से प्रभावित हो रहे हैं। इसकी वजह यह है कि 1945 में दूसरे विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण के बाद से ओकिनावा अमेरिकी सैन्य ठिकाना बना हुआ है और उनके फास्ट फूड और टीवी के कल्चर को यहां के लोगों ने अपना लिया है।

### ऐसी पेंटिंग, जिसके बाद परिवार में मरने लगे लोग

नई दिल्ली। क्या आप कभी सोच सकते हैं कि कोई पेंटिंग कई हादसों की जिम्मेदार बन सकती है और घर में पेंटिंग लगाने से आपका भाग्य दुर्भाग्य में बदल सकता है। तो जवाब है हां.. सोशल मीडिया पर द क्राइंग ब्वॉय नाम की एक पेंटिंग वायरल हो रही है। इसको लेकर कहा जा रहा है कि जहां यह पेंटिंग लगाई जाती है उस परिवार में किसी की मौत हो जाती है या उसका सब कुछ बर्बाद हो जाता है। इस पेंटिंग को बनाने वाला कोई मामूली आर्टिस्ट नहीं बल्कि इटली के मशहूर चित्रकार जियोवनी ब्रागोलिन ने 1985 में पेंटिंग बनाई थी। जियोवनी ब्रागोलिन ने 1985 में एक रोते हुए बच्चे की तस्वीर बनाई थी। पेंटिंग इतनी मशहूर हो गई कि पेंटिंग की 50 हजार कॉपियां बनाई गईं। समय के साथ ब्रागोलिन को इस पेंटिंग ने बेहद मशहूर किया, लेकिन उन्हें शोहरत दिलाने के बाद इसी पेंटिंग से बदनामी भी मिली।

### हिमाचल के चंबा में चलती बस पर पत्थर गिरा

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के चंबा-पांगी मार्ग पर रविवार को बस पर पत्थर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हो गए। घायलों को तीसा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस (HP-422092) पांगी के किलाड़ से चंबा की ओर आ रही थी। इसी दौरान अचानक एक बड़ा पत्थर बस पर गिरा। इससे बस को काफी नुकसान हुआ। सूचना मिलने के बाद तीसा पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

### जम्मू कश्मीर के डोडा में एक आतंकी गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में रविवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकी के छिपे होने के इनपुट मिले थे। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। ऑपरेशन में डोडा शहर के बाहरी इलाके से आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आतंकवादी के पास से हथियार भी बरामद किए हैं।

# रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच पाक का ऊर्जा संकट और गहराएगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद के प्रभावों के कारण, पाकिस्तान का ऊर्जा संकट और खराब होने वाला है। यह संकट तब आया है जब वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि ने पाकिस्तान की बिजली ईंधन लागत को 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ा दिया है। पिछले हफ्ते, राज्य के स्वामित्व वाली एलएनजी लिमिटेड ने जुलाई शिपमेंट के लिए एलएनजी के चार कार्गो के लिए एक निविदा के खिलाफ प्राप्त एक महंगे प्रस्ताव को रद कर दिया। डॉन ने कहा, पाकिस्तान का ऊर्जा संकट अगले कई हफ्तों में और खराब होने वाला है क्योंकि वह एक किफायती दर पर एलएनजी की खरीद के लिए संघर्ष कर रहा है।

पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक ने पिछले हफ्ते कहा था कि एलएनजी स्लॉट के लिए बोली लगाने वाले को खोजने में देश की विफलता ने अधिकारियों को बिजली उत्पादन के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों में स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया है, जिसके परिणाम आने में एक महीने का समय लगेगा। डॉन ने मुसादिक मलिक के हवाले से कहा, हालत यह है कि हमने तीन-चार टेंडरों के दो दौर के टेंडर निकाले हैं, लेकिन किसी ने उनका जवाब नहीं दिया। चूंकि यूक्रेन के साथ युद्ध के कारण रूस से आपूर्ति निलंबित है, यूरोपीय देश भी हर जगह से गैस खरीद रहे हैं। नतीजतन, एलएनजी, जिसकी कीमत ढाई साल पहले 4 अमरीकी डालर थी, लेकिन युद्ध के कारण अब लगभग 40 डॉलर में उपलब्ध है।

**वृद्धि**

- सरकार बना रही बिजली दरों में वृद्धि की योजना

सरकार बना रही बिजली दरों में वृद्धि की योजना डॉन ने बताया कि महंगे ईंधन आयात के कारण होने वाले कुछ नुकसान की भरपाई के लिए सरकार जुलाई से बिजली दरों में 47 प्रतिशत की वृद्धि करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली की मांग को पूरा करने के लिए अप्रैल में वर्तमान सरकार द्वारा महंगी स्पॉट खरीद के कारण कतर के साथ सस्ते दीर्घकालिक अनुबंधों से आने वाले अधिकांश कार्गो के बावजूद, पाकिस्तान में एलएनजी की कीमतें हाल के महीनों में पहले ही काफी बढ़ गई हैं।

इस महीने की शुरूआत में, राज्य द्वारा संचालित एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल) ने चार कार्गो के लिए एक निविदा जारी की थी - पहले और दूसरे सप्ताह में एक-एक, और जुलाई के अंतिम सप्ताह में दो। लेकिन 2-3 जुलाई, 8-9 और 25-26 डिलीवरी विंडो के लिए कोई बोलीदाता आगे नहीं आया। विशेष रूप से, जुलाई के पहले सप्ताह में एलएनजी कार्गो रखने का यह तीसरा निरर्थक प्रयास था। पहले की दो निविदाओं ने केवल दो और एक बोलीदाता को आकर्षित किया लेकिन कोई भी तकनीकी रूप से उत्तरदायी नहीं था।

# नए वॉरशिप पर चीन का बड़बोलापन

## कहाः फुजियान जैसा एयरक्राफ्ट कैरियर दुनिया में नहीं

**चीन, एजेंसी**



चीन की नेवी जल्द ही अपने तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान को नौसेना के बेड़े में शामिल करने जा रही है। चीन का दावा है कि यह एयरक्राफ्ट कैरियर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम से लैस है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को समुद्र में अमेरिकी वर्चस्व के लिए चुनौती माना जा रहा है। हालांकि, यह बात किसी से ढकी-छुपी नहीं है कि चीन अपनी सैन्य ताकत का अक्सर बढ़ा-चढ़ा कर बखान करता है। ऐसे में चीन का फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर को लेकर जो दावा भी शक के घेरे में है।

फुजियान एयरक्राफ्ट स्टीम एनर्जी (भाप की शक्ति) से संचालित होता है। जबकि, एटॉमिक एनर्जी से चलने वाला अमेरिकन नेवी का सुपरकैरियर गेराल्ड फोर्ड आज तक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम (EMALS) लैस नहीं हो पाया है।

फुजियान को लेकर दावा है कि यह कैरियर इंडो-पैसिफिक में अमेरिका सैन्य शक्ति का जवाब है। हालांकि, भारतीय नौसेना के एडमिरल इस कैरियर की क्षमता पर बुनियादी सवाल उठा रहे हैं। भारतीय नेवी के वॉर प्लानर्स यह जानना चाहते हैं कि चीन भाप की शक्ति पर एटअछर कैसे ऑपरेट करेगा। जबकि, इससे बहुत बेहतरीन वर गेराल्ड फोर्ड अभी तक इस सिस्टम को लेकर संघर्ष कर रहा है। क्या है इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट-असिस्टेड लॉन्च सिस्टम?

किसी भी एयरक्राफ्ट कैरियर से फाइटर प्लेन को लॉन्च करने के लिए एक खास तरह के सिस्टम की जरूरत होती है। क्योंकि, एयरक्राफ्ट कैरियर का रनवे जमीन में मौजूद रनवे से छोटा होता है। इसलिए एयरक्राफ्ट कैरियर पर प्लेन की लैंडिंग और लॉन्च के लिए एक खास तरह के सिस्टम का इस्तेमाल किया जाता है, जिसे CATOBAR सिस्टम कहा जाता है।

इस सिस्टम का काम किसी भी एयरफ्राफ्ट कैरियर से फाइटर प्लेन को लॉन्च और रिकवर करना होता है। यह सिस्टम दो तरह के होते हैं। पहला स्टीम कैटापल्ट जो आज के ज्यादातर कैरियर में यूज होता है। दूसरा इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम (EMALS) होता है। इस सिस्टम कई मामलों में स्टीम कैटापल्ट से कई मामलों में उन्नत होता है। स्टीम कैटापल्ट से सिर्फ हैवी फाइटर प्लेन को लॉन्च किया जा सकता है, जबकि एटअछर से हैवी के साथ-साथ लाइट फाइटर प्लेन को लॉन्च किया जा सकता है। EMALS कैटापल्ट सिस्टम की एनर्जी स्टीम कैटापल्ट के मुकाबले 29% ज्यादा होता है, जिससे प्लेन को लॉन्चिंग में लीनियर एक्सीलरेशनल कर्व हासिल होता है। EMALS कैटापल्ट सिस्टम में कन्वेंशनल स्टीम सिस्टम के मुकाबले रखरखाव की काफी कम जरूरत होती है। EMALS सिस्टम की मदद से टॉप साइड वेट को कम किया जा सकता है। साथ ही यह एयरक्राफ्ट कैरियर की मैन्ड और अनमैन्ड, दोनों तरह की लॉन्च एबिलिटी को बढ़ा देता है।

इसका रनवे का रैंप 12 डिग्री के एलीवेशन पर होता है, जिससे विमान को टेकऑफ लेने के लिए लंबा रनवे नहीं चाहिए होता।

# नेपाल की काठमांडू घाटी में पानी पुरी बैन

## 12 लोगों के हैजा संक्रमित होने के बाद लिया फैसला

**काठमांडू, एजेंसी**



नेपाल की काठमांडू घाटी के ललितपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी में पानी पुरी बेचने पर रोक लगा दी गई है। घाटी में हैजा के 12 मामले सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया है। दरअसल, पानी पुरी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पानी में बैक्टीरिया मिलने से लोकल एडमिनिस्ट्रेशन को यह कदम उठाना पड़ा।

सिटी पुलिस के हेड सीताराम हचेथु ने बताया कि घाटी में हैजा फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए भीड़ भाड़ वाले इलाकों में पानी पुरी की बिक्री रोकने की तैयारी कर ली गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, हाल ही में 7 नए मरीज मिलने के बाद घाटी में हैजा मरीजों की संख्या 12 पहुंच गई है।

**हैजा लक्षण नजर आएं तो तुरंत हॉस्पिटल पहुंचें:**

संक्रमितों का इलाज में सुकरराज ट्रॉपिकल एंड इंफेक्शियस डिजीज हॉस्पिटल में चल रहा है। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि अगर वे हैजा के किसी भी लक्षण का अनुभव करते हैं तो तुरंत अपने नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचें।

**खतरा**

- सिटी पुलिस के हेड सीताराम हचेथु ने बताया कि घाटी में हैजा फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए भीड़ भाड़ वाले इलाकों में पानी पुरी की बिक्री रोकने की तैयारी कर ली गई है।

**दूषित भोजन और पानी से फैसला है हैजा:**

हैजा फैलने का मुख्य कारण दूषित भोजन और पानी है। यह गंदे हाथों और नाखूनों के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी हो सकता है। इस वजह से गंभीर दस्त की समस्या होती है, जिससे डीहाइड्रेशन की स्थिति पैदा हो जाती है और समय पर इलाज न हो तो कुछ ही घंटों में मौत भी हो सकती है।

### चारधाम यात्रा में अब तक 203 तीर्थयात्रियों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में 3 मई से शुरू हुई तीर्थयात्रा के बाद से अब तक 203 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। ये मौतें कार्डियक अरेस्ट और अन्य बीमारियों के कारण हुई है। इसकी जानकारी उत्तराखंड इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर ने दी है। इन 203 यात्रियों में केदारनाथ यात्रा में 97, बद्रीनाथ धाम में 51, गंगोत्री में 13 और यमुनोत्री में 42 तीर्थयात्री शामिल हैं। 25 लाख से ज्यादा लोग कर चुके यात्रा इस साल केदारनाथ यात्रा सहित चार धाम यात्रा 3 मई से शुरू की गई है, जहां अब तक 25 लाख से ज्यादा लोग यात्रा कर चुके हैं। हालांकि, पिछले एक हफ्ते में यात्रियों की संख्या में कम हुई है। राज्य सरकार ने पहले ही किया था अलर्ट जारी चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की भीड़ को देखते हुए पहले ही राज्य सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया था। साथ ही हिमालय के मंदिरों की यात्रा करने से पहले स्वास्थ्य की जांच कराने के आदेश भी दिए थे। VIP एंट्री पर लगी थी रोक यात्रा शुरू होने के बाद से ही दर्शन के लिए श्रद्धालु भारी मात्रा में पहुंच रहे थे।

# अग्निपथ के खिलाफ देशभर में कांग्रेस का प्रदर्शन

## लखनऊ में पदयात्रा, रायपुर में सुंदरकांड का पाठ किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ स्कीम के खिलाफ देश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और जिला-शहर अध्यक्षों के नेतृत्व में सत्याग्रह चल रहा है। अग्नि पथ योजना के फैसले को वापस लेने की मांग की जा रही है। पार्टी पदाधिकारी फैसले को वापस लेने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंप रहे है। साथ ही, धरना प्रदर्शन भी चल रहा है। प्रदर्शन उग्र न हो, इसे लेकर प्रशासन की और से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में जोरदार प्रदर्शन हो रहा है। यूपी के लखनऊ, अयोध्या-वाराणसी समेत कई जिलों में धरना प्रदर्शन चल रहा है तो वहीं, बिहार के पटना में कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए।

**बिहार में कन्हैया कुमार का विरोध:** पटना में अग्निपथ योजना पर सत्याग्रह कर रहे कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को विरोध का सामना करना पड़ा। युवाओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी और देशद्रोही बताया। इस पर कांग्रेस कार्यकताओं और नारेबाजी कर रहे युवाओं के बीच मारपीट भी हुई। वहीं, बिहार में हो रहे विरोध प्रदर्शन को भाजपा के मंत्री ने साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि यूपी में हुए लोकसभा के उपचुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें जीती हैं। इससे यह पता चलता है कि लोग अग्निपथ योजना के पक्ष में हैं।

छत्तीसगढ़ के रायपुर में भी प्रदर्शन

रक्षा सेनाओं में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस सड़क पर है। रायपुर में सोमवार को कांग्रेस नेताओं-कार्यकताओं ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह किया। रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक विकास उपाध्याय की अगुवाई में पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी गेट के पास स्थित हनुमान मंदिर के सामने प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस नेताओं ने सुंदरकांड का पाठ कर केंद्र सरकार की सद्बुद्धि की प्रार्थना की। इसके अलावा प्रदेश के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में भी सत्याग्रह किया गया है।

**बिना विचार-विमर्श के थोपी गई योजना:** सत्याग्रह को लेकर कांग्रेस का कहना है कि बिना विचार-विमर्श के थोपी गई इस योजना के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर हर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को दोपहर एक बजे तक शांतिपूर्ण सत्याग्रह होगा। दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में कहा कि कांग्रेस युवाओं के साथ खड़ी है और इस फैसले को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

**योजना की घोषणा के बाद हुए प्रदर्शन:** 14 जून को अग्निपथ योजना की घोषणा के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस योजना के तहत साढ़े 17 से 21 साल के युवाओं को चार साल के अनुबंध के आधार पर सेना में भर्ती किए जाने का प्रावधान है। चार साल की सेवा पूरी करने के बाद उनमें से 25 परसेंट को नियमित सेवा के लिए चुना जाएगा। साल 2022 के लिए आवेदकों की ऊपरी आयु सीमा बढ़ाकर 23 वर्ष कर दी गई है।

# कैमरून में अलगाववादियों का आतंक, लोगों को उतारा मौत के घाट



**याओंदे, एजेंसी**

कैमरून के दक्षिण-पश्चिम इलाके के अकवाया में एक बार फिर कई लोगों पर हमला हुआ है। अलगाववादियों ने एक साथ कई लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि शनिवार को हुए इस हमले में कम से कम 26 लोगों की ग्रामीणों की मौत हो गई है। अलगाववादी विद्रोहों ने जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहे अंतर-जातीय संघर्षों को और हवा दी है। जिला चिकित्सा अधिकारी, एनो डेनियल केवोंग ने कहा कि अब तक 26 शवों को बरामद कर लिया गया है। मृतकों की संख्या अभी अभी और बढ़ सकती है।

उन्होंने बताया कि कई लोग अभी भी नाइजीरिया के साथ सीमा के पास बलिन गांव पर हमले के बाद से लापता हैं। बता दें कि बीते महीने भी इस तरह का हमला हो चुका है। अशांत एंग्लोफोन इलाके में अलगाववादी बंदूकधारियों के हमले में 24 नागरिक मारे गए थे। इस हमले में 60 लोग घायल भी हुए थे।

### इंडो-पैसिफिक और रूस-यूक्रेन युद्ध पर रहेगा फोकस

**नई दिल्ली।** जर्मनी के श्लॉस एल्माऊ पैलेस में G-7 समिट के लिए सदस्य देशों के नेता पहुंच चुके हैं। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसमें शामिल हो रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन में क्लाइमेट, एनर्जी, हेल्थ और फूड सिक्योरिटी एंड जेंडर इक्वालिटी पर फोकस होगा। इसके अलावा यूक्रेन-रूस जंग, हिन्द-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर भारत के स्टैंड पर भी चर्चा होगी। ससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जर्मनी के म्यूनिख पहुंचे थे। वहां उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित किया था। मोदी ने कहा था- आज 26 जून है जो डेमोक्रेसी के लिहाज से अहम है। आज से 47 साल पहले इसी समय उस डेमोक्रेसी को बंधक बनाने उसे कुचलने का प्रयास किया गया था। इसी दिन डेमोक्रेसी पर इमरजेंसी लगाई गई थी। इसके बाद लोकतंत्र की जीत हुई।

# जी7-राष्ट्रों ने की रूस के खिलाफ और प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा

**एल्माऊ, एजेंसी**



जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन सभी नेताओं ने यूक्रेन-रूस युद्ध पर बातचीत की। इसके साथ ही सम्मेलन में सभी नेताओं ने सयुंक्त रूप से बेलारूस को रूसी परमाणु मिसाइल ट्रांसफर करने को गंभीर चिंता बताई। वहीं इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्रैगी ने सोमवार को कहा-जी-7 देश यूक्रेन के साथ एकजुट हैं क्योंकि रूस के खिलाफ युद्ध में हार सभी लोकतंत्रों के लिए हार होगी। पीएम ड्रैगी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ एक सत्र के दौरान नेताओं से कहा, हम यूक्रेन के साथ एकजुट हैं, क्योंकि अगर यूक्रेन हारता है, तो सभी लोकतंत्र हार जाते हैं। अगर यूक्रेन हारता है, तो यह तर्क देना कठिन होगा कि लोकतंत्र सरकार का एक प्रभावी माडल है। जी 7 नेताओं के समूह ने सोमवार को कहाः वे सभी विनाशकारी युद्ध के बीच रूस के खिलाफ व्यक्तिगत प्रतिबंध लगाना जारी रखना चाहते हैं। अकारण और अनुचित युद्ध की निंदा करते हुए, नेताओं ने यूक्रेन को 29.5 बिलियन अमरीकी डालर के समर्थन का वादा किया है। संयुक्त बयान नेताओं ने कहा-हम रूस द्वारा और बेलारूस द्वारा सहायता प्राप्त यूक्रेन के खिलाफ क्रूर, अकारण, अन्यायपूर्ण और अवैध आक्रमण के क्रूर, अकारण, अन्यायपूर्ण और अवैध युद्ध की निंदा करते हैं और इसकी निंदा करते हैं। हम इसे मान्यता नहीं देंगे। इस विनाशकारी युद्ध ने यूरोप से कहीं अधिक नाटकीय परिणाम उत्पन्न हुए हैं। उन्होंने कहा हम जब तक आवश्यक हो, समन्वित प्रतिबंधों के अपने लक्षित उपयोग को जारी रखेंगे, हर स्तर पर एकजुट होकर काम करेंगे।

प्रतिबंधों का हमारा उपयोग नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के बचाव में है, जिसका रूस ने इतना गंभीर उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेंगे।

# विपक्ष की मैं चौथी पसंद हूं, अगर दसवीं होता तो भी इसे स्वीकार करता: यशवंत सिन्हा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने नामांकन दाखिल कर दिया है। उनके साथ विपक्ष के प्रमुख नेताओं में राहुल गांधी और शरद पवार साथ रहे। नामांकन के बाद यशवंत सिन्हा ने विपक्षी दलों को उन्हें उम्मीदवार बनाने के लिए धन्यवाद दिया। नामांकन के दौरान राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, शरद पवार, अखिलेश यादव, सीताराम येचुरी और फारुख अब्दुल्ला समेत विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे। 24 जून को NDA की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के नामांकन के समय सत्ता पक्ष के दिग्गजों का भी जमावड़ा लगा था। यशवंत बोले- चौथी पसंद हूं, दसवीं होता फिर भी स्वीकार करता मीडिया से बात करते हुए यशवंत सिन्हा ने कहा, मुझे बताया गया कि मैं विपक्षी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए चौथी पसंद हूं। अगर मैं दसवीं पसंद भी होता तो इसे स्वीकार करता, क्योंकि ये विचारों की लड़ाई है और मैं इसमें अपना योगदान देना चाहता हूं। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की योग्यता पर यशवंत सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपति का काम है सरकार को सलाह देना इसलिए ये जरूरी है कि राष्ट्रपति वो बने जो सलाह दे सके। अगर कोई ऐसा व्यक्ति राष्ट्रपति बनता है जिसकी सरकार को सलाह देने की हिम्मत ही न पड़े तो वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पाएगा। वह केवल एक रबर स्टैम्प बनकर रह जाएगा। ऐसा पहले भी देखा गया है। उधर, 17 विपक्षी दलों के साथ ही यशवंत सिन्हा को तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने भी समर्थन देने की बात कह दी है। सिन्हा का मानना है कि उन्हें अभी और अदृश्य ताकतों का समर्थन मिलेगा। यशवंत सिन्हा का द्रौपदी मुर्मू से मुकाबलाः यशंवत सिन्हा का मुकाबला आदिवासी समुदाय की द्रौपदी मुर्मू से है। रविवार को सिन्हा ने एक इंटरव्यू के दौरान विपक्ष के इस दांव को लेकर कहा था कि एक व्यक्ति को ऊपर उठाने से पूरे समुदाय का उत्थान नहीं होता। राष्ट्रपति भवन में अगर एक और रबडर स्टांप आ जाए, तो यह विनाशकारी होगा। उन्होंने वादा किया था कि यदि वह चुनाव जीते तो किसानों, कामगारों, बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और हाशिये पर पड़े समाज के सभी वर्गों की आवाज को उठाएंगे। 18 को वोटिंग, 21 जुलाई को काउंटिंगः राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 18 जुलाई को होगा, जबकि 21 जुलाई को काउंटिंग होगी। समीकरण की बात करें तो विपक्षी दलों के गठबंधन वढअ के पास संख्या बल कम है। ठऊअ के पास कुल मिलाकर 5.26 लाख वोट हैं, जो कुल वोटों का लगभग 49 परसेंट है।

" Nritya Shala "

Honoured and privileged to have featured as the first Classical Dance artiste in an amazing series #nrityashala Odissi Dance Classes by

Ms.Vani Madhav

only on @ddbharati1 @prasarbharati will be telecasted on

02 May 2022 at 1.30PM , Repeat telecast at 09.30 PM. & 1.30 A.M every day from Monday to Friday.






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129